1.11 वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Questions)

1. निम्नलिखित में से कौन स्मृति का प्रकार नहीं है।
    a) संवेदी स्मृति (Sensory Memory)
    b) अल्पकालिक स्मृति (Short- term Memory)
    c) अस्पष्ट स्मृति (Implicit Memory)
    d) दीर्घकालिक स्मृति (Long- term Memory)
2. निम्नलिखित में से कौन व्यक्तिगत भिन्नता का कारक नहीं है।
    a) जैविक कारक
    b) मनोवैज्ञानिक कारक
    c) सामाजिक कारक
    d) भौतिक कारक

Answer: 1. C, 2. D

1.12 निबंधात्मक प्रश्न (Essay type Questions)

1. व्यक्तिगत भिन्नता से आप क्या समझते है ? व्यक्तिगत भिन्नता में प्रकृति बनाम पोषण पर एक लेख लिखिये।
2. व्यक्तिगत भिन्नता पर प्रकाश डालते हुए इसको प्रभावित करने वाले कारकों को उदाहरण सहित समझाइये।
3. व्यक्तिगत भिन्नता में बुद्धि एवं अभिक्षमता को उदाहरण सहित समझाइये।
4. व्यक्तिगत भिन्नता में स्मृति एवं सीखना को उदाहरण सहित समझाइये।

1.13 सन्दर्भ ग्रन्थ (References)

- Individual Differences and Personality by Colin Cooper
- The Wiley-Blackwell Handbook of Individual Differences
- The SAGE Handbook of Personality and Individual Differences
- file:///C:/Users/HP/Desktop/Guidance%20and%20Counselling/Individual%20Differences%20

- https://nios.ac.in/media/documents/secpsycour/English/Chapter-3.pdf
- https://kccollege.ac.in/uploads/6ec5994a53934c3cbaa5ee77767014bdIndividual%20Differences.pdf

इकाई 2.व्यक्तित्व: स्वरुप, निर्धारक और विकास

(Personality: Nature, determinants and development)

इकाई संरचना

2.1 प्रस्तावना

2.2 उद्देश्य

2.3 व्यक्तित्व का स्वरूप

2.4 व्यक्तित्व की परिभाषाएं

2.5 व्यक्तित्व के निर्धारकप्रभावक/

2.5.1 व्यक्तित्व के जैविक निर्धारक

2.5. 2 व्यक्तित्व के सामाजिकवातावरणीय निर्धारक/

2.5. 3 सांस्कृतिक निर्धारक

2.6 व्यक्तित्व विकास का संप्रत्यय

2.7 व्यक्तित्व विकास के अध्ययन की विधियां

2.8 व्यक्तित्व विकास की प्रक्रिया

2.9 सार संक्षेप

2.10 पारिभाषिक शब्दावली

2. 11 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

2. 12 संदर्भग्रन्थ सूची-

2.13 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

2.14 स्व मूल्यांकन हेतु प्रश्न

2.1 प्रस्तावना

व्यक्तित्व मनोविज्ञान का एक ऐसा क्षेत्र है जो वास्तव में जीव विज्ञान, समाज विज्ञान एवं मनोविज्ञान का संगम स्थल है। यह एक ऐसा विषय है जिसमें केवल मनुष्यों की चर्चा की जाती है, पशुओं की नहीं। अतः व्यक्तित्व का अध्ययन मनोविज्ञान के क्षेत्र में विशिष्ट स्थान रखता है।

2.2 उद्देश्य

इस इकाई का अध्ययन करने के पश्चात् आप इस योग्य हो सकेंगे कि आप

6. व्यक्तित्व के स्वरूप को समझ पाएंगे|

2. व्यक्तित्व की विभिन्न परिभाषाओं का विश्लेषण कर उत्तम परिभाषा दे सकें।

3. व्यक्तित्व के निर्धारकप्रभावक/ की व्याख्या कर पाएंगे|

व्यक्तित्व विकास के संप्रत्यय को स्पष्ट कर सकेंगे

7. व्यक्तित्व विकास के अध्ययन विधियों को उपयोग में ला सकेंगे

3. व्यक्तित्व विकास की प्रक्रिया को रेखांकित कर सकेंगे

2.3 व्यक्तित्व का स्वरूप

''व्यक्तित्व'' अंग्रेजी के पर्सनॉलिटी शब्द का हिंदी रूपांतर है। पर्सनालिटी शब्द की उत्पत्ति लैटिन के परसोना से हुई है। परसोना एक प्रकार के नकाब या मुखावरण को कहते हैं, जिसका उपयोग यूनानी नाटकों में भाग लेने वाले पात्र करते थे। इन नकाबों को चेहरे पर लगा लेने से यह स्पष्ट पता चल जाता था कि नाटक में विभिन्न पात्रों के कार्य किस ढंग के होंगे। इस परसोना शब्द से पर्सनॉलिटी शब्द बना है, जिसका अर्थ बनावटी रूप होता है।

व्यक्तित्व के स्वरूप को और अच्छी तरह स्पष्ट करने हेतु हम एक सामान्य उदाहरण का विश्लेषण करें। मान लें, आपके किसी मित्र ने नौकरी के लिए आवेदनपत्र देते समय अपने परिचितों में आपका नाम दे दिया है। अब नियुक्ति करनेवाला ऑफिसर आपको एक गुप्त पत्र भेजकर उस उम्मीदवार की योग्यता, चरित्र एवं व्यक्तित्व के संबंध में पूछता है। उत्तर में आप लिखते हैं - उम्मीदवार का व्यक्तित्व आकर्षक और दिलचस्प है, वह उत्साही, अध्यवसायी और ईमानदार होने के साथसाथ प्रसन्नचित-, सरल और विश्वासपात्र है। वह अपने साथियों के साथ मिल-

जुलकर काम करना जानता है, वह आत्मनिर्भर तथा अच्छे चरित्रवाला है। इसी तरह हजारों ऐसे विशेषण है जिनके उपयोग किसी के व्यक्तित्व को प्रकट करने हेतु किए जा सकते हैं।

यदि आप उपर्युक्त विशेषणों पर सोचें तो विदित होगा कि ये विशेषण सही अर्थ में क्रियाविशेषण है जिनसे व्यक्ति के व्यवहार के तरीकों के बारे में जानकारी मिलती है। अर्थात् व्यक्ति के विशिष्ट गुण उसके व्यवहार के तरीके का ज्ञान कराते हैं। अतःव्यक्तित्व की विशेषता बताने वाले शब्द व्यक्ति के गुणों के नाम है। किसी व्यक्ति का व्यक्तित्व एक छोटेसे काम को करने में भी प्रकट हो - सकता है। उस कार्य को वह विशेष ढंग से करेगा और यही विशेष ढंग उसका व्यक्तित्व होगा। व्यक्तित्व के इस विश्लेषण के आलोक में ही वुडवर्थ एवं मार्क्रविस ने व्यक्तित्व की परिभाषा इस प्रकार दी हैव्यक्तित्व व्यक्ति के व्यवहार की वह व्यापक विशेषता है जो उसके विचारों और - उनके प्रकट करने के ढंग, उसकी मनोवृत्ति और अभिरूचि, कार्य करने के उसके ढंग और जीवन के प्रति उसके व्यक्तिगत दार्शनिक दृष्टिकोण से प्रकट होती है

स्पष्ट है कि व्यक्तित्व में व्यक्ति के बाह्य रूपरंग-, वेशभूषा आदि के साथ-साथ किसी कार्य - करने के विशेष ढंग (जो उसका स्थायी गुण होता है) को प्रकट करने वाले गुणों का समन्वय होता है तथा इसी समन्वय के फलस्वरूप उसका वातावरण के साथ अभियोजन अपूर्व ढंग का होता है।

2.4 व्यक्तित्व की परिभाषाएं

व्यवहारवाद के जन्मदाता वाटसन)1924) ने सतही दृष्टिकोण से व्यक्तित्व को परिभाषित करने का प्रयास किया। उन्होंने अपनी रचना व्यवहारवाद में व्यक्तित्व की परिभाषा देते हुए कहा व्यक्तित्व का तात्पर्य विश्वसनीय सूचना हेतु एक लंबे समय तक निरीक्षण की जाने वाली क्रियाओं के योगफल से है। इसी प्रकार शर्मन)1925) ने व्यक्ति की शारीरिक प्रतीति (उत्तेजना मान) तथा उसके व्यवहार (प्रतिक्रियामान) को ध्यान में रखते हुए व्यक्तित्व की परिभाषा दी कि व्यक्ति के -) विशिष्ट व्यवहार को व्यक्तित्व कहते हैं। मैक कीनन1944) ने भी सतही दृष्टिकोण से व्यक्तित्व को परिभाषित किया और कहा कि आदतप्रणाली तथा क्रियाओं का परिणाम ही व्यक्तित्व है।-

प्रिन्स)1974) ने व्यक्त्वि के तात्विक दृष्टिकोण पर बल दिया। उन्होंने अपनी रचना अचेतन में व्यक्तित्व की परिभाषा देते हुए कहा कि व्यक्तित्व का तात्पर्य व्यक्ति के सभी जैविक जन्मजात प्रवृत्तियों, आवेगों, झुकावों, अभिलाषाओं, मूलरवृत्तियों तथा अर्जित प्रवृत्तियों एंप-वं झुकावों के योगफल से है।

गार्डन ऑल्पोर्ट (1937) व्यक्तित्व की परिभाषा दी कि, ''व्यक्तित्व व्यक्ति के भीतर उन मनोदैहिक शीलगुणों का गत्यात्मक संगठन है, जो वातावरण के प्रति उसके अपूर्व अभियोजन को निर्धारित करते हैं।''

2.5 व्यक्तित्व के निर्धारक/प्रभावक

व्यक्तित्व के विकास के क्रम में अनेक जैविक एवं वातावरण से संबद्ध तत्वों का प्रभाव पड़ता है। इन दोनों प्रकार के विभिन्न कारक तत्वों को व्यक्तित्व का निर्धारक या प्रभावक भी कहते हैं।

2.5.1 व्यक्तित्व के जैविक निर्धारक

व्यक्तित्व के जैविक निर्धारकों से तात्पर्य उन कारकों से है जो आनुवंशिक होते है। इनका निर्धारण वातावरण से नहीं, बल्कि माँबाप एवं पुरखों से प्राप्त वंशानुक्रम से होता है।मनुष्यों के व्यक्तित्व पर - वंशानुक्रम के प्रभावों का अध्ययन करने हेतु विद्वानों ने परिवार जीवनियों का सहारा लिया है। उनका विश्वास था कि कोई लक्षण यदि परिवार की पीढ़ीदर-पीढ़ी में व्याप्त हो-, तो उस लक्षण को वंशानुक्रम से प्राप्त माना जा सकता है। इस विश्वास की पुष्टि के लिए अनेक अध्ययन हुए हैं। गाल्टन ने 1869 ई0 में प्रकाशित अपनी प्रसिद्ध पुस्तक ''हेरिडिटरी जीनियस'' एवं 1873 ई0 में प्रकाशित ''इंग्लिश मेन ऑफ साइंस'' में अपने इस विश्वास पर जोर देते हुए बताया है कि 'प्रतिष्ठा' और 'श्रेष्ठता' कुछ ही परिवारों में सीमित रहती है।

क. शारीरिक बनावट या गठन एवं धातुस्वभाव-

शारीरिक बनावट के अंतर्गत व्यक्ति का रूपरंग-, उसकी लम्बाई, स्वास्थ्य, वजन, विभिन्न अंगों का संतुलित अनुपात आदि विशेषताएँ शामिल हैं। इन विशेषताओं के विशेष प्रकार के संयोग से ही किसी व्यक्ति का व्यक्तित्व सुंदर और आकर्षक अथवा कुरूप और अनाकर्षक प्रतीत होता है। यहाँ एक महत्वपूर्ण बात यह है कि शारीरिक बनावटसंबंधी भिन्-नता के कारण उसके प्रति लोगों द्वारा की जाने वाली प्रतिक्रियाओं की विभिन्नता पर ही व्यक्तित्व का निर्धारण निर्भर करता है।

ख. शरीर रसायन-

व्यक्तित्व के जैविक तत्वों में शरीर रसायन का महत्वपूर्ण स्थान है। प्राचीन लोग चार द्रवों के प्रभाव से चार अलगअलग स्वभाव- की चर्चा करते थे। उनके विचारानुसार आदतन आशावादी व्यक्तियों में अत्यधिक रक्त रहता है, चिड़चिड़े व्यक्ति में पित्त की, शांत व्यक्ति में कफ की और

उदास रहने वाले व्यक्ति में प्लीहा की अधिकता रहती है। कभीकभी एक पाँचवाँ स्वभाव धैर्यहीन - या चेतनामय भी माना जाताथा जिसका संबंध स्नायुद्रव की अधिकता से बताया जाता था।

1. रक्त संचरण-

व्यक्ति के रासायनिक तत्व रक्तसंचार पर निर्भर करते हैं। स्नायुमंडल की तरह रक्तसंचार का भी शरीर के संयोजन में महत्वपूर्ण स्थान है, हालाँकि दोनों के ढंग अलग-अलग हैं। रासायनिक द्रव्यों को शरीर के विभिन्न अंगों तक ले जाने में रक्तसंचार रेलगाड़ी की तरह कार्य करता है और संदेशों को ढोने में स्नायुमंडल टेलिफोन के तार की तरह। रासायनिक द्रव्यों का संवहन कुछ इस प्रकार होता है-शरीर का प्रत्येक अंग अपने उत्पादित द्रवों को रक्त में छोड़ देता है और वे रक्त के साथ हृदय के एक कोष्ठ में पहुँचते हैं, जहाँ से रक्त शुद्ध होकर शरीर के सभी अंगों में भ्रमण करता है। उस समय शरीर के सभी अंग रक्त में बहने वाले द्रवों को अपनी आवश्यकता के अनुसार ग्रहण करते हैं रक्त संचरण-क्रिया अनवरत एक नित्य गति से हुआ करती है। लेकिन, जब इसकी गति किसी कारणवश कम या तेज होती है, तब रक्तचाप में परिवर्तन होता है जिसका प्रभाव व्यक्ति के स्वभाव पर भी पड़ता है। जैसे-उच्च रक्तचाप के रोगी में घबड़ाहट एवं अत्यधित क्रोध, आवेगात्मक व्यवहार आदि लक्षण उनके व्यक्तित्व के अंग बन जाते हैं।

रक्त में चीनी की मात्रा-

मस्तिष्क और शरीर के अन्य अंगों को सुचारू रूप से कार्य करने के लिए लहू में चीनी की मात्रा उपयुक्त स्तर में रहना आवश्यक है। लेकिन, जब चीनी की मात्रा में कमी या बेशी होती है, तब व्यक्तित्व में कुछ खास परिवर्तन होते है; जैसे व्यक्ति की मनोदशा या चित्त-में परिवर्तन, चिड़चिड़ाहट में वृद्धि, भयभीत बना रहना, चेतना का लुप्त होना, वाक्असंतुलन-, स्मृति में ह्रास का होना, संवेगात्मक अस्थिरता आदि।

अंतःस्रावी ग्रंथियाँ-

यहाँ कुछ महत्वपूर्ण ग्रंथियों के उत्पादकों के प्रभावों का संक्षेप में वर्णन किया जा रहा है।

1. गलग्रंथि-

यह ग्रंथि गर्दन की जड़ में श्वासनलिका के सामने रहती है। साधारणतः इसका वजन एक औंस होता है कभी-कभी इसका आकार असामान्य रूप से बढ़ जाता है, लेकिन इससे इसके कार्य में कोई खास चिंताजनक गड़बड़ी नहीं होती। जब किसी तरह से यह ग्रंथि रूग्ण होकर

विनष्ट हो जाती है, तब इस अवस्था को माइक्सोडेमा कहते हैं और इससे स्रावित होने वाले हार्मोन, जिन्हें थाइरॉक्सिन कहते है मंद पड़ जाते है। इससे चमड़े अकड़ जाते है। फलतः मस्तिष्क और पे शियों की क्रियाएँ मंद पड़ जाती हैं। व्यक्ति में शिथिलता, मूर्खता, भुलड़पन आ जाते हैं। वह एकाग्रचित होकर न तो किसी वस्तु पर ध्यान केंद्रित कर सकता है और न सोच-विचार कर सकता है। बच्चों में तो थाइरॉक्सिन के अभाव के कारण बुद्धि का ह्रास भी हो जाता है। थाइरॉक्सिन के अभाव के कारण व्यक्ति में सुस्ती और निष्क्रियता की स्थिति के अलावा उसका स्वभाव झगड़ालू हो जाता है। थाइरॉक्सिन का स्राव अधिक होने पर व्यक्ति में स्नायुमंडलीय तनाव बढ़ जाता है और व्यक्ति उत्तेजित, चिंतित और अशांत हो जाता है। स्वतःसंचालित स्नायुमंडल की कार्यशीलता भी बढ़ जाती है।

एड्रिनल ग्रंथि-

यह ग्रंथि दाहिने और बाँए दोनों गुर्दा के निकट स्थित है। गुर्दो के निकट रहने के कारण ही इन्हें उपवृक्क ग्रंथियाँ भी कहते हैं, हालाँकि गुर्दो के कार्य से इनका कार्य बिल्कुल भिन्न है। प्रत्येक एड्रिनल ग्रंथि के दो भाग होते हैं-बाह्रा एवं भीतरी। बाह्रा भाग को कॉर्टेक्स तथा भीतरी भाग को मेडुला कहते हैं। इन दोनों भागों में बनावट और काय्र की दृष्टि से अंतर होता है। बाह्रा भाग यानी कॉर्टेक्स से उत्पन्न हार्मोन को कॉर्टिन और भीतरी भाग मेडुला से उत्पन्न हार्मोन को एड्रेनलिन कहते हैं।

एड्रेनलिन अत्यंत शक्तिशाली हार्मोन है। इसमें दो प्रकार के रासायनिक तत्व रहते हैं, जिन्हें एपिनेफ्रीन एवं नॉर-एपिनेफ्रीन कहते हैं। रक्त में एड्रेनिन की थोड़ी-सी मात्रा भी अग्रलिखित प्रभाव उत्पन्न करने के लिए पर्याप्त होती है-(1) तेज और जोरदार हृदय की धड़कन; (2) ऊँचा रक्तचाप जो रक्त को चर्म या शरीर के भीतरी अंग के रास्ते न धकेलकर मांसपेशियों और मस्तिष्क के रास्ते धकेलता है; (3) उदर और आँत की क्रियाओं का स्थगित होना; (4) फेफड़ों के वायुमार्गो का चौड़ा पड़ जाना; (5) लीवन से एकत्र चीनी का निकास; (6) मांसपेशियों में देर तक थकान का न आना; (7) बहुत अधिक पसीना आना; (8) आँख की पुतली का फैल जाना।

इन प्रभावों को उत्पन्न करने में स्वतःसंचालित स्नायुमंडल के सहानुभूतिक विभाग का हाथ रहता है। सहानुभूतिक मंडल द्वारा उपर्युक्त प्रभाव शीघ्रता से और थोड़े समय के लिए उत्पन्न होते है, जबकि रक्त में मिले हुए एड्रेनिन के कारण ये प्रभाव धीरे-धीरे एवं लंबे समय के लिए उत्पन्न होते है। इस प्रकार, एड्रिनल मेडुला सहानुभूतिक मंडल से जुड़ा हुआ है।

शरीर द्वारा सोडियम पोटाशियम और चीनी का उपयोग करने में कॉर्टिन से काम लिया जाता है और मांसपेशियों तथा यौन क्रियाओं पर इनका बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है। यह शरीर को उपयुक्त स्थिति में रखता है। यह जीवन के लिए आवश्यक भी है। साधारणतः, यक्ष्मा की बीमारी के कारण पुरूषों में एड्रिनल कॉर्टेक्स का पूर्ण विनाश हो जाता है, जिसे 'एडीसन' की बीमारी कहते हैं। इस बीमारी का नामकरण एडीसन नाम के अनुसंधानकर्ता के नाम पर हुआ है। इस घातक रोग के उत्पन्न होने पर निर्बलता और शिथिलता में तेजी से वृद्धि, यौन क्रियाओं में अरूचि, मेटाबॉलिक क्रियाओं का मंद पड़ना, किसी संक्रामक रोग के प्रतिरोधक शक्ति का कम हो जाना, चर्म का काला पड़ जाना, गर्मी का ठंडक के प्रति असहनशीलता, नींद की कमी, चिड़चिड़ाहट आदि लक्षण उत्पन्न होते है। रोगी को बाहर से कार्टिन देने पर ये लक्षण दूर हो जाते है।

एड्रिनल कॉर्टेक्स की अत्यधिक कार्यशीलता के कारण पुरूषों और स्त्रियों में पुरूषोचित्त लक्षणों की अधिकता पाई जाती है। स्त्रियों के अंगों की गोलाई नष्ट हो जाती है, आवाज भारी हो जाती है और दाढ़ी उगने लगती है।

3. यौन ग्रंथि-

पुरूषों की यौनग्रंथि को अंडकोष और स्त्रियों की यौनग्रंथि को डिंब कहते हैं। इन ग्रंथियों से क्रमशः शुक्रकीट और रजकीट नाम के क्रोमोजोम प्राप्त होते हैं जिनके संयोग से संतान की उत्पत्ति होती है। साथ ही, इन ग्रंथियों से कुछ हॉर्मोन्स का भी स्राव होता है, जिनका व्यक्ति के विकास और उसके व्यवहार पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है।

यह हॉर्मोन्स काफी संख्या में होते हैं और इनमें कुछ पुरूष और स्त्री दोनों में उपस्थित रहते हैं। पुरूष के हॉर्मोन्स का संतुलन पुरूष में पुरूषत्व तथा स्त्री के हॉर्मोन्स का संतुलन स्त्री में स्त्रीत्व का विकास करता है। वयःसंधि के समय ये हॉर्मोन्स जननेद्रियों, यौन लक्षणों, जैसे स्त्रियों में दुग्ध ग्रंथि तथा पुरूषों में भारी आवाज और दाढ़ी का विकास करते हैं।

यौनग्रंथि द्वारा उत्पादित हॉर्मोन्स काफी हद तक स्त्रियों में संतानोत्पत्ति-संबंधी प्रक्रियाओं-जिसके अंतर्गत मासिक धर्म गर्भाधान, शिशु को दूध पिलाना आदि क्रियाएँ शामिल हैं-को नियंत्रित करती हैं। शिशु के पालन-पोषण की प्रेरणा में भी इन हॉर्मोन्स का महत्वपूर्ण हाथ रहता है।

कुछ व्यक्तियों में कामवासना अधिक होती है तो कुछ में कम। इस विभिन्नता का कारण यौनग्रंथि के हॉर्मोन्स को ही माना जाता है। पर, इस बात के यथेष्ट प्रमाण अभी नहीं मिले हैं। कुछ लोग रतिक्रिया में कम अभिरूचि रखते है; जिससे वे अपने मित्रों की आलोचना का विषय बने रहते है। इन आलोचनाओं की प्रतिक्रिया के रूप में ऐसे लोग कुछ विभिन्न प्रकार की यौन क्रियाओं में संलग्न हो जाते हैं। इस तरह, स्पष्ट है कि यौनग्रंथि का भी व्यक्तित्व के निर्माण में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है।

पियूष ग्रंथि-

इसे ग्रंथिपति की संज्ञा दी जाती है; क्योंकि इस ग्रंथि के हॉर्मोन्स अन्य अंतःस्रावी ग्रंथियों पर नियंत्रण रखते है। यह मस्तिष्क की निचली सतह में स्थित एक छोटी-सी ग्रंथि है। इस ग्रंथि के दो भाग है-पीछे का भाग एवं आगे का भाग। पियूष ग्रंथि के पिछले भाग से उत्पादित होने वाले हॉर्मोन्स शारीरिक क्रियाओं, जैसे रक्तचाप और जल के मेटाबोलिक कार्यो को नियमित करते हैं तथा आगे के भाग से उत्पादित हॉर्मोन्स अन्य अंतःस्रावी ग्रंथियों, जैसे गलग्रंथि, यौनग्रंथि, एड्रिनल ग्रंथि आदि को उत्तेजित करते हैं। पियूष ग्रंथि के निष्क्रिय रहने पर ये ग्रंथियाँ या तो विकसित नहीं हो पाती अथवा सामान्य रूप से कार्य नहीं कर पातीं।

पियूष ग्रंथि के अगले भाग का शारीरिक विकास पर काफी प्रभाव पड़ता है। बाल्यावस्था में इस ग्रंथि की अतिकार्यशीलता के कारण हड्डियाँ एवं मांसपेशियाँ बड़ी तेजी से बढ़ती हैं और व्यक्ति की लंबाई असामान्य रूप से दैत्य की तरह 7 से 9 फुट तक हो जा सकती है। बाद में चलकर यह ग्रंथि शक्तिहीन हो जा सकती है जिससे कम उम्र में ही उसकी मृत्यु हो जा सकती है। यदि प्रौढ़ जीवन में यह ग्रंथि अधिक कार्यशील होती है तो व्यक्ति का कद लंबा होने के बजाए हाथ, पैर, नाक, जबड़े इत्यादि की लंबाई में वृद्धि होने की संभावना रहती है। इस स्थिति को मिडगेट्स कहते हैं। शरीर के विकास की अवधि में इस ग्रंथि के कम क्रियाशील रहने पर व्यक्ति बौने कद का हो जाता है जिन्हें 'क्रेटिन्स' कहते हैं।

5.पीनियल ग्रंथि-

इसके हॉर्मोन का प्रभाव बाल्यकाल में अधिक देखा जाता है। मनोवैज्ञानिकों का विचार है कि यह ग्रंथि अपने स्राव के द्वारा बच्चों में यौन भाव के विकास के न होने में सहायक है।

6. पैक्रियाज-

इसका बहाव या स्राव मांसपेशियों की चीनी की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। कभी-कभी देखा जाता है कि पैक्रियाज के अत्यधिक क्रियाशील होने के फलस्वरूप व्यक्ति और चिंतित रहने लगता है।

व्यक्तित्व और अंतःस्रावी ग्रंथियों के पारस्परिक संबंधों के बारे में इंगल (1935) ने यह निष्कर्ष निकाला है-''निष्कर्ष रूप में हम इतना ही कह सकते हैं कि व्यक्तित्व के आधारभूत जैविक तत्वों में अंतःस्रावी ग्रंथियाँ भी है''

ग. स्नायुमण्डल-

व्यक्तित्व का सम्बन्ध व्यक्ति के समायोजन सम्बन्धी व्यवहारों से है तथा इन व्यवहारों पर व्यक्ति के शीलगुणों एवं वातावरणीय कारकों के बीच उत्पन्न संघर्षो का सार्थक प्रभाव पड़ता है। स्नायुमण्डल की इस समायोजित व्यवहार की उत्पत्ति में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। स्नायुमण्डल के केन्द्रीय एवं स्वतःचालित-दोनों ही तंत्रों का व्यक्ति के समायोजन सम्बन्धी व्यवहारों के नियमन एवं नियंत्रण पर सार्थक प्रभाव देखा गया है।

6.6 2. **व्यक्तित्व के सामाजिक-वातावरणीय निर्धारक/**

सामाजिक निर्धारकों को निम्नलिखित मुख्य वर्गो में बांटा जा सकता है -

(क) जीवन के प्रारंभिक वर्षो का प्रभाव-

मनुष्य के प्रत्येक व्यवहार का बीजारोपण बचपन के प्रारंभिक 5 वर्षो में हो जाता है और उसी नींव पर संपूर्ण व्यक्तित्व-रूपी भवन खड़ा रहता है। चरित्रनिर्माण की व्याख्या करते हुए फ्रायड ने स्पष्ट किया है कि बाल्यावस्था में किसी बच्चे को दूध पिलाना शीघ्र बंद कर दिया जाता है तो किसी को देर से। इन घटनाओं के फलस्वरूप बालकों को कुछ अनुभव प्राप्त होते हैं जिनकी अभिव्यक्ति बाद में चलकर संरक्षित या असंरक्षित होने की भावना के रूप में होती है। इसी तरह, बालक जब विकास के गुदावस्था में पहुँचता है, तब उस समय भी उसे कुछ नई अनुभूतियाँ प्राप्त होती है जिनका प्रभाव भी उसके भावी, व्यक्तित्व के निर्माण पर पड़ता है। उक्त अवस्था में बालकों में मल-मूत्र को रोके रहने अथवा जल्दी-जल्दी निष्काषित करने की प्रवृत्ति देखी जाती है, जिसकी छाप उसके व्यक्तित्व पर पड़ती है। गुदा धारण की अवस्था में बालकों में मल-मूत्र को रोके रखने की प्रवृत्ति बहुत अधिक रहती है। कभी-कभी मल-मूत्र परित्याग-संबंधी प्रशिक्षण के अभाव में बालक इसी अवस्था में लंबे समय तक रहते हैं। इसी

प्रकार बाल्यावस्था की शिक्षावस्था अथवा किशोरावस्था के अनुभवों की भी अमिट छाप वयस्क व्यक्तित्व पर पड़ती है।

(ख) परिवार का प्रभाव-

बालकों के व्यक्तित्व के विकास पर उसके परिवार तथा घरेलू वातावरण का प्रभाव अत्यंत व्यापक रूप से पड़ता है। घरेलू वातावरण प्रमुख हैं-

1. पालन-पोषण की प्रणाली-

प्रत्येक परिवार में बालकों के पालन-पोषण की रीति भिन्न-भिन्न ढंग की होती है। कुछ माँ-बाप बच्चों को अति सुरक्षा प्रदान करते हैं तो कुछ उनके प्रति लापरवाह रहते हैं। किसी बच्चे को स्वाभाविक रूप से स्वतंत्र प्रशिक्षण का पर्याप्त अवसर मिलता है तो किसी को ऐसा अवसर बिल्कुल नहीं मिलता। इन विभिन्नताओं का प्रभाव बालकों के व्यक्तित्व के विकास और निर्माण पर पड़ता है। ब्रॉडी (1956) ने 32 माताओं के बच्चा पोसने के ढंग का अध्ययन किया और वे इस निष्कर्ष पर पहुँचीं कि जो माताएँ अपनी संतानों की आवश्यकताओं के प्रति बहुत अधिक सजग रहती हैं उनका बच्चों के प्रति व्यवहार निश्चित और स्थिर ढंग का होता है तथा वे बच्चों पर पूरा ध्यान रखती है। लेकिन, जो माताएँ बच्चों की आवश्यकताओं के प्रति सजग नहीं रहतीं उनके व्यवहार अनिश्चित ढंग के होते हैं।

2. माता और पिता के आपसी संबंध-

माता और पिता के पारस्परिक संबंधों का बच्चों के व्यक्तित्व विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। इस संबंध में सिरिल बर्ट का कहना है कि जिन बच्चों के माता-पिता के पारस्परिक संबंध अच्छे नहीं रहते, उनके बच्चों में संतुलित व्यक्तित्व का विकास नहीं हो पाता। ऐसे परिवारों में उचित अनुशासन का अभाव रहता है जिसके परिणामस्वरूप वे बाल-अपराधी हो जाते हैं। ऐसे घरों को सिरिल बर्ट ने बिगड़े या टूटे हुए घर की संज्ञा दी है। बॉलकाइण्ड एवं रटर (1973) ने बिगड़े या टूटे हुए घरों के संबंध में यह निष्कर्ष निकाला है कि विकासशील बालकों के लिए माता-पिता के पारस्परिक झगड़े, संघर्ष और उनके बीच की तनावपूर्ण स्थितियाँ घातक होती हैं, फलतः उन घरों में विकसित होने वाले बच्चे असुरक्षा की भावना से ग्रस्त रहने लगते हैं, तथा उनका व्यक्तित्व भी कुंठित हो जाता है। ऐसे घरों में बच्चों में बेईमानी की प्रवृत्तियाँ विकसित होती हैं, बच्चे विश्वासघाती हो जाते हैं अथवा इस प्रकार के अन्यान्य अवांछित गुण विकसित होते है। इसका प्रधान कारण यह है कि ऐसे बच्चे घरों में अपने माता-पिता का उपयुक्त स्नेह और प्यार नहीं प्राप्त कर पाते और वे शीघ्र ही समाज के

अवांछित तत्वों के संपर्क में आ जाते हैं अथवा अपने माता-पिता के अनाभियोजित व्यवहारों को ग्रहण करते हैं।

3. माता-पिता का बच्चों के साथ संबंध-

माता-पिता के पारस्परिक संबंध के अतिरिक्त बच्चों के साथ उनके संबंध भी व्यक्तित्व विकास की प्रक्रिया को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। कठोर अनुशासन, दंड या अति-सुरक्षा अस्वीकार करने आदि के फलस्वरूप व्यक्तित्व अस्त-व्यस्त हो जाता है। कभी माता-पिता बच्चे के जन्म का स्वागत करते हैं तो कभी बच्चे अनावश्यक समझे जाते हैं। अनावश्यक समझे जाने वाले बच्चे हीनता ही भावना से ग्रस्त रहने लगते हैं, जिसका प्रतिकूल प्रभाव उनके व्यक्तित्व के निर्माण पर पड़ता है।

माता-पिता हैं अथवा नहीं, इस दृष्टि से बच्चों को अग्रलिखित वर्गो में बाँटा जा सकता है- (क) ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता दोनों जीवित हैं, (ख) ऐसे बच्चे जिनके पिता हैं, माता नहीं, (ग) ऐसे बच्चे जिनकी माँ है; किंतु पिता नहीं, (घ) ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता दोनों नहीं है; (च) ऐसे बच्चे जिन्हें सौतेली माँ या सौतेला बाप अथवा नर्स पालती-पोसती है। इन सभी अवस्थाओं में बच्चों की मनोवृत्तियाँ भिन्न-भिन्न ढंग से उत्पन्न होती हैं जिनका महत्वपूर्ण प्रभाव उनके व्यक्तित्व एवं व्यवहार पर पड़ता है।

4. परिवार के बच्चों का एक-दूसरे से संबंध-

परिवार में बच्चों को अपने भाई-बहनों या दूसरे बच्चों के साथ अंतःक्रिया का भी प्रभाव उनके व्यक्तित्व-विकास पर महत्वपूर्ण ढंग से पड़ता है। इस संबंध में एकलौता बच्चा, जन्मक्रम, बच्चों का यौन-वितरण, बच्चों का यौन संयोग, परिवार का आकार आदि परिवार-संरचना के महत्वपूर्ण तत्व है तथा इन संरचनात्मक तत्वों में भिन्नता का प्रभाव बच्चों के व्यक्तित्व-संबंधी गुणों के विकास पर अलग-अलग ढंग से पड़ता है। इन तत्वों द्वारा सामाजिक अभियोजन की प्रक्रिया निर्धारित होती है। एक घर में अगर एक से अधिक बच्चे होते है तो वह एक-दूसरे के विचारों, मनोवृत्तियों आदि से प्रभावित होते हैं तथा परस्पर अभियोजन का प्रयास करते हैं।

विभिन्न मनोवैज्ञानिकों द्वारा किए गए अध्ययनों में जन्मक्रम का भी महत्वपूर्ण प्रभाव देखा गया है। इस संबंध में मैक्लीलैण्ड, विंटरबॉटम, सैम्पसन आदि ने विभिन्न संस्कृतियों का अध्ययन किया है और वे इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि जन्मक्रम में भिन्नता होने के फलस्वरूप एक ही परिवार के विभिन्न बच्चों के व्यक्तित्व-गुण भिन्न-भिन्न हुआ करते हैं। इस संदर्भ में एडलर का विचार है कि एकलौते बच्चों के आराम, अधिकार एवं माता-पिता के स्नेह का

भागीदार दूसरा कोई नहीं होता, जिससे ऐसे बच्चों में एकाधिपत्य की भावना विकसित होती है और उनका व्यक्तित्व अधिकारप्रिय प्रकार का हो जाता है। मंझले बच्चों में स्पर्द्धायुक्त व्यक्तित्व और छोटे बच्चे में लाइम लाइट व्यक्तित्व पाया जाता है। इसका कारण यह है कि मंझले बच्चों की अपने से बड़े एवं छोटे दोनों छोरों पर के भाई तथा बहनों के साथ प्रतिस्पर्घा रहती है। सबसे छोटे बच्चों को परिवार का अंतिम बच्चा होने के कारण परिवार में सभी का भरपूर लाड़-प्यार मिलता है। इसी से ऐसे बच्चे अपने को सबसे प्रधान समझने लगते हैं। फलतः उनमें संरक्षित होने का भाव सर्वाधिक मात्रा में रहता है जिससे उनका व्यक्तित्व लाइम लाइट प्रकार का हो जाता है।

(ग) पड़ोस का प्रभाव-

बच्चे जब कुछ बड़े होते हैं तब वेपड़ोसियों से वे सामाजिक रहन-सहन, तौर-तरीकों और अभियोजन-संबंधी गुणों को ग्रहण करते हैं। साथ ही, बच्चे अपने व्यवहार एवं मनोवृत्तियों से दूसरों को और दूसरों के व्यवहार एवं मनोवृत्तियों से स्वयं अपने को भी प्रभावित करते हैं। इन प्रभावों के फलस्वरूप उनके व्यक्तित्व में सामाजिक अभियोजन संबंधी गुणों का विकास होता है।

पड़ोस दो तरह के हो सकते हैं- (क) तुरंत-तुरंत बदलने वाला पड़ोस और (ख) स्थिर एवं निश्चित पड़ोस। प्रायः यह देखा गया है कि जिनका पड़ोस तुरंत-तुरंत बदलता रहता है, उनके व्यक्तित्व में हिल-मिलकर रहने तथा सहयोग की भावना का विकास अपेक्षाकृत कम होता है बनिस्पत वैसे बालक के, जिनका पड़ोस स्थायी और निश्चित होता है।

(घ) स्कूल का प्रभाव-

लगभग 5 से 6 वर्ष की आयु में बच्चे स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने हेतु प्रवेश लेते हैं और पूर्ण वयस्क होने के समय तक शैक्षणिक वातावरण द्वारा बालकों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। स्कूल में पहली बार बच्चों को संस्थानिक कायदे-कानून का अनुभव प्राप्त होता है|

स्कूल में बालकों को तीन प्रकार के लोगों के साथ संबंध स्थापित करना पड़ता है- (क) शिक्षक जो उसके लिए पितातुल्य होते हैं, (ख) वर्ग के सहपाठियों के साथ और (ग) अपने से ऊँचे और नीचे के वर्गो के विद्यार्थियों के साथ।

कभी-कभी पिता और शिक्षक के विचार, विश्वास एवं व्यवहार में विरोधाभास होता है; जैसे- पिता आध्यात्मिक दृष्टिकोण का है तो शिक्षक का अध्यात्म में विश्वास नहीं है। इस तरह के विरोधाभास की स्थिति में बालक के व्यक्तित्व का विकास संतुलित रूप से नहीं हो पाता।

विद्यार्थियों के व्यक्तित्व पर स्कूल के प्रशासक एवं प्रशासनिक व्यवस्था दोनों का प्रभाव पड़ता है। यही कारण है कि मिशन द्वारा संचालित स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों और राज्य सरकार द्वारा संचालित स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में स्पष्ट अंतर देखने को मिलता है। इस संबंध में लेमैन (1949) ने एक अध्ययन में पाया कि आस-पास के दो विद्यालयों में से एक के विद्यार्थियों ने उनके परीक्षण कार्यक्रम में काफी सहयोग दिया, जबकि दूसरे विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्पष्ट असहयोग किया। जाँच करने पर पता चला कि पहले स्कूल के प्राचार्य का प्रशासन लोकतंत्री व्यवस्था पर आधृत था, जबकि दूसरे स्कूल के प्राचार्य सत्तवादी प्रशासक थे।

(ड़) समुदाय का प्रभाव-

व्यक्ति के व्यक्तित्व पर समुदाय अथवा सामाजिक वातावरण के प्रभावों का संकेत हमें समुदाय की नियमावली और कार्यभाग अथवा भूमिका से प्राप्त होता है। व्यक्ति आचरण की एक नियमावली सीखता है। वह अपने समूह या समुदाय की नियमावली को अपना लेता है अथवा उस समूह में रहते हुए अपनी व्यक्तिगत नियमावली बना लेता है। इस तरह, समुदाय में या तो उसके लिए कोई कार्य रहता है अथवा वह अपने लिए कार्यभाग का चुनाव खुद कर लेता है।

सामुदायिक जीवन में ही वह अपने समाज के रीतिरिवाजों, परंपराओं, नैतिक आदर्शो इत्यादि को ग्रहण कर लेता है तथा उसी के अनुरूप आचरण करता है। इसी क्रम में परस्पर सहयोग, मिल-जुलकर रहने, प्रतियोगिता, प्रतिस्पर्द्धा आदि व्यक्तित्व-गुणों को भी अर्जित करता है।

6.6.3 सांस्कृतिक निर्धारक-

संस्कृति के अंतर्गत रहन-सहन, वेश-भूषा, विचार, व्यवहारशैली, आदि शामिल हैं जिनका व्यक्तित्व पर दो तरह से प्रभाव पड़ता है-

1. विशिष्ट प्रकार की संस्कृति में जन्म लेने के कारण व्यक्ति उसी संस्कृति को अपना लेता है। अतः, व्यक्ति को सांस्कृतिक वातावरण से पृथक नहीं किया जा सकता।

7. संस्कृति की कुछ ऐसी भी बातें होती हैं जिन्हें व्यक्ति अपनाना नहीं चाहता, परंतु संस्कृति में अपनी पहचान बनाए रखने की इच्छा से अथवा सामाजिक दबाव के कारण वह उसे अपना लेता है।

मीड (1901, 1952, 1972) ने न्यूगिनी और उसके आसपास रहने वाली तीन संस्कृतियों का अध्ययन किया और बताया कि तीनों संस्कृतियों की मूल व्यक्तित्व-रचना एक दूसरे से भिन्न है। अरापेश संस्कृति जनाना स्वरूप की हैं अतः, इस संस्कृति के रहने वाले लोगों में एक-दूसरे से आगे बढ़ने तथा अगुआ बनने की भावना का अभाव रहता है। इस संस्कृति के स्त्री-पुरूष अत्यधिक सहयोगपूर्ण, दयालु, विश्वासी, सुशील और नेक होते हैं। इसके विपरीत, मुंडुगुमोर संस्कृति मर्दाना स्वरूप की है। इस संस्कृति के लोग अक्खड़, उग्र, ईष्यालु, अविश्वासी, आक्रमणशील और व्यक्तिवादी होते हैं। इन दोनों से भिन्न शांबुली की संस्कृति है, जहाँ स्त्रियाँ घरों के बाहर जीविकोपार्जन के धंधों में लगती हैं तथा पुरूष बच्चों की देख-रेख, लालन-पालन करते हैं। वे अपने को सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए श्रृंगार करते हैं, कलाप्रेमी होते हैं तथा आपस में मिलकर गप्पें मारते हैं। स्त्रियाँ पुरूषों की सजावट देखकर प्रसन्न और मुग्ध होती हैं तथा उनसे विवाह की याचना करती हैं। इन्हीं तथ्यों के आधार पर कुईनर (1951)ने लिखा है कि यदि समाज में स्त्रियों और पुरूषों के लिए अलग-अलग नियम निर्धारित न हों, तो उनकी भूमिकाओं में भी कोई अंतर नहीं होगा।

2.6 व्यक्तित्व विकास का संप्रत्यय

व्यक्तित्व विकास के क्रम में मूलतः व्यक्ति के आत्म-संप्रत्यय तथा शीलगुण में विकासात्मक परिवर्तन दृष्टिगोचर होते हैं एवं इन्हें व्यक्ति के जैविक व सामाजिक सांस्कृतिक कारक प्रभावित करते हैं। विकास से तात्पर्य समय बीतने के साथ परिपक्वता तथा पर्यावरण के साथ होने वाली अंतःक्रिया के परिणामस्वरूप व्यक्ति की अभिवृद्धि तथा क्षमता में होने वाले परिवर्तन की प्रक्रिया से है। दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि परिपक्वता तथा अनुभूति के परिणामस्वरूप होने वाले परिवर्तनों के उत्तरोत्तर क्रम को विकास कहा जाता है। वॉन डेन डीले (1976) के अनुसार विकास से आशय गुणात्मक परिवर्तन से होता है। इसका मतलब यह हुआ कि विकास का अर्थ केवल यही नहीं होता है कि व्यक्ति की लम्बाई दो इंच बढ़ गयी है या उसका वजन पाँच किलोग्राम पहले से अधिक हो गया है या उसकी क्षमता पहले से अधिक हो गयी है। बल्कि विकास की प्रक्रिया एक जटिल प्रक्रिया होती है जिसमें बहुत सारी संरचनाएँ तथा क्रियाएँ सम्मिलित होती हैं।

जहाँ तक व्यक्तित्व विकास का प्रश्न है, इससे तात्पर्य व्यक्तित्व पैटर्न के विकास से होता है। व्यक्तित्व पैटर्न में सभी मनोदैहिक तंत्र जिनसे व्यक्ति का व्यक्तित्व बना होता है, आपस में अंतर्सम्बंधित होते हैं और एक दूसरे को प्रभावित करते रहते हैं। व्यक्तित्व पैटर्न के दो मुख्य तत्व होते हैं-आत्म-संप्रत्यय तथा शीलगुण। व्यक्तित्व विकास से तात्पर्य इन दोनों तत्वों में होने वाले विकासात्मक परिवर्तन से होता है। आइए, इन दोनों तत्वों पर स्वतंत्र रूप से विचार करें।

1. आत्म-संप्रत्यय-

आत्म-संप्रत्यय से तात्पर्य उस तथ्य से होता है जिसमें व्यक्ति यह समझता है कि वह कौन है तथा वह क्या है। सचमुच में यह एक तरह का 'दर्पण बिम्ब' होता है जो व्यक्ति द्वारा की गईए अपनी भूमिकाओं, दूसरों के साथ संबंधों तथा उसके प्रति दूसरों द्वारा की गई प्रतिक्रियाओं द्वारा मूलतः निर्धारित होता है।

प्रत्येक आत्म-संप्रत्यय के दो पहलू होते हैं- दैहिक तथा मनोवैज्ञानिक। दैहिक पहलू में वे सारे संप्रत्यय सम्मिलित होते हैं जो व्यक्ति के अपने रूप-रंग, यौन उपयुक्तता, किये जाने वाले व्यवहार के संदर्भ में शरीर का महत्व तथा दूसरे लोगों से उनके शरीर को मिलने वाली प्रतिष्ठा आदि के सम्बन्ध में होते हैं। मनोवैज्ञानिक पहलू में वे सारे संप्रत्यय सम्मिलित होते हैं जो व्यक्ति के अपनी क्षमता तथा अक्षमता, अपनी योग्यता तथा अन्य लोगों के साथ संबंध आदि के बारे में होते हैं। प्रारंभ में ये दोनों पहलुएँ अलग-अलग होते हैं परंतु जैसे व्यक्तित्व का विकास होते जाता है, वे आपस में मिलकर एक हो जाते हैं।

चूँकि आत्म-संप्रत्यय व्यक्तित्व पैटर्न का सारभाग होता है अतः इससे शीलगुणों का विकास सीधे प्रभावित होता है। जैसे- यदि व्यक्ति का आत्म-संप्रत्यय धनात्मक होता है, तो व्यक्ति में आत्म-विश्वास, आत्म-सम्मान तथा अपने आप को यथार्थपूर्ण संदर्भ में मूल्यांकन करने की क्षमता विकसित होती है। इससे उनमें उत्तम सामाजिक समायोजन का विकास होता है। दूसरे तरफ यदि आत्म-संप्रत्यय नकारात्मक होता है, तो व्यक्ति में हीनता तथा अपर्याप्तता का भाव विकसित हो जाता है। वह हमेशा अनिश्चित होकर व्यवहार करता है तथा उनमें आत्म-विश्वास की कमी पायी जाती है। इससे उसका वैयक्तिक तथा सामाजिक दोनों ही समायोजन पर बुरा असर पड़ता है।

मनोवैज्ञानिकों द्वारा किये गए अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ है कि आत्म-संप्रत्यय के विकास में आनुवंशिकता तथा पर्यावरण दोनों का संयुक्त योगदान होता है तथा किशोरावस्था आते-आते आत्म-संप्रत्यय का विकास पूर्ण हो जाता है, हालांकि बाद में नये वैयक्तिक एवं सामाजिक अनुभूतियों के होने से उसमें परिवर्तन भी आता है।

7. शीलगुण-

शीलगुण से तात्पर्य व्यवहार या समायोजी पैटर्न के विशिष्ट गुणों से होता है। बुद्धि, प्रभुत्व, सहनशीलता, आदि शीलगुण के कुछ उदाहरण हैं। व्यक्तित्व का शीलगुण आत्म-संप्रत्यय से संघटित होता है तथा आत्म-संप्रत्यय से प्रभावित भी होता है। कुछ शीलगुण तो अलग-अलग होते हैं परंतु कुछ ऐसे होते हैं जो व्यवहार के संबंधित पैटर्न में संयोजित होते हैं जिन्हें संलक्षण कहा जाता है। शीलगुण की दो विशिष्ट विशेषताएँ होती हैं- वैयक्तिकता तथा संगतता। वैयक्तिकता से तात्पर्य यह होता है कि किसी शीलगुण की मात्रा प्रत्येक व्यक्ति में एक समान न होकर किसी में कम तथा किसी में अधिक होती है। संगतता से तात्पर्य यह होता है कि शीलगुण के कारण ही व्यक्ति समान परिस्थिति में समान ढंग से व्यवहार करता है।

व्यक्तियों में शीलगुण का विकास अंशतः अधिगम तथा अंशतः आनुवंशिक कारकों पर निर्भर करता है। शीलगुणों में परिवर्तन घर तथा स्कूल में दिये गए बाल्यावस्था के प्रशिक्षण द्वारा तथा उस मॉडल व्यक्ति द्वारा होता है जिसका व्यक्ति अपनी जिंदगी में अनुकरण करता है। जैसे- जिस बच्चा का बाल्यावस्था में सख्त सत्तावादी प्रशिक्षण प्राप्त होता है, प्रायः आगे चलकर उसमें एक अनम्य समायोजी पैटर्न विकसित हो जाता है। अन्य बातों के अलावा वयस्कावस्था में ऐसे लोग अतिनियंत्रित, अंतर्मुखी, रूढ़िवादी, परम्परागत, अवरोधी आदि व्यवहार दिखाने वाले हो जाते हैं। इन सबों से मिलकर जिस व्यक्तित्व संलक्षण का विकास होता है, उसे सत्तवादी व्यक्तित्व संलक्षण कहा जाता है।

स्पष्ट हुआ है कि व्यक्तित्व विकास एक ऐसा संम्प्रत्यय है जिसमें न केवल आत्म संप्रत्यय बल्कि शीलगुणों का विकास भी सम्मिलित होता है तथा इसमें आनुवंशिकता एवं पर्यावरण दोनों का संयुक्त योगदान होता है।

2.4.1 व्यक्तित्व विकास के अध्ययन की विधियाँ-

मनोवैज्ञानिकों ने इसके अध्ययन हेतु निम्नलिखित महत्वपूर्ण विधियों को प्रकाश में लाया है-

(क) प्रयोगात्मक विधि

(ख) सहसंबंधात्मक विधि

(ग) केस-अध्ययन विधि

(घ) अनुदैर्ध्य विधि

(ड.) अनुप्रस्थकाट विधि

आइए, अब हम लोग इन विधियों पर चर्चा करें।

(क) प्रयोगात्मक विधि-

व्यक्तित्व विकास के अध्ययन की यह विधि काफी लोकप्रिय है जिसमें प्रयोगात्मक प्राक्कल्पना की जाँच एक नियंत्रित परिस्थिति में की जाती है। इसमें कुछ चर ऐसे होते हैं जिनमें प्रयोगकर्ता जोड़-तोड़ करता है। इसे स्वतंत्र चर कहा जाता है तथा कुछ चर ऐसे होते है जिसपर उस जोड़-तोड़ का प्रभाव पड़ते देखा जाता है। ऐसे चर को आश्रित चर कहा जाता है। इस विधि में सामान्यतः प्रयोज्यों को दो या दो से अधिक समूहों में बाँट दिया जाता है और प्रत्येक समूह को स्वतंत्र चर के विभिन्न स्तर से अनावृत किया जाता है। सामान्यतः यादृच्छिक आवंटन की प्रक्रिया अपनाकर विभिन्न समूहों को स्वतंत्र चर में जोड़-तोड़ करने के पहले तुल्य किया जाता है। इस यादृच्छिक आवंटन के बाद स्वतंत्र चर में किये गए जोड़-तोड के कारण आश्रित चर में अंतर होते देखा जाता है तो प्रयोगकर्ता सामान्यतः इस निष्कर्ष पर पहुँचता है कि ऐसा अंतर स्वतंत्र चर में किये गये जोड़-तोड़ के कारण हुआ है तथा आश्रित चर में होने वाले परिवर्तन का कारण स्वतंत्र चर ही है।

(ख) सहसंबंधात्मक विधि-

जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, इस विधि में दो व्यक्तित्व विकास चरों के बीच सहसंबंध ज्ञात करके उनके बारे में पूर्वानुमान लगाया जाता है। इस विधि में चरों में कोई जोड़-तोड़ नहीं किया जाता है बल्कि व्यक्तियों का प्रेक्षण स्वाभाविक परिस्थिति में किया जाता है। इस अध्ययन में मुख्य प्रश्न जिसका उत्तर शोधकर्ता जानना चाहता है, वह है- ''क्या चर '(क)' तथा '(ख)' साथ-साथ परिवर्तित होते हैं? क्या '(क)' चर में होने वाले परिवर्तन की दिशा '(ख)' चर में परिवर्तन की दिशा के अनुकूल है या प्रतिकूल है? इसके लिए दोनों चरों के बीच सहसंबंध गुणांक ज्ञात किया जाता है जिसकी अनेक विधियाँ हैं जिनमें 'पियर्सन विधि'' सबसे प्रमुख विधि है। सहसंबंध गुणांक पूर्ण धनात्मक (+1.00) से पूर्ण ऋणात्मक (-1.00) तक होता है। शून्य सहसंबंध इस बात का द्योतक होता है कि दोनों चरों के बीच कोई सहसंबंध नहीं है। धनात्मक सहसंबंध से दोनों चरों में समान परिवर्तन होने का संकेत मिलता है तथा ऋणात्मक सहसंबंध से दोनों चरों में विपरीत परिवर्तन का संकेत मिलता है।

(ग) केस अध्ययन विधि-

इस विधि में व्यक्तित्व मनोविज्ञानी किसी व्यक्ति के व्यवहारों एवं उनके जीवन की घटनाओं का क्रमबद्ध रिकार्ड कुछ समय तक करते हैं, फिर उसका विश्लेषण करके कुछ निश्चित निष्कर्ष पर पहुँचते हैं। अतः यह विधि एक तरह से अनुदैर्ध्य उपागम पर आधृत है। इस विधि का उपयोग

व्यक्तित्व विकास के अध्ययन में सबसे अधिक जीन पियाजे द्वारा किया गया। इन्होंने अपने तीनों बेटियों में होने वाले संज्ञानात्मक विकास का क्रमबद्ध अध्ययन किया।

सिगमंड फायड ने इस विधि का उपयोग सांवेगिक रूप से क्षुब्ध व्यक्तियों के व्यक्तित्व के अध्ययन में तथा मैसलों तथा रोजर्स ने इस विधि का अध्ययन सामान्य व्यक्तियों में व्यक्तित्व पैटर्न के अध्ययन में क्रमबद्ध रूप से किया है।

इस विधि के उपयोग में सबसे बड़ी कठिनाई जो आती है, वह यह है कि इससे प्राप्त परिणाम का सामान्यीकरण व्यक्तियों के बड़े समूह के लिये संभव नहीं है, क्योंकि इसमें मात्र एक या दो व्यक्तियों का ही अध्ययन किया जाता है।

(घ) अनुदैर्ध्य विधि-

व्यक्तित्व पैटर्न के विकास के अध्ययन करने की यह सबसे उत्तम विधि है। इस विधि में एक व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह का विभिन्न समय अंतरालों पर क्रमबद्ध रूप से प्रेक्षण किया जाता है तथा उनका रिकार्ड तैयार करके विश्लेषण किया जाता है। इस तरह से इस विधि में व्यक्तियों की जिन्दगी के विभिन्न अंतरालों में हुए विकास की आपस में तुलना की जा सकती

(ड.) अनुप्रस्थ-काट विधि-

इस विधि में अध्ययनकर्ता विभिन्न उम्र के व्यक्तियों के विभिन्न समूहों की एक साथ तुलना करता है और एक निष्कर्ष पर पहुँचता है। अतः यह अनुदैर्ध्य विधि से भिन्न तथा विपरीत है जहाँ एक समूह के व्यक्तियों को विभिन्न समय अंतरालों पर अध्ययन करके शोधकर्ता एक निश्चित निष्कर्ष पर पहुँच जाता है। अनुप्रस्थ काट विधि व्यक्तित्व विकास के अध्ययन का एक स्नैपशॉट उपागम है।

व्यक्तित्व विकास के अध्ययन में इस विधि का उपयोग टेम्पलिन (1957) द्वारा किया गया। इन्होंने अपने अध्ययन में विभिन्न उम्र समूहों के 60 बच्चों का चयन किया। इस अध्ययन में उन्होंने बच्चों में भाषा विकास के विभिन्न पहलुओं जैसे शब्दकोष, आवाज, विभेद, व्याकरण तथा भाषण-आवाज चिंतन आदि का तुलनात्मक अध्ययन करके कुछ महत्वपूर्ण निष्कर्ष दिये।

इस विधि द्वारा व्यक्तित्व विकास का अध्ययन करने में समय की काफी बचत होती है और अध्ययनकर्ता को अंतिम आँकड़े प्राप्त करने के लिये बहुत लम्बे समय का इंतजार नहीं करना पड़ता है। इसके बावजूद इस विधि की परिसीमा यह है कि इसमें प्रयोज्यों के चयन की काफी वस्तुनिष्ठ एवं सख्त विधि की आवश्यकता पड़ती है ताकि उम्र समूहों का उचित प्रतिनिधित्व मिल सके।

2.4.2 व्यक्तित्व विकास की प्रक्रिया-

व्यक्तित्व विकास की कुछ खास तो कुछ सामान्य विशेषता होती है। आइये,इन विशेषताओं पर नजर डालें।

1. व्यक्तित्व विकास में आरंभिक नींव महत्वपूर्ण होते हैं-

इसका मतलब यह हुआ कि व्यक्तित्व विकास की आरंभिक अवस्थाओं में जो मनोवृत्ति, आदत तथा व्यवहार का पैटर्न स्थापित होता है, वह बहुत हद तक बाद के व्यक्तित्व विकास में होने वाले परिवर्तनों को निर्धारित करता है।

7. व्यक्तित्व विकास में परिपक्वता तथा अधिगम दोनों की भूमिका प्रधान होती है-

व्यक्तित्व विकास में परिपक्वता मौलिक संसाधनों को प्रदान करता है जिसके अनुसार व्यक्ति सीखकर व्यवहार के सामान्य क्रम एवं पैटर्न को दिखाता है।

3. विकास का एक निश्चित एवं पूर्वानुमेय पैटर्न होता है-

जब तक पर्यावरण या अन्य समान कारकों का हस्तक्षेप नहीं होता है व्यक्ति के विभिन्न अवस्थाओं में होने वाला विकास एक निश्चत पैटर्न के अनुसार चलता रहता है जो पूर्वानुमेय होता है।

4. सभी व्यक्ति एक-दूसरे से भिन्न होते हैं-

व्यक्तित्व का विकास इस ढंग से होता है कि सभी व्यक्ति एक दूसरे से भिन्न होते हैं। यह विशेषता अभिन्न जुड़वों में भी पायी जाती है।

5. व्यक्तित्व विकास के प्रत्येक अवस्था की अपनी विशेषता होती है-

व्यक्तित्व विकास के प्रत्येक अवस्था में व्यक्ति कुछ खास ढंग का विशेष व्यवहार करता है। प्रत्येक अवस्था में कुछ अवधि संतुलन की होती है तो कुछ अवधि असंतुलन की होती है। संतुलन की अवधि में व्यक्ति अपने वातावरण की माँगों के साथ आसानी से समायोजन कर लेता है तथा उत्तम समायोजन करता है। असंतुलन की अवधि में व्यक्ति अपने वातावरण के माँगों के साथ ठीक ढंग से समायोजन नहीं कर पाता है जिससे सामाजिक समायोजन में कठिनाइयाँ होती है।

6. व्यक्तित्व विकास के प्रत्येक अवस्था में कुछ जोखिम होते हैं-

विकास का प्रत्येक अवस्था में कुछ भौतिक, मनोवैज्ञानिक या पर्यावरणी जोखिम कारक होते हैं जिनसे व्यक्तित्व विकास थोड़ा अवस्द्ध होते हैं।

7. व्यक्तित्व विकास पर सांस्कृतिक परिवर्तनों का प्रभाव पड़ता है-

प्रत्येक व्यक्ति एक परिवार में जन्म लेता है और उस परिवार के सांस्कृतिक मानकों एवं मूल्यों से बँधा होता है। अतः वह स्वाभाविक है कि व्यक्तित्व विकास पर उन सांस्कृतिक परिवर्तनों का प्रभाव पड़े।

8. व्यक्तित्व विकास के प्रत्येक अवस्था की कुछ अपनी सामाजिक प्रत्याशाएं होती हैं-

विकास की प्रत्येक अवस्था में व्यक्ति कुछ कौशलों को सीखता है तथा व्यवहार के विभिन्न अनुमोदित पैटर्न को सीखता है। इसे हैविंगहर्स्ट (1953) ने विकासात्मक कार्य कहा है।

स्पष्ट हुआ कि व्यक्तित्व विकास की विभिन्न अवस्थाओं की अपनी कुछ विशेषताएँ होती हैं। आइए, अब व्यक्तित्व विकास की प्रक्रिया पर चर्चा करें।

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार व्यक्तित्व विकास की प्रक्रिया निम्नांकित अवस्थाओं में संपन्न होती है-

1. पूर्वप्रसूत अवस्था में व्यक्तित्व विकास
7. शैश्वावस्था में व्यक्तित्व विकास
3. बचपनावस्था में व्यक्तित्व विकास
4. बाल्यावस्था में व्यक्तित्व विकास
5. पूर्वकिशोरावस्था में व्यक्तित्व विकास
6. किशोरावस्था में व्यक्तित्व विकास
7. प्रौढ़ावस्था में व्यक्तित्व विकास
8. मध्यावस्था में व्यक्तिव विकास
9. वृद्धावस्था में व्यक्तित्व विकास

इन सबका वर्णन इस प्रकार हैं-

1. पूर्वप्रसूति अवस्था में व्यक्तिव विकास-

पूर्व प्रसूति काल गर्भधारण से लेकर जन्म तक की अवधि है जो सामान्यतः 280 दिनों तक विस्तरित रहता है। यह अवस्था तीन भागों में बँटी होती है- जायगोट की अवस्था (गर्भधारण से

14 दिनों की अवधि), भ्रूण की अवस्था (दूसरा सप्ताह से आठवें सप्ताह तक की अवधि) तथा फेटस की अवस्था (9वें सप्ताह से जन्म तक की अवधि)। अध्ययनों से पता चलता है कि इस अवधि में हुई घटनाओं का माँ के गर्भ में पल रहे बच्चे के व्यक्तित्व विकास पर काफी प्रभाव पड़ता है। बोवेस एवं उनके सहयोगियों (1970) ने अपने अध्ययन में यह पाया है कि यदि गर्भवती माता किसी कारण से कुनैन का उपयोग करती है, तो उनके बच्चे में बहरापन रोग हो जाता है। उसी तरह एसपिरीन तथा एण्टीबायटिक्स का उपयोग करने से बच्चे में हृदय रोग की संभावना बढ़ जाती है। उसी तरह गर्भावस्था में जब माताएँ कुपोषण का शिकार हो जाती है, तो उनके बच्चों में मानसिक मंदता उत्पन्न होने की संभावना अधिक हो जाती है। इतना ही नहीं, ऐसे बच्चों का शारीरिक विकास भी काफी मंदित हो जाता है तथा कई तरह के स्नायविक दोष उत्पन्न हो जाते हैं जिनसे उनका व्यक्तिव विकास मंदित हो जाता है।

7. शैशवावस्था में व्यक्तिव विकास-

शैशवावस्था जन्म से लेकर दो सप्ताह तक की अवधि को कहा जाता है तथा यह अवस्था सभी अवस्थाओं से छोटी होती है। इसे दो भागों में बाँटा गया है- प्रसव अवधि, जो जन्म से लगभग 30 मिनट तक का होता है तथा न्योनेट की अवधि, जो नाभि (नाड़ी) को काटकर बाँधने से दूसरे सप्ताह तक की अवधि को कहा जाता है। शैशवावस्था की क्रियाओं एवं घटनाओं से न केवल भविष्य में विकसित होने वाले व्यक्तित्व के पैटर्न का पता चलता है बल्कि इनका ऐसे व्यक्तित्व विकास पर काफी प्रभाव भी पड़ता है। इस अवधि में बच्चों में तरह-तरह की भिन्नता पायी जाती है। कुछ बच्चे अधिक रूदन करते हैं तो कोई कम। कुछ बच्चों द्वारा पेशीय क्रियाएँ अधिक होती हैं तो कुछ बच्चों द्वारा ऐसी क्रियाएँ कम एवं अनियंत्रित होती हैं। कुछ बच्चों में अमुक तरह के प्रतिवर्त क्रियाएँ अधिक होते हैं। कुछ बच्चे बहुत सोते हैं तो इस अवधि में कुछ बच्चे ऐसे भी होते हैं जो तुलनात्मक रूप से कम सोते हैं। इन सभी तरह की क्रियाओं का व्यक्तित्व विकास पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभाव पड़ते देखा गया है।

3. बचपनावस्था में व्यक्तित्व विकास-

बचपनावस्था की शुरूआत जन्म के दो सप्ताह बाद से प्रारंभ होकर अगले दो साल तक बनी होती है। बचपनावस्था को व्यक्तित्व विकास का विवेचित या क्रान्तिक अवस्था कहा जाता है। इसे विवेचित अवस्था इसलिए कहा जाता है क्योंकि इसी अवधि में उन सारी चीजों की नींव पड़ती है जिस पर वयस्क व्यक्तित्व संरचना का आगे चलकर निर्माण होता है। निम्नांकित पाँच ऐसे सबूत प्राप्त हैं जिनके आधार पर यह कहा जा सकता है कि वयस्क व्यक्तित्व संरचना की नींव इस अवधि में पड़ती है-

क. कोट्स एवं उनके सहयोगियों (1972) तथा रटर (1972) ने अपने-अपने अध्ययनों के आधार पर यह बतलाया है कि इस अवधि में बच्चों में सांवेगिक वंचन होने पर (जैसा कि घर में माँ द्वारा बच्चे के साथ अंतक्रिया करने के लिए समयाभाव के होने से या बच्चा को किसी संस्थान में रख देने से प्रायः होता है) आगे उनके व्यक्तित्व विकास में बहुत सारी कमियाँ उत्पन्न होते पायी गयी है। प्रायः ऐसे वयस्क सांवेगिक रूप से अस्थिर प्रकृति के होते देखे गए हैं।

ख. चूँकि इस अवधि में बच्चे की अन्तःक्रिया माँ के साथ सबसे ज्यादा होती हैं| यदि माँ के साथ संबंध अनुकूल तथा स्नेहमयी होता है, तो बच्चों में धनात्मक आत्म-संप्रत्यय का विकास होता है।

ग. इस अवधि में जब कोई अप्रत्याशित तथा प्रतिकूल घटना घटती है, तो उस समय बच्चों में विकसित हो रहे शीलगुण पर बुरा प्रभाव पड़ता है। जैसे- स्टोन एवं चर्च (1973) ने अपने अध्ययन में पाया कि इस अवधि में जब बच्चों में स्वतंत्रता का शीलगुण का निर्माण हो रहा होता है और यदि उस समय माता-पिता से उसे अतिसंरक्षण मिलता है, तो यह बच्चे के लिए हानिकारक सिद्ध होता है और उस शीलगुण का विकास अवरूद्ध हो जाता है।

घ. जराई एवं स्कीनफिल्ड (1968) के अध्ययन के अनुसार इसी अवस्था में बच्चों में यौन अंतर की नींव भी पड़ जाती है जो बाद में पुरूष बच्चा को एक ढंग से तथा स्त्री बच्चा को दूसरे ढंग से व्यवहार करने एवं सोचने के लिए बाध्य करता है।

ड. इस अवस्था में व्यक्तित्व पैटर्न का सार अर्थात् आत्म-संप्रत्यय का जो जन्म होता है, वह बाद में करीब-करीब वैसा ही रह जाता है। विशेष पर्यावरणी परिस्थिति के होने पर उसमें हल्का-सा परिवर्तन होता है। जैसे-जैसे समय बीतता जाता है, व्यक्तित्व का यह सार कम-से-कम लचीला होता चला जाता है। वैसी परिस्थिति में व्यक्तित्व शीलगुणों में किसी तरह के परिवर्तन से व्यक्तित्व संतुलन बिगड़ जाता है।

4. बाल्यावस्था में व्यक्तित्व विकास-

बाल्यावस्था 2 वर्ष की आयु से प्रारंभ होकर 12 वर्ष की आयु तक की होती है। इसमें 2 वर्ष से 6 वर्ष की आयु तक को आरंभिक बाल्यावस्था तथा 6 से 12 वर्ष की आयु तक को उत्तर बाल्यावस्था कहा जाता है। बाल्यावस्था को प्राक्स्कूल अवस्था या प्राक् टोली अवस्था तथा उत्तर बाल्यावस्था को टोली अवस्था भी कहा जाता है। इस अवस्था में बच्चों का शारीरिक विकास, भाषा विकास, सांवेगिक विकास, सामाजिक विकास, मानसिक एवं संज्ञानात्मक विकास तेजी से होता है। इस अवस्था में शरीर की मांशपेशियाँ अधिक गठीली और मजबूत हो जाती है जिससे

बचपन वाली आकृति धीरे-धीरे खत्म होने लगती है। यह अवस्था समाप्त होते-होते बालकों में 32 स्थायी दाँतों में से 28 स्थायी दाँत निकल आते हैं और बाकी चार स्थायी दाँत किशोरावस्था में निकलते हैं। इस अवस्था में बालकों में शब्दावली निर्माण में वृद्धि, उच्चारण में स्पष्टता तथा जटिल वाक्यों का प्रयोग आदि अधिक पाया जाता है। इनके संभाषण अब अधिक नियंत्रित एवं तथ्य पूर्ण दिखाई पड़ने लगते हैं। इनका सांवेगिक पैटर्न भी अब पहले की तुलना में अधिक परिपक्व हो जाता है। बाल्यावस्था समाप्त होते-होते, सांवेगिक अभिव्यक्ति का ढंग अधिक परिपक्व हो जाता है। वे सामाजिक रूप से बहिष्कृत संवेगों की अभिव्यक्ति नहीं करते हैं क्योंकि वे जानते हैं कि ऐसा करने से उसे उन्हें दूसरों का सामाजिक अनुमोदन प्राप्त नहीं हो सकेगा। मनोवैज्ञानिकों द्वारा किये गए अध्ययनों से यह संयुक्त रूप से स्पष्ट हुआ है कि बाल्यावस्था समाप्त होते ही बच्चों के व्यक्तित्व में कुछ खास प्रकार के सामाजिक व्यवहार विकसित होते हैं जिनमें प्रमुख हैं- सामाजिक अनुमोदन की प्राप्ति के लिए प्रयास करना, किसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिये प्रतियोगिता करना, उत्तरदायित्व लेना, सामाजिक सूझ, सामाजिक विभेद, पूर्वाग्रह तथा यौन प्रतिरोध आदि दिखाना। इस अवस्था तक व्यक्ति में 90 प्रतिशत मानसिक विकास पूरा हो जाता है तथा वह तरह-तरह के परिपक्व संज्ञानात्मक व्यवहार करने लगता है।

5. पूर्व किशोरावस्था में व्यक्तित्व विकास-

यह अवस्था सामान्यतः 11-12 वर्ष से 13-14 वर्ष तक की होती है। इस अवस्था में व्यक्तित्व विकास संबंधी परिवर्तन काफी स्पष्ट होते हैं और लड़कों की तुलना लड़कियों का व्यक्तित्व विकास अधिक प्रभावित होता है क्योंकि यह वह अवस्था होती है जहाँ लड़कियों पर सामाजिक प्रतिबंध लगना प्रारंभ हो जाते हैं। मोरे (1989) द्वारा किये गये अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ है कि इस अवस्था में व्यक्ति में चिंता, चिड़चिड़ापन तथा उदासी आदि अधिक बढ़ जाता है। इस अवधि में असहयोगिता, किसी बात को प्रायः नहीं मानना, विपरीत लिंग के व्यक्तियों के साथ झगड़ना आदि मुख्य रूप से पाये जाते हैं। लड़कों तथा लड़कियों दोनों में इस अवस्था में प्रायः सरदर्द, पीठ दर्द, तथा पूरे शरीर में सामान्य दर्द की शिकायत भी होती है जो स्पष्टतः उनके ग्रन्थीय विकास के कारण होते हैं।

6. किशोरावस्था में व्यक्तित्व विकास-

यह अवस्था 14-15 साल की आयु से लगभग 19-20 साल की आयु तक होती है। व्यक्तित्व विकास की यह अवस्था एक महत्वपूर्ण अवस्था है क्योंकि इसमें बहुत तरह के दैहिक एवं मनोवैज्ञानिक परिवर्तन होते हैं, जिसका असर व्यक्तित्व विकास पर सीधा पड़ता है इसे 'तनाव एवं तूफान की अवस्था' भी कहा गया है क्योंकि इसमें बहुत तरह की समस्याएँ उत्पन्न हो जाती हैं

जिनसे व्यक्तित्व पैटर्न का विकास प्रभावित होता है। लड़के एवं लड़कियों दोनों के शारीरिक ऊँचाई, भार, शरीर के अंगों का अनुपात, यौन अंगों एवं गौण यौन विशेषताओं में पर्याप्त परिवर्तन आते हैं जिनका असर व्यक्तित्व विकास पर सीधा पड़ता है। गैसेल तथा मोरे (1965) ने अपने अध्ययन में पाया कि 16-17 साल के बालक-बालिकाओं दोनों में ही क्रोध के संवेग की तीव्रता अधिक होती है और फिर धीरे-धीरे इसकी तीव्रता कम हो जाती है। इनमें विषमलैंगिकता का शीलगुण भी विकसित होने लगता है क्योंकि लड़के एवं लड़कियाँ अपने विपरीत यौन के व्यक्तियों के साथ मिलने-जुलने में काफी आनन्द उठाते हैं।

7. प्रौढ़ावस्था में व्यक्तित्व विकास-

यह अवस्था 21 वर्ष से लगभग 40 वर्ष की होती है। इस अवस्था में सामान्यतः व्यक्ति शादी करके अपना घर-परिवार बसाता है और किसी नौकरी या व्यवसाय में लग जाता है तथा अपने आत्म विकास को मजबूत कर आगे बढ़ाता है। इन्हीं कारणों से इसे व्यवस्था या बसाने की अवस्था कहा गया है। इस अवस्था में व्यक्ति की अभिरूचियाँ थोड़ी सीमित हो जाती है। इनकी व्यक्तिगत अभिरूचियाँ, सामाजिक अभिरूचियाँ तथा मनोरंजन से संबद्ध अभिरूचियाँ किशोरावस्था के समान बहुत अधिक न होकर सीमित हो जाती हैं। इसका परिणाम यह होता है कि उनमें कुछ नये-नये शीलगुणों का विकास होने लगता है। इस अवस्था में नयी-नयी जवाबदेहियाँ व्यक्ति के कंधे पर आ जाती है। व्यक्ति पर एक तरफ अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियाँ होती हैं तो दूसरी तरफ अपने व्यवसाय या नौकरी से संबद्ध जिम्मेवारियाँ। इससे व्यक्ति की जिंदगी थोड़ा तनावयुक्त हो जाती है। प्रायः वह अपनी समस्याओं का समाधान स्वतंत्र रूप से करना चाहता है। इस अभ्यास से उसमें सर्जनात्मकता का गुण भी विकसित होता है। चाहे इस अवस्था में वयस्क विवाहित या अविवाहित हो, अगर उनका सामाजिक-आर्थिक स्तर अनुकूल होता है, तो उनकी सामाजिक क्रियाएँ अधिक बढ़ जाती है। परंतु यदि उनका सामाजिक आर्थिक स्तर प्रतिकूल होता है, तो ऐसी सामाजिक क्रियाएँ काफी कम एवं सीमित ही हो पाती हैं।

8. मध्यावस्था में व्यक्तित्व विकास-

मध्यावस्था या मध्यवयस्कावस्था की अवधि 40 से 60 वर्ष की होती है। इस अवस्था में व्यक्ति में कई कारणों से तनाव अधिक होता पाया गया है। मारमोर (1967) के अनुसार इस अवस्था में चार तरह के तनाव मुख्य रूप से होते हैं जिनका व्यक्तित्व पैटर्न के विकास पर सीधा असर पड़ता है।

क. दैहिक तनाव- उम्र के परिणामस्वरूप गिरते स्वास्थ्य के कारण इस तरह का तनाव उत्पन्न होता है।

ख. सांस्कृतिक तनाव- इस तरह के तनाव का मुख्य कारण सामाजिक परिवेश में यौवन-शक्ति को उनके तुलना में अधिक महत्व दिया गया होता है।

ग. आर्थिक तनाव- इसका कारण सेवामुक्त होने पर आय में कमी तथा इस सीमित आय से परिवार के सदस्यों को शिक्षित करके स्तर संकेत प्रदान करने के प्रयास से होता है।

घ. मनोवैज्ञानिक तनाव- इस तरह के तनाव के कई कारण होते हैं जिनमें पति या पत्नी का देहांत, घर से बच्चों का व्यवसाय या नौकरी पर चला जाना, वैवाहिक जीवन का ऊब, मृत्यु के करीब होने का अनुमान आदि प्रमुख है।

सामान्यतः यह कहा जाता है कि इस अवस्था में दैहिक क्षमता में गिरावट आने के साथ-ही-साथ मानसिक क्षमता में भी गिरावट आती है। परंतु प्रयोगात्मक सबूत इसके विपरीत हैं। टरमेन एवं ओडेन (1959)ने पुरूषों तथा महिलाओं के समूह पर एक अनुदैर्ध्य अध्ययन किया और पाया कि उच्च बौद्धिक क्षमता वाले व्यक्तियों में इस मध्यावस्था में भी बौद्धिक तथा मानसिक ह्रास के कोई सबूत नहीं मिलते हैं।

9. वृद्धावस्था में व्यक्ति विकास-

जीवन अवधि की अंतिम अवस्था वृद्धावस्था होती है जो सामान्यतः 60 वर्ष से प्रारंभ होकर मृत्यु तक विस्तरित होती है। 60 से 70 साल की अवधि को आरंभिक वृद्धावस्था तथा 70 से मृत्यु तक की अवधि को प्रगत वृद्धावस्था कहा जाता है। इस अवस्था में कुछ विशेष दैहिक एवं मनोवैज्ञानिक परिवर्तन होते हैं जिनसे वृद्धों के समायोजन क्षमता पर बुरा प्रभाव पड़ता है तथा उनके खुशियों को कुप्रभावित करता है। हरलाँक (1989) के अध्ययनानुसार इस अवस्था में व्यक्ति के सामान्य रूप रंग एवं डील-डौल में स्पष्ट परिवर्तन आते हैं। इतना ही नहीं, उनमें आंतरिक परिवर्तन भी होते हैं जिनसे उनकी संवेदी एवं पेशीय क्षमताएँ काफी प्रभावित हो जाती हैं और व्यक्तित्व की सामान्य समयोजन क्षमता कम हो जाती है।

अभ्यास प्रश्न-

1. इनमें से किस मनोवैज्ञानिक ने व्यक्तित्व की सर्वाधिक उपयुक्त परिभाषा दी हैं?

क. शेल्डन ख. कैटेल

ग. क्रेश्मर घ. ऑलपोर्ट

.2 व्यक्तित्व विकास के अध्ययन की वह विधि जिसमें व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह का विभिन्न समय अन्तरालों पर क्रमबद्ध निरीक्षण कर उनका रेकार्ड तैयार किया जाता है, कहते हैं-

क. अनुप्रस्थ काट विधि ख. प्रयोगात्मक

ग. केस अध्ययन विधि घ. अनुदैर्ध्य विधि

2.9 सार संक्षेप

जहां कुछ मनोवैज्ञानिकों ने व्यक्तित्व को व्यक्ति के बाह्य पक्ष, जैसे रूप-रंग, वेश-भूषा, बनावट आदि के आधार पर परिभाषित करने का प्रयास किया है, वहीं दूसरी ओर कुछ अन्य मनोवैज्ञानिकों ने व्यक्ति के आन्तरिक पक्ष को महत्व देते हुए मनुष्य के स्वभाविक स्थायी गुणों, जैसे- बुद्धि, धातु-स्वभाव, कौशल, नैतिकता आदि के आधार पर व्यक्तित्व की परिभाषा दी है। व्यक्तित्व विकास को प्रभावित करने वाले कारकों को मूलतः दो भागों में बाँटा गया है- जैविक एवं सामाजिक या वातावरण। इन्हें व्यक्तित्व का निर्धारक भी कहते हैं।

- जैविक कारक के अन्तर्गत आने वाले कारक हैं- आनुवंशिकता, शारीरिक गठन व धातु स्वभाग, अन्तःस्रावी ग्रंथिया, स्नायुमण्डल आदि।
- सामाजिक कारक के अन्तर्गत व्यक्ति के जीवन के प्रारंभिक वर्षो का वातावरण, पारिवारिक वातारण, स्कूल, पड़ोस, खेल के साथी, समुदाय, संस्कृति आदि आते हैं।
- व्यक्तित्व विकास से तात्पर्य व्यक्तित्व पैटर्न के विकास से है। इसके मुख्य दो तत्व होते हैं- आत्म-संप्रत्यय तथा शीलगुण
- व्यक्तित्व विकास के अध्ययन की निम्नलिखित विधियां हैं- प्रयोगात्मक विधि, सहसम्बन्धात्मक विधि, केस-अध्ययन विधि, अनुदैर्ध्य विधि तथा अनुप्रस्थ काट विधि।
- व्यक्तित्व विकास की प्रक्रिया विभिन्न अवस्थाओं में सम्पन्न होती है तथा प्रत्येक अवस्था की अपने कुछ खास तो कुछ सामान्य विशेषता होती है।
- व्यक्तित्व विकास की निम्नलिखित अवस्थाएं हैं- पूर्व प्रसूत अवस्था, शौशवावस्था, बचपनावस्था, बाल्यावस्था, पूर्व किशोरावस्था, किशोरावस्था, प्रौढ़ावस्था, मध्यावस्था तथा वृद्धावस्था।

2. 10 पारिभाषिक शब्दावली

आत्मसंप्रत्यय: व्यक्ति के स्वयं से सम्बद्ध एक ऐसा तथ्य जिसमें व्यक्ति यह समझता है कि वह - कौन है तथा क्या है? यह एक दर्पणहोता है जो व्यक्ति द्वारा सम्पन्न भूमिकाओं बिम्ब-, दूसरों के साथ उसके सम्बन्धों तथा उसके प्रति दूसरों द्वारा की गई प्रतिक्रियाओं द्वारा निर्धारित होता है।

हार्मोन्सशरीर की अन्तःस्रावी ग्रन्थियों से निकलने वाला स्राव जो शरीर या उसके किसी अंग की : क्रियाओं को बढ़ाने या घटाने की शक्ति रखता है।

2. 12 संदर्भ-ग्रन्थ सूची

- व्यक्तित्व का मनोविज्ञान- अरूण कुमार सिंह/आशीष कुमार सिंह, मोतीलाल बनारसी दास।
- सामान्य मनोविज्ञान- सिन्हा एवं मिश्रा, भारती भवन।
- आधुनिक सामान्य मनोविज्ञान- सुलैमान एवं खान, शुक्ला बुक डिपो, पटना।
- Walter Mischel – Introduction to Personality.
- Shaffer & Lazarus – Theories of Personality.
- Eysenck – The scientific study of personality

2.13 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

1. ऑलपोर्ट 2.अनुदैर्ध्य विधि

2.14 स्व मूल्यांकन हेतु प्रश्न

1. व्यक्तित्व से आप क्या समझते हैं? इसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालें।
2. व्यक्तित्व के जैविक निर्धारकों की विवेचना करें।
3. व्यक्तित्व से आप क्या समझते हैं? व्यक्तित्व विकास के अध्ययन की विभिन्न विधियों का वर्णन करें।
4. व्यक्तित्व विकास की प्रक्रिया किन-किन अवस्थाओं में सम्पन्न होती हैं? व्याख्या करें

इकाई 3. मूल्यांकन के सिद्धांत और नैतिक विचार (Principle of assessment & ethical considerations)

इकाई संरचना

3.1 प्रस्तावना

3.2 उद्देश्य

3.3 मूल्यांकन का प्रत्यय

3.4 मूल्यांकन की आवश्यकता

3.5 मूल्यांकन के सिद्धांत

3.6 मूल्यांकन और नैतिकता में सम्बन्ध

3.7 सारांश

3.8 स्वमूल्यांकित प्रश्नों के उत्तर

3.9 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

3.10 निबन्धात्मक प्रश्न

3.1 प्रस्तावना

व्यक्तिगत मूल्यांकन व्यक्तिगत विशेषताओं के मापन को संदर्भित करता है । प्रत्येक व्यक्ति में व्यक्तिगत भिन्नताएं होती हैं जो प्रत्येक व्यक्ति को एक दूसरे से अलग बनाती हैं तथा प्रत्येक व्यक्ति में भिन्न-भिन्न गुणों का समावेश होता है, जिसके आधार पर उनका मूल्यांकन किया जाता है। व्यक्तित्व परीक्षण व्यवस्थित मूल्यांकन हैं, जिनका उद्देश्य किसी के व्यक्तित्व और व्यवहार के विभिन्न पहलुओं को मापना है, जैसे पारस्परिक कौशल , मूल्य , स्वभाव, अंतर्मुखता और बहिर्मुखता, क्या चीज उन्हें सफल होने के लिए प्रेरित करती है, और भी बहुत कुछ उन गुणों से सम्बंधित होता है व्यक्तित्व मूल्यांकन में विशेषज्ञ द्वारा अपनाया गया दृष्टिकोण इस धारणा पर आधारित है कि एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के व्यवहार में बहुत अधिक परिवर्तनशीलता इस बात के अंतर से उत्पन्न होती है कि व्यक्तियों में किस हद तक विशेष अंतर्निहित व्यक्तिगत विशेषताएं होती हैं मूल्यांकन विशेषज्ञ इन लक्षणों को परिभाषित करना, उन्हें निष्पक्ष रूप से मापना और उन्हें

व्यवहार के सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण पहलुओं से जोड़ना चाहता है। इन विचारों को ध्यान में रखते हुए, मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए एक नैतिक दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है जो मूल्यांकन कर्ताओं, ग्राहकों और कार्यक्रम प्रतिभागियों के बीच शक्ति गतिशीलता को पहचानता है, और इस असंतुलन को दूर करने के लिए एक रणनीति विकसित करता है। मूल्यांकनकर्ताओं का दायित्व है कि वे अपने व्यवहार में और संपूर्ण मूल्यांकन प्रक्रिया में ईमानदारी और निष्ठा प्रदर्शित करें।

3.2 उद्देश्य

प्रस्तुत इकाई के अध्ययन के उपरान्त आप -

1. मूल्यांकन के प्रत्यय को समझ पाएंगे।
2. मूल्यांकन की आवश्यकता को जान पाएंगे।
3. मूल्यांकन के सिद्धांतों की व्याख्या कर सकेंगे।
4. मूल्यांकन और नैतिकता में सम्बन्ध को स्पष्ट कर पाएंगे।

3.3 मूल्यांकन का प्रत्यय

मूल्यांकन का तात्पर्य उन विशेषताओं से है जिनका उपयोग कुछ विशेषताओं के आधार पर लोगों के मूल्यांकन या उनके बीच विभेदन के लिए किया जाता है। मूल्यांकन में किसी विशेष स्थिति में कोई व्यक्ति सामान्यतः कैसा व्यवहार करता है? और कैसे करता है? हम यह समझने का प्रयास करते हैं। हमारी समझ को उन्नत करने के अतिरिक्त मूल्यांकन निदान ,प्रशिक्षण ,स्थानन,परामर्श एवं अन्य उद्देश्यों के लिए भी बहुत उपयोगी है। मनोविज्ञान के अंतर्गत व्यक्तित्व वह क्षेत्र है जो सामान्य व्यक्तियों के विचारों, भावनाओं, व्यवहारों, लक्ष्यों और रुचियों का अध्ययन करता है। **व्यक्तित्व मूल्यांकन** किसी व्यक्ति की विशिष्ट विशेषताओं, व्यवहारिक प्रवृत्तियों और व्यक्तिगत विशेषताओं का मूल्यांकन करने की एक व्यवस्थित प्रक्रिया है, ताकि विशिष्ट भूमिकाओं, टीमों और संगठनात्मक संस्कृति के लिए उनकी उपयुक्तता के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सके। व्यक्तित्व मूल्यांकन हमें यह अनुमान लगाने में मदद करता है, कि लोग विभिन्न परिस्थितियों में कैसा व्यवहार करते हैं या कोई व्यक्ति कुछ भूमिकाओं में कितना अच्छा प्रदर्शन कर सकता है। किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व की समझ के लिए सौद्देश्य औपचारिक प्रयास को व्यक्तित्व मूल्यांकन कहा जाता है।

3.4 मूल्यांकन की आवश्यकता

आज के समय में जब व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में कदम रखता है, तो उसे व्यक्तित्व मूल्यांकन की आवश्यकता होती है।

जिसके आधार पर वह जीवन के किसी भी क्षेत्र जैसे- शिक्षा ,कैरियर, परामर्श ,चिकित्सा आदि में अवसर की तलाश करता है । व्यक्तित्व का मूल्यांकन व्यक्तित्व विशेषकों तथा व्यक्ति की विशेषताओं को मापने के उद्देश्य पर आधारित होता है । व्यक्तित्व मूल्यांकन व्यक्तित्व के सिद्धांत से संबंधित है जिसके द्वारा हम व्यक्ति को समझना चाहते हैं । व्यक्तित्व मूल्यांकन का उपयोग कई कारणों से किया जाता है। सबसे पहले, वे पेशेवरों को अपनी ताकत पहचानने और अपने आत्म-बोध की पुष्टि करने का अवसर प्रदान कर सकते हैं। व्यक्तित्व मूल्यांकन के ये उद्देश्य किसी के चरित्र का परीक्षण करने के मुख्य उद्देश्य को रेखांकित करते हैं। यह आपके चरित्र की कमज़ोरियों को भी उजागर करेगा ताकि आप मार्गदर्शन या स्व-शिक्षण के माध्यम से उन्हें सुधार सकें। व्यक्तित्व मूल्यांकन एक ऐसी तकनीक है जिसका उपयोग किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व को निर्धारित करने के लिए किया जाता है। व्यक्तित्व मूल्यांकन करने के प्राथमिक उद्देश्यों में शामिल हैं:

आत्म-जागरूकता: व्यक्तित्व मूल्यांकन व्यक्तियों को अपनी प्राथमिकताओं, प्रवृत्तियों और दूसरों के साथ बातचीत करने के तरीकों सहित खुद को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकता है। यह बढ़ी हुई आत्म-जागरूकता व्यक्तिगत विकास और विकास की ओर ले जा सकती है।

करियर मार्गदर्शन: व्यक्तित्व मूल्यांकन का उपयोग अक्सर करियर परामर्श में व्यक्तियों को उनके व्यक्तित्व लक्षणों और रुचियों के साथ संरेखित उपयुक्त करियर पथों की पहचान करने में मदद करने के लिए किया जाता है। अपने स्वयं के व्यक्तित्व को बेहतर ढंग से समझकर, व्यक्ति अपने करियर विकल्पों के बारे में अधिक उपयुक्त निर्णय ले सकते हैं।

टीम निर्माण: संगठनात्मक सेटिंग्स में, व्यक्तित्व मूल्यांकन का उपयोग टीम के सदस्यों की ताकत और कमजोरियों की पहचान करके प्रभावी टीमों का निर्माण करने के लिए किया जा सकता है। यह जानकारी प्रत्येक टीम के सदस्य के व्यक्तित्व लक्षणों के पूरक भूमिकाएँ और ज़िम्मेदारियाँ सौंपने में मदद कर सकती है।

संघर्ष समाधान: संघर्ष में शामिल व्यक्तियों के व्यक्तित्व को समझने से संघर्षों को अधिक प्रभावी ढंग से हल करने में मदद मिल सकती है। व्यक्तित्व मूल्यांकन संघर्षों के अंतर्निहित कारणों में अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकता है और ऐसे समाधान खोजने में मदद कर सकता है जो शामिल सभी पक्षों के व्यक्तित्वों पर विचार करते हैं।

व्यक्तिगत विकास: व्यक्तित्व मूल्यांकन का उपयोग व्यक्तिगत विकास और वृद्धि के लिए एक उपकरण के रूप में किया जा सकता है। व्यक्तित्व लक्षणों के आधार पर सुधार के क्षेत्रों की पहचान करके, व्यक्ति नए कौशल विकसित करने या उन व्यवहारों को बदलने पर काम कर सकते हैं जो उन्हें पीछे खींच रहे हैं।

संचार को बढ़ाना: अपने स्वयं के व्यक्तित्व और दूसरों के व्यक्तित्व को समझना संचार और पारस्परिक संबंधों को बेहतर बना सकता है। यह जानकर कि विभिन्न व्यक्तित्व कैसे संवाद करना पसंद करते हैं, व्यक्ति विभिन्न स्थितियों में अधिक प्रभावी होने के लिए अपनी संचार शैली को अनुकूलित कर सकते हैं।

व्यक्ति के जीवन के कई अहम पहलुओं जैसे- अच्छे स्वास्थ्य ,कुशल प्रदर्शन ,प्रभावपूर्ण सामाजिक संबंधों एवं पारस्परिक संबंधों को बेहतर बनाने के लिए व्यक्तित्व मूल्यांकन अत्यधिक महत्वपूर्ण है ।

विद्यालय एवं शैक्षिक व्यवस्था में व्यक्तित्व मूल्याकन का विस्तृत दायरा है। व्यक्तित्व को बच्चे के प्रदर्शन के साथ सबंधित कर दिया गया है। शोध अध्ययनों (स्टीन्स एवं स्लेविन् 1995) ने पाया है कि विशेषक सहमतता का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव पड़ सकता है इसी प्रकार, कर्तव्यनिष्ठा जैसे अन्य व्यक्तित्व विशेषक जो व्यवस्थित एवं चिंतनशील होने से संबंधित हैं, वे भी शैक्षिक सफलता को प्रभावित करते हैं । व्यक्तित्व विशेषक विद्यालय में सामान्य रूप से प्रचलित घटना हिंसक व्यवहार से भी जुड़े है। अध्ययनों (स्ली एस रिवी 1903 कोनाली एड ओमूर, 2003) में हिंसक व्यवहार में लिप्त लोगों के व्यक्तित्व विशेषकों का परीक्षण किया है और उनमें उच्च स्तर का मनोविकार (psychoticism) देखा गया है । संभावित हिंसक व्यवहार वालों की शुरुआती पहचान तथा इसकी रोकथाम में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। व्यक्तित्व मूल्यांकन पेशेवरों को यह समझने में मदद करके सामाजिक लाभ प्रदान कर सकता है कि उन्हें सहकर्मियों, प्रबंधकों और हितधारकों जैसे अन्य लोगों द्वारा कैसे माना जाता है - लुकिंग ग्लास सेल्फ (कूली, 1902)। मूल्यांकन की सहायता से हम व्यक्ति को निर्णय तक पहुँचाते हैं जबकि मूल्यांकन की तैयारी की वास्तविक प्रक्रिया सीखने को मजबूत करने में मदद करती है। मूल्यांकन की सहायता से किसी भी व्यक्ति को होने वाले लाभ ये हैं: यह व्यक्तिगत प्रदर्शन की निगरानी करने में सक्षम बनाता है; यह कर्मचारियों को उनके शिक्षण की प्रभावशीलता और बदले में अध्ययन के कार्यक्रम की सफलता का मूल्यांकन करने में सक्षम बनाता है। नैदानिक और शैक्षणिक दोनों मूल्यांकनों के परिणामों को मिलाकर विद्यार्थियों की समग्र क्षमता की जानकारी प्राप्त होती है। इन परिणामों का उपयोग अध्ययन के कार्यक्रम के माध्यम से प्रगति की अनुमति देने के लिए किया जाता है जिससे अभ्यास करने की क्षमता का प्रदर्शन होता है।

व्यक्तित्व मूल्यांकन का कॅरियर निर्णय में प्रमुखता से प्रयोग किया जाता है । व्यक्तित्व मूल्यांकन हमारी ताकत, रुचियों और मूल्यों को पहचानने में मदद करता है, उन्हें संभावित करियर पथों के साथ संरेखित करता है।हमारे व्यक्तित्व और प्राथमिकताओं को समझकर, करियर मूल्यांकन हमारे उन क्षेत्रों की ओर मार्गदर्शन कर सकता है जिनमें हम सफल हो सकते हैं और आनंद ले सकते हैं। यह सुनिश्चित करता है कि करियर सुझाव हमारी अंतर्निहित प्राथमिकताओं और शक्तियों के

अनुरूप हों। यह दृष्टिकोण न केवल करियर अनुशंसाओं की सटीकता को बढ़ाता है बल्कि हमें ऐसे विकल्प चुनने का अधिकार भी देता है जो वास्तव में हमारे व्यक्तित्व और आकांक्षाओं के अनुकूल हों। व्यक्तित्व मूल्यांकन सभी पहलुओं को अद्वितीय रूप से एकीकृत करता है ताकि हमें यह व्यापक समझ मिल सके कि कौन से करियर हमारे समग्र प्रोफ़ाइल के साथ सबसे अच्छे से मेल खाते हैं, जिससे हमें ऐसा करियर पथ खोजने में मदद मिलती है जो हमारे संपूर्ण व्यक्तित्व के साथ सामंजस्य करता है।

व्यक्तित्व मूल्यांकन का चिकित्सीय प्रयोग व्यक्तित्व विकारों का निदान करने के लिए होता है। परामर्श में भी इसका निहितार्थ है। हम जानते हैं कि (Type A) व्यक्तित्व वाले व्यक्ति अधिक महत्वाकांक्षी अधीर होते है। उनमें बल प्रयोग की प्रवृत्ति होती है आत्म विश्लेषण में कमी होती है, स्वभाव में आक्रामक होते हैं तथा उन्हें सदैव समय की जल्दी रहती है। इस प्रकार के व्यक्तित्व वाले लोगों को हदय संबंधी समस्याओं से अधिक ग्रसित पाया गया है (विलियम इट. अल 2000)। इस प्रकार व्यक्तित्व का हमारे स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ सकता है और अपने व्यक्तित्व को जानने से हमें अपने स्वास्थ्य, व्यवहार एवं आदतों में सुधार करने में सहायता प्राप्त हो सकती है।

व्यक्तित्व का हमारे स्वास्थ्य एवं कुशलक्षेम पर असर होता है। यह हमारी स्वास्थ्य आदतों को प्रभावित करता है। अध्ययनों में व्यक्तित्व विशेषकों एवं हमारे स्वास्थ्य के बीच सबंध का पता चला है। मूबकेली एड विकर्स (1994) के द्वारा अध्ययन में कहा गया है कि (अनुभव के प्रति खुलापन, कर्तव्यनिष्ठा, बहिर्मुखता तथा मनोविक्षुब्धता) कारक अच्छी एवं खराब स्वास्थ्य आदतों दोनों से संबंधित है। उदाहरणार्थ उन्होंने बहिर्मुखता एवं कर्तव्यनिष्ठा को स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित पाया तथा अनुभव के प्रति खुलेपन को नशीले पदार्थ लेने जैसे खतरनाक व्यवहारों से सम्बंधित पाया।

व्यक्तित्व मूल्यांकन की औद्योगिक एवं संगठनात्मक संदर्भ में भी महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें यह जानने की आवश्यकता होती है कि कार्य स्थल पर हमारा व्यक्तित्व हमारे साथ-साथ अन्य लोगों को किस प्रकार से प्रभावित करता है। यह हमारे लिए निर्णायक होता है क्योंकि हम कार्यस्थल पर अपने समय का एक बड़ा हिस्सा अपने साथियों, कनिष्ठ, वरिष्ठ एवं हमउम्र व्यक्तियों के साथ व्यतीत करते हैं। इसलिए लोगों के साथ व्यवस्थित ढंग से रहने का कौशल, अनुकूलता, धैर्य, संवेग को नियंत्रित रखना, प्रभावपूर्ण ढंग से कार्य करने के लिए नेतृत्व क्षमता आदि होना आवश्यक हो जाता है। समूह में कार्य करने, अन्य लोगों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने तथा प्रभावपूर्ण तरीके से संप्रेषण करने की आवश्यकता होती है। वास्तव में, नौकरी में काम का प्रदर्शन,

नौकरी में संतुष्टि तथा संगठन में सफलता के प्रति व्यक्तित्व मूल्यांकन शैक्षिक डिग्री की तुलना में अधिक योगदान देता है।

व्यक्तित्व मूल्यांकन का उपयोग बहुत से अन्य क्षेत्रों जैसे खेल एव मिलिट्री व्यवस्था में भी देखा जा सकता है। रक्षा सेवाओं में व्यक्ति को विशिष्ट परिस्थितियों में विशिष्ट कार्य संरचना तथा पदक्रम के साथ कार्य करने की आवश्यकता होती है। अतः उसे व्यक्ति में विशिष्ट व्यक्तित्व विशेषकों की आवश्यकता होती है।

इस प्रकार, व्यक्तित्व मूल्यांकन की विभिन्न क्षेत्र में प्रासंगिकता एवं उपयोग है। जैसा कि व्यक्तित्व हमारा एक अभिन्न भाग है, इसलिए हम जो कुछ करते हैं उसमें इसका निहितार्थ होता है और इस प्रकार व्यक्तित्व मूल्यांकन के महत्व को नकारा नहीं जा सकता है। व्यक्तित्व का मूल्यांकन करने के लिए अनेक विधियों का प्रयोग किया जाता है। विस्तृत रूप से उन्हें दो समूहों में रखा जा सकता है प्रत्यक्षविधि तथा अप्रत्यक्ष विधि। प्रत्यक्ष विधि में प्रेक्षण, साक्षात्कार, व्यक्तित्व सूची /प्रश्नावली, निर्धारण पैमाने, व्यवहारपरक आंकड़े तथा स्थितिपरक परीक्षण शामिल है। अप्रत्यक्ष विधि में प्रक्षेपीय तकनीकें शामिल है। इसका विस्तृत अध्ययन आप अगली इकाई में करेंगे।

स्व मूल्यांकित प्रश्न

रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -

1. व्यक्तित्व मूल्यांकन का चिकित्सीय प्रयोग ----------का निदान करने के लिए होता है।
2. व्यक्तित्व का मूल्यांकन ----------तथा व्यक्ति की विशेषताओं को मापने के उद्देश्य पर आधारित होता है।
3. व्यक्तित्व मूल्यांकन की विधियों को कितने समूहों में बाँटा गया है।

3.5 मूल्यांकन के सिद्धांत

व्यक्तित्व की संरचना, गतिकी एवं विकास की व्याख्या करने के लिए कई तरह के सिद्धांतों का प्रतिपादन किया गया है। व्यक्तित्व मूल्यांकन में साक्षात्कार, अवलोकन और अन्य मूल्यांकन उपकरणों (वेल्फ़ेल, 2013) जैसे- विभिन्न मनोवैज्ञानिक तरीकों का उपयोग करके व्यक्तियों के कौशल, व्यवहार और व्यक्तिगत विशेषताओं की मूल्यांकन प्रक्रिया शामिल है। व्यक्तित्व मूल्यांकन हेतु कोई भी एक विधि प्रशिक्षक के शिक्षण की गुणवत्ता के बारे में सम्पूर्ण जानकारी प्रस्तुत नहीं करती है। अतः व्यक्तित्व के उचित मूल्यांकन हेतु हमें कई कसौटियों को ध्यान में रखना आवश्यक होता है जिन्हें हम निम्नलिखित सिद्धांतों के रूप में समझते हैं।

- जाँचनीयता (verifiability)
- अन्वेषणात्मक मूल्य (heuristic value)
- आतंरिक संगति(internal consistency)
- मितव्ययिता (parsimony)
- धारणशीलता (comprehensiveness)
- कार्यात्मक महत्व (functional significance)

जाँचनीयता (verifiability)- जाँचनीयता से तात्पर्य इस तथ्य से होता है कि कहाँ तक व्यक्तित्व सिद्धांत के संप्रत्यय अनुसंधानकर्ताओं के द्वारा सही-सही ढंग से जाँच करने के योग्य हैं यहाँ पर यह आवश्यक है कि सिद्धांत के संप्रत्यय पूर्ण रूप से परिभाषित हों तथा एक दूसरे से तार्किक रूप से सम्बंधित हों। जिससे कि हम प्राप्त परिणामों को अनुभव एवं तर्क के आधार पर भी परख सकें।

अन्वेषणात्मक मूल्य (heuristic value)

अन्वेषणात्मक मूल्य से तात्पर्य है, कि हम किसी भी व्यक्तित्व के सिद्धांत का प्रयोग करके परिकल्पनाओं द्वारा सिद्धांत की उपयोगिता की जाँच कर सकते हैं क्योंकी किसी भी उपयोगी व्यक्तित्व सिद्धांत से अनेक प्रकार की परिकल्पनाएं बनाई जाती हैं जिनकी जाँच करने पर मानव व्यक्तित्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है।

जब किसी व्यक्तित्व सिद्धांत के संप्रत्ययों को संक्रियात्मक ढंग से परिभाषित नहीं किया जा सकता है, तो उस सिद्धांत का अन्वेषणात्मक मूल्य समाप्त हो जाता है जिससे कि उस व्यक्तित्व सिद्धांत को एक उत्तम सिद्धांत नहीं माना जाता है।

आतंरिक संगतता

आतंरिक संगतता का अर्थ यह है, कि उत्तम व्यक्तित्व सिद्धांत के संप्रत्यय आतंरिक रूप से संगत होने चाहिए।क्योंकी वे एक-दूसरे के विपरीत नहीं होने चाहिए।उदाहरण के लिए यदि किसी एक ही प्रश्न के दो परस्पर विपरीत उत्तर प्राप्त होते हैं, तो वे संगत नहीं कहलाए जाएंगे।अतः किसी व्यक्तित्व सिद्धांत को उत्तम कसौटी पर परखने के लिए उसमें आतंरिक संगतता होनी चाहिए।

मितव्ययिता

मितव्ययिता की कसौटी के अनुसार उस सिद्धांत को उत्तम समझा जाता है जिसमें व्यक्ति के व्यवहार के किसी भी पहलू की व्याख्या करने में कम से कम संप्रत्ययों का प्रयोग होता है।अगर कोई व्यक्तित्व सिद्धांत ऐसा है जिसमें व्यक्ति के व्यवहार के प्रत्येक पहलू की व्याख्या करने के

लिए एक अलग संप्रत्यय की जरूरत होती है तो उस सिद्धांत को मितव्ययिता की कसौटी में उत्तम नहीं माना जाएगा।

धारणशीलता

धारणशीलता से तात्पर्य यह है, कि किसी व्यक्तित्व के सिद्धांत द्वारा किसी व्यक्ति से गुणों में विभिन्नताओं एवं परास की सीमा कितनी है ।परास की सीमा जितनी अधिक होगी धारण शीलता का गुण भी उतना ही अधिक होगा। धारणशीलता की कसौटी पर सही उतरने वाले व्यक्तित्व सिद्धांतों में जैविक .सांवेगिक, संज्ञानात्मक ,सामजिक एवं सांस्कृतिक कारकों पर अधिक बल डाला जाता है। इससे सिद्धांत में संपूर्णता एवं विशिष्टता आती है।

कार्यात्मक महत्व

किसी भी कार्यात्मक सिद्धांतों का मूल्यांकन उसके कार्यात्मक मूल्यों के आधार पर किया जाता है। अथवा किसी व्यक्तित्व सिद्धांत का मूल्यांकन इस आधार पर भी होता है कि वह सिद्धांत मानव व्यवहार को समझने के लिए कितना अधिक उपयोगी है । एक उत्तम व्यक्तित्व सिद्धांत व्यवहार के विभिन्न पहलुओं से सम्बंधित प्रश्नों का उत्तर सही- सही ढंग से देने में समर्थ होता है ।इससे खासकर नैदानिक मनोवैज्ञानिकों को रोगी के व्यवहारों को समझने में विशेष मदद मिलती है । एक उत्तम सिद्धांत के अभाव में रोगी के व्यवहार की व्याख्या वे ठीक ढंग से नहीं कर पाते हैं। अतः व्यक्तित्व के उचित मूल्यांकन हेतु हमें उपर्युक्त सिद्धांतों को ध्यान में रखना आवश्यक है।

व्यापक एवं समग्र

व्यक्ति के जीवन के समग्र पहलुओं को सभी प्रासंगिक पहलुओं की जानकारी होनी आवश्यक होती है साथ ही व्यक्ति के सामाजिक एवं सांस्कृतिक सन्दर्भ को जानना आवश्यक होता है।

व्यवस्थित

मूल्यांकन एक व्यवस्थित प्रक्रिया है इसमें यह योजना समाहित रहती है कि क्या ?कैसे? और क्यों मूल्यांकन करना है? मूल्यांकन प्रक्रिया के कुछ क्रमबद्ध चरण होते हैं अतः मूल्यांकन प्रक्रिया निश्चित क्रम के आधार पर ही की जाती है जिससे की मूल्यांकन के उद्देश्यों की प्राप्ति की जा सके।

3.6 मूल्यांकन एवं नैतिकता में सम्बन्ध

व्यक्तित्व मूल्यांकन मानव व्यवहार को समझने, मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों का निदान करने और प्रभावी उपचार हस्तक्षेपों का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हालाँकि, मूल्यांकन की प्रक्रिया महत्वपूर्ण नैतिक चिंताओं को भी जन्म देती है। मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों के रूप में,

मनोवैज्ञानिकों को यह सुनिश्चित करने में मेहनती होना चाहिए कि मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान नैतिक दिशा निर्देशों का पालन किया जाए। व्यक्तित्व मूल्यांकन में नैतिक विचारों का विशेष महत्व है, मनोवैज्ञानिक परामर्श देने वाले मनोवैज्ञानिक, व्यक्तित्व मूल्यांकन में मनोवैज्ञानिक परीक्षण और कुछ अन्य मापन तकनीकों का उपयोग कर सकते हैं। दूसरी ओर इन मूल्यांकनों को करते समय उन्हें कई नैतिक दुविधाओं का सामना करना पड़ सकता है। व्यक्तित्व मूल्यांकन के नैतिक नियमों की जांच उन तरीकों से की जाती है जिसमें अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के नैतिक दिशा निर्देशों में नैतिक सिद्धांतों के संदर्भ में परीक्षण और अन्य तकनीकें दोनों शामिल हैं। नैतिक ढांचे में मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन का कार्यान्वयन मूल्यांकन परिणामों की विश्वसनीयता के संदर्भ में महत्वपूर्ण महत्व रखता है। इस संदर्भ में, मूल्यांकन करने वाले मनोवैज्ञानिक को नैतिक नियमों और दिशानिर्देशों (पोप और वास्केज़, 2010) के बारे में अच्छी तरह से जानकारी होनी चाहिए। फिर भी, कुछ मामलों में क्षेत्र में काम करने वाले मनोवैज्ञानिकों को विरोधाभासों का सामना करना पड़ सकता है - हालांकि नैतिक नियम स्पष्ट रूप से बताए गए हैं - और नैतिक ढांचे के भीतर निर्णय लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है; और तदनुसार वे उस विशिष्ट मुद्दे के लिए समर्थन मांग सकते हैं। मनोवैज्ञानिकों को मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान पालन किए जाने वाले नैतिक नियमों और सिद्धांतों के बारे में जानकारी प्रदान करने और क्षेत्र में कुछ विरोधाभासों और अंतरालों पर ध्यान आकर्षित करके सुझाव देने के उद्देश्य से किया गया था। इस संदर्भ में मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन में नैतिक मुद्दों पर अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के एथिक्स कोड (2010) के ढांचे के भीतर चर्चा की गई थी, जो मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में दुनिया भर में नैतिक सिद्धांतों और मानकों को स्थापित करने वाली सबसे व्यापक रूप से परामर्शित संस्थाओं में से एक है ,व्यक्तित्व मूल्यांकन में नैतिक अभ्यास कई मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित है-

1. सूचित सहमति: किसी भी मूल्यांकन को शुरू करने से पहले, मनोवैज्ञानिकों को व्यक्तियों या उनके कानूनी अभिभावकों से सूचित सहमति प्राप्त करनी चाहिए। इसमें मूल्यांकन के उद्देश्य, प्रक्रियाओं, संभावित जोखिमों, लाभों और किसी भी स्तर पर मूल्यांकन से इनकार करने या वापस लेने के अधिकार का स्पष्ट विवरण प्रदान करना शामिल है।

2. गोपनीयता और निजता: मनोवैज्ञानिकों को मूल्यांकन से गुजरने वाले व्यक्तियों की गोपनीयता की रक्षा के लिए सख्त गोपनीयता मानकों को बनाए रखना चाहिए। उन्हें गोपनीयता की सीमाओं को स्पष्ट करना चाहिए, उन स्थितियों की व्याख्या करनी चाहिए जहाँ जानकारी का खुलासा आवश्यक हो सकता है, जैसे कि क्लाइंट या अन्य लोगों को संभावित नुकसान।

3. योग्यता: मनोवैज्ञानिकों के पास मूल्यांकन को सक्षम रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण, ज्ञान और कौशल होना चाहिए। उन्हें केवल उन मूल्यांकन उपकरणों और तकनीकों का उपयोग करना चाहिए जो उनकी विशेषज्ञता के स्तर के अनुरूप हों।

4. सांस्कृतिक संवेदनशीलता: मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन सांस्कृतिक संवेदनशीलता और विविध पृष्ठभूमि के बारे में जागरूकता के साथ किया जाना चाहिए। सांस्कृतिक उपयुक्तता और प्रासंगिकता सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण सामग्री और तकनीकों को अनुकूलित किया जाना चाहिए।

5. वस्तुनिष्ठता और निष्पक्षता: मनोवैज्ञानिकों को वस्तुनिष्ठता के लिए प्रयास करना चाहिए और मूल्यांकन और परिणामों की व्याख्या के दौरान पूर्वाग्रहों से बचना चाहिए। निष्पक्षता यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण है कि मूल्यांकन प्रक्रिया से किसी भी व्यक्ति या समूह को नुकसान न हो।

6. प्रतिक्रिया और डीब्रीफिंग: मूल्यांकन परिणामों के बारे में ग्राहकों को स्पष्ट और सार्थक प्रतिक्रिया प्रदान करना एक आवश्यक नैतिक जिम्मेदारी है। मनोवैज्ञानिकों को मूल्यांकन के किसी भी संभावित भावनात्मक या मनोवैज्ञानिक प्रभावों को संबोधित करने के लिए उचित डीब्रीफिंग प्रदान करनी चाहिए।

7. परीक्षण चयन और प्रशासन: मनोवैज्ञानिकों को मूल्यांकन के विशिष्ट उद्देश्यों के लिए उपयुक्त मान्य और विश्वसनीय मूल्यांकन उपकरण चुनना चाहिए। उन्हें मानकीकृत प्रोटोकॉल के अनुसार परीक्षण संचालित करना चाहिए और संदिग्ध वैधता या उपयोगिता वाले परीक्षणों का उपयोग करने से बचना चाहिए।

8. मूल्यांकन व्याख्या: मूल्यांकन परिणामों की वस्तुनिष्ठ और सटीक व्याख्या महत्वपूर्ण है। मनोवैज्ञानिकों को डेटा द्वारा समर्थित न होने पर अतिव्याख्या या निष्कर्ष निकालने से बचना चाहिए। उन्हें साक्षात्कार, अवलोकन और अन्य प्रासंगिक डेटा जैसे सूचना के कई स्रोतों पर भी विचार करना चाहिए।

9. दोहरे संबंधों से बचना: मनोवैज्ञानिकों को हितों के टकराव या दोहरे संबंधों से बचना चाहिए जो मूल्यांकन प्रक्रिया की निष्पक्षता और अखंडता से समझौता कर सकते हैं। उन्हें अन्य सभी विचारों से ऊपर ग्राहक के सर्वोत्तम हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

10. सतत शिक्षा और व्यावसायिक विकास: नवीनतम शोध और सर्वोत्तम प्रथाओं से अवगत रहना नैतिक अभ्यास के लिए महत्वपूर्ण है। मनोवैज्ञानिकों को अपने मूल्यांकन कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए निरंतर सीखने और व्यावसायिक विकास में निवेश करना चाहिए।

स्वमूल्यांकन हेतु प्रश्न

4. मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में दुनिया भर में नैतिक सिद्धांतों और मानकों को स्थापित करने वाली सबसे व्यापक रूप से परामर्शित संस्था कौन सी है ?
5. व्यक्तित्व मूल्यांकन में नैतिक अभ्यास किन मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित है?
6. किसी भी कार्यात्मक सिद्धांतों का मूल्यांकन किस आधार पर किया जाता है ?
7. अन्वेषणात्मक मूल्य क्या हैं ?
8. आतंरिक संगतता का क्या अर्थ है ?

3.7 सारांश

प्रत्येक व्यक्ति में भिन्न- भिन्न गुणों का समावेश होता है, जिसके आधार पर उनका मूल्यांकन किया जाता है। व्यक्तित्व मनोविज्ञान के भीतर एक ऐसा क्षेत्र है जो सामान्य व्यक्तियों के विचारों, भावनाओं, व्यवहारों, लक्ष्यों और रुचियों का अध्ययन करता है। व्यक्तित्व के मूल्यांकन का उपयोग किसी व्यक्ति के चरित्र गुणों, भावनात्मक स्थिरता, विश्वास, मूल्यों, सामना करने की शैली, दृष्टिकोण आदि के आधार पर उसके व्यक्तित्व या चरित्र के बारे में अनुमान लगाने और मूल्यांकन करने के लिए किया जाता है। व्यक्तित्व के उचित मूल्यांकन हेतु कुछ सिद्धांतों का जानना आवश्यक है जैसे –जाँचनीयता, अन्वेषणात्मक मूल्य,आंतरिक संगति, मितव्ययिता,धारणशीलता,कार्यात्मक महत्व आदि। व्यक्तित्व मूल्यांकन मनोविज्ञान की एक शाखा है जो समय के साथ और अलग-अलग स्थितियों में लोगों के व्यक्तित्व अंतर का अध्ययन और माप करती है। इन परीक्षणों का उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जाता है, जिसमें संगठनों में नौकरियों के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों में व्यक्तित्व लक्षणों की पहचान करना और उनका वर्णन करना शामिल है। व्यक्तित्व मूल्यांकन भर्ती और रोजगार के अलावा न्यूरोसाइकोलॉजी, मेडिकल साइकोलॉजी, औद्योगिक-संगठनात्मक मनोविज्ञान और फोरेंसिक मनोविज्ञान के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण है।व्यक्तित्व मूल्यांकन के समय कुछ नैतिक मूल्यों का होना आवश्यक है मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन में नैतिक मुद्दों पर अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के एथिक्स कोड (2010) के ढांचे के भीतर चर्चा की गई थी, जो मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में दुनिया भर में नैतिक सिद्धांतों और मानकों को स्थापित करने वाली सबसे व्यापक रूप से परामर्शित संस्थाओं में से एक है। व्यक्तित्व मूल्यांकन में मुख्य नैतिक मुद्दे, सहमति, योग्यता और

गोपनीयता हैं। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के नैतिक सिद्धांतों और आचार संहिता में कई मानक मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए प्रासंगिक हैं। नवीनतम शोध और सर्वोत्तम प्रथाओं से अवगत रहना नैतिक अभ्यास के लिए महत्वपूर्ण है। मनोवैज्ञानिकों को अपने मूल्यांकन कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए निरंतर सीखने और व्यावसायिक विकास में निवेश करना चाहिए। व्यक्तित्व मूल्यांकन ऐसे उपकरण हैं जिनका उपयोग किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं का मूल्यांकन करने के लिए किया जाता है, जिसमें उनके लक्षण, व्यवहार, प्रेरणाएँ, ताकत और कमज़ोरियाँ शामिल हैं।

3.8 स्वमूल्यांकित प्रश्नों के उत्तर

1. व्यक्तित्व विकारों
2. व्यक्तित्व विशेषकों
3. दो
4. अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन
5. सूचित सहमति, गोपनीयता और निजता, सांस्कृतिक संवेदनशीलता, वस्तुनिष्ठता और निष्पक्षता, मूल्यांकन व्याख्या, सतत शिक्षा और व्यावसायिक विकास, परीक्षण चयन और प्रशासन आदि।
6. कार्यात्मक मूल्यों के
7. अन्वेषणात्मक मूल्य से तात्पर्य है, कि हम किसी भी व्यक्तित्व के सिद्धांत का प्रयोग करके परिकल्पनाओं द्वारा सिद्धांत की उपयोगिता की जाँच कर सकते हैं, क्योंकी किसी भी उपयोगी व्यक्तित्व सिद्धांत से अनेक प्रकार की परिकल्पनाएं बनाई जाती हैं जिनकी जाँच करने पर मानव व्यक्तित्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है।
8. आतंरिक संगतता का अर्थ यह है, कि उत्तम व्यक्तित्व सिद्धांत के संप्रत्यय आतंरिक रूप से संगत होने चाहिए। अर्थात वे एक दूसरे के विपरीत नहीं होने चाहिए।

3.9 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. https://www.researchgate.net/publication/326834773_A_Review_on_Ethical_Issues_and_Rules_in_Psychological_Assessment
2. https://egyankosh.ac.in/handle/123456789/65179?mode=simple
3. https://positivepsychology.com/personality-assessment/

4. https://www.indeed.com/career-advice/career-development/types-of-personality-test
5. Journal of Personality Assessment, Volume 106, Issue 4 (2024)
9. सिंह, अरुण कुमार एवं सिंह, आशीष कुमार (2012), व्यक्तित्व का मनोविज्ञान।

3.10 निबन्धात्मक प्रश्न

1. मूल्यांकन का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसकी आवश्यकता का वर्णन कीजिए।
2. मूल्यांकन के सिद्धांतों की व्याख्या कीजिए।
3. मूल्यांकन एवं नैतिकता के बीच सम्बन्ध की व्याख्या कीजिए।

इकाई 4. व्यक्तित्व का मापन: व्यक्तिपरक, वस्तुनिष्ट, एवं प्रक्षेपण

(Methods of Assessment: Subjective, Objective and Projective)

इकाई संरचना

4. 1 प्रस्तावना

4. 2 उद्देश्य

4. 3. व्यक्तित्व मापन

4. 4 व्यक्तित्व मापन की विधियाँ

4. 5 अभ्यास प्रश्न

4. 6 सारांश

4. 7 शब्दावली

4. 8 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

4. 9. संदर्भ ग्रन्थ सूची

4. 10 निबन्धात्मक प्रश्न

4. 1 प्रस्तावना:

व्यक्तित्व मूल्यांकन उस व्यक्ति के व्यक्तित्व संगठन का अनुमान लगाने से संबंधित होता है, जो व्यक्ति के विशेष व्यवहार पैटर्न और स्थिर विशेषताओं का है। व्यक्तित्व का मूल्यांकन या मापन या आकलन करने के तरीके भिन्न होते हैं व्यक्तित्व के मापन के लिए अनेक विधियॉ प्रचलित हैं। प्रस्तुत इकाई में इन विधियों के बारे में आप जान सकेंगे।

4. 2. उद्देश्य:

इस इकाई को पढ़ने के पश्चात आप -

1. व्यक्तित्व मापन को भली-भाति समझ सकेंगे।

2. व्यक्तित्व मापन के विभिन्न तकनीकों से अवगत हो सकेंगे।

4. 3. व्यक्तित्व मापन

व्यक्तित्व के मापन से तात्पर्य व्यक्तित्व के शीलगुणों के बारे में पता लगाकर यह निश्चित करना होता है कि कहाँ तक वे संगठित है। किसी भी व्यक्ति के भिन्न-भिन्न शीलगुण जब आपस में संगठित होते है, तो इससे व्यक्ति का व्यवहार सामान्य होता है। परन्तु यदि उसके शीलगुण विसंगठित होते है तो व्यक्ति का व्यवहार असामान्य हो जाता है। मापन द्वारा यह जानने का प्रयास किया जाता है कि एक व्यक्ति के व्यक्तित्व में कौन-कौन सी विशेषतायें होती है|

4. 4. व्यक्तित्व मापन की विधियाँ:

मनोवैज्ञानिकों ने व्यक्तित्व मापन की बहुत सी विधियों या परीक्षणों का प्रतिपादन किया है। ऐसी प्रमुख विधियों या परीक्षणों को निम्नांकित तीन भागों में बाटकर अध्ययन किया गया है-

1. आत्म रिर्पोट आविष्कारिका (Self-Report Inventory)
2. प्रक्षेपीय विधियाँ (Projective Techniques)
3. व्यवहारिक विधियाँ (Behavioral Techniques)

1. आत्म रिपोर्ट अविष्कारिका (Self-Report Inventory)- इस विधि में व्यक्तित्व के महत्वपूर्ण शीलगुणों से संबंधित कुछ प्रश्न बने होते है जिनका उत्तर प्रायः 'हा-नहीं, सही-गलत' आदि में दिया रहता है। व्यक्ति इन प्रश्नों को एक-एक करके पढ़ता है और उनका उत्तर दिये गये विकल्पों में से चुनकर देता है। एक ही प्रश्न का सही एवं उचित उत्तर अलग-अलग व्यक्तियों के लिए अलग-अलग हो सकता है। इस तरह की आवितकारिका को व्यक्ति स्वयं पढ़ता है एवं उसका उत्तर देता है। इस कारण इसे व्यक्तित्व अविष्कारिका अथवा मनोमिति विधियाँ या मनोमिति परीक्षण कहते हैं।

सर्वप्रथम फ्रान्सिस गाल्टन ने व्यक्तित्व मापने के लिए सन् 1880 में एक सूची तैयार की थी। इसके बाद वुडवर्थ (R. S. Woodworth, 1918) ने एक व्यक्तित्व अनुसूची बनाई जिसका नाम था वुडवर्थ पर्सनल डेटा इन्वेन्ट्री वुडवर्थ की इस व्यक्तित्व सूची में 116 प्रश्न जिनका उत्तर दो विकल्पों ' हाँ ' अथवा ' नहीं ' में देना था। इसके बाद अनेक व्यक्तित्व सूचियों का निर्माण और मानकीकरण किया है। इनमें से कुछ प्रमुख नाम इस प्रकार से हैं - थर्स्टन और थर्स्टन (1930), रोजर्स (1931), बर्नीस्टर (1933) आदि ने भी व्यक्तित्व सूचियों का निर्माण किया है। हाथवे और मैककिन्ले (1940) ने मिनिसोटा बहुपक्षीय व्यक्तित्व सूची की रचना की है। कुछ प्रमुख व्यक्तित्व सूचियों का विवरण निम्न प्रकार से है -

मिनेसोटा बहुपक्षीय व्यक्तित्व सूची (Minesota Multiphasic Personality Inventory, MMPI) का निर्माण मूलतः हाथावें एवं मैककिनले (1940) में किया गया जिसमें 550 एकांश थे और प्रत्येक एकांश के तीन उत्तर थे – (True), (False) तथा (Can't say)| इस मौलिक प्राध्प के दो प्रतिरूप हैं - वैयक्तिक कार्ड उद्देश्य व्यक्तित्व के रोगात्मक शीलगुणों को मापना है। इस सूची में दस नैदानिक मापनियाँ और चार वैधता मापनियाँ है। नैदानिक मापनी द्वारा 10 रोगात्मक शीलगुणों का मापन होता है, तथा वैधता मापनी पर के प्राप्तांकों द्वारा व्यक्ति द्वारा दिये गये उत्तरों की विश्वसनियता तथा वैधता का पता चलता है।

MMPI के कई संशोधित प्रारूप तैयार किए गए है जिसमें सबसे नवीनतम संशोधन को MMPI-2 के नाम से जाना जाता है। यह संशोधन वुचर, डाहस्ट्रोम, ग्राहम, टेलेगन तथा केमर (1989) द्वारा किया गया। MMPI- 2 में 10 नैदानिक मापनी तथा तीन मुख्य वैधता मापनी है। इन तीन वैधता मापनी के अतिरिक्त एक और वैधता मापनी है जिसे '?"(Can't Say) से संकेतिक किया जाता है तथा इसमें उन एकांशो को रखा जाता है जिसका उत्तर व्यक्ति नहीं दे पाता है। इन वैधता मापीनयों का सम्बन्ध अविष्कारिका के वैधता से कुछ भी नहीं है बल्कि इनके द्वारा विभिन्न तरह के वैसे मनोवृत्तियों का पता चलता है जिससे परीक्षण पर की अनुक्रियाएँ विकृत हो जाती हैं। इन सभी मापनी में कुल मिलाकर 641 एकांश हैं परन्तु 74 एकांश एक मापनी से दूसरे में सामान्य होने से MMPI- 2 के कुल 567 एकांश बच जाते हैं। इन सभी 10 नैदानिक मापनी एवं वैधता मापनी का वर्णन इस प्रकार से हैं -

नैदानिक मापनी (Clinical Scale)-

I. रोगभ्रम (Hypochondriasis or HS)- इस मापनी के कुल 32 एकांश है और इसके द्वारा उस प्रवृत्ति की माप होती है जिसमें व्यक्ति अपने शारीरिक स्वास्थ्य एवं शारीरिक कार्य के बारे में जरूरत से ज्यादा चिंता दिखलाता है।

II. विषाद (Depression)- इस मापनी में 57 प्रश्न या पद है जो उदासी क्षमता में हास, ऊर्जा में कमी, अभिरुचि में कमी आदि से सम्बन्धित है।

III. रूपान्तर हिस्ट्रीया (Conversion Hysteria or Hy)- इस मापनी के 60 एकांश है। इसके द्वारा ऐसे स्नायुविकृत प्रवृत्ति का मापन होता है जिसमें रोगी मानसिक संघर्ष एवं चिन्ताओं से छुटकारा पाने के लिए कोई न कोई शारीरिक लक्षण विकसित कर लेता है।

IV. मनोविकृत विचलन (Psychopathic Deviate or Pd)- इस मापनी में 50 एकांश है तथा इसके द्वारा व्यक्ति में सामाजिक एवं नैतिक मानकों को अवहेलना करने वाली प्रवृतियों तथा दडात्मक अनुभूतियों से भी कुछ न सीखने की प्रवृति का मापन होता है।

V. पुरूषत्व नारीत्व (Masculinity – Feminity M-F) - इस मापनी में 56 एकांश हैं तथा इसके द्वारा व्यक्ति के सीमांतीय यौन भूमिका (Extreme sex role) की प्रवृत्ति का माप होती है।

VI. स्थिर व्यामोह (Paranoia or Pa) - इस मापनी में 40 एकांश है जिनके द्वारा व्यक्ति में असामान्य शक करने की प्रवृत्ति तथा दंडात्मक एवं उत्कृष्टता से संबंध गलत विश्वास या भ्रान्ति का मापन होता है।

VII. मनोदौर्वल्यता (Psychethrnia or Pt) - इस मापनी में कुल 48 एकांश हैं जिसके द्वारा व्यक्ति में मनोग्रस्ति (Obsession), बाध्यता (Compulsion), असामान्य डर आदि का मापन होता है।

VIII. मनोविदलता (Schizophrenia or Sc)- इस मापनी से 78 एकांश हैं इसके द्वारा व्यक्ति में असामान्य चिन्तन या व्यवहार करने की प्रवृत्ति का मापन होता है।

IX. अल्पोन्मान (Hypomania or Ma) - इस मापनी में 46 एकांश है तथा इसके द्वारा व्यक्ति के सांवेगिक उत्तेजन, अतिक्रिया तथा विचारों का विखराव का मापन होता है।

X. सामाजिक अन्तर्मुखता (Social Introversion or SI) - इस मापनी में 69 पद या प्रश्न है यह सभी प्रश्न सामाजिक अन्तर्मुखता से सम्बन्धित है।

वैधता मापनियॉं (Validity Scales)-

L (Lie) - इस मापनी में 15 प्रश्न हैं, जिनकी सहायता से झूठ बोलने से सम्बन्धित प्रश्न हैं ।

F (Frequency or Infrequency)- इस मापनी में 60 पद हैं । इन सभी पदों से प्रयोज्य की लापरवाही का मापन होता है इस मापन से यह मालूम हो जाता है कि एक व्यक्ति अपने रोगात्मक लक्षणों को कैसे बढ़ा कर व्यक्त करता है।

K (Correction)-इस मापनी में 30 प्रश्न हैं । इस मापनी व्यक्ति की अत्यधिक सुरक्षात्मक दृष्टिकोण का मापन होता है।

? (Can't Say) - इस प्रश्न में वह प्रश्न या पद सम्मिलित किये जाते हैं, जिनका प्रयोज्य उत्तर नहीं दे पता है।

इस तरह से यह स्पष्ट हुआ है कि MMPI.2 में मैलिक MMPI के सभी मापनियों को बरकरार रखते हुए उनके एकांशों को संशोधित किया गया है। MMPI.2 की फिर भी कुछ अपनी और विशेषताएं है जो इस प्रकार हैं -

1. MMPI.2 के एकांशो को समूहन करके 15 नये अन्तर्वस्तु मापनी (Content Scale) बनाए गए हैं जिसके द्वारा व्यक्तित्व के 15 ऐसे कारक (डर, क्रोध, टाईप ए व्यक्तिव इत्यादि) को मापना संभव हो पाया है जिसे पहले के 10 नैदानिक मापनियों द्वारा मापना संभव नही था।

2. MMPI.2 में दो और नये वैधता मापनियों को जोड़ा गया है जिसका उपयोग उपर्युक्त चार वैधता मापनी के साथ-साथ करना होता है। ये दो वैधता मापनी है - भ्रिन (Vrin) तथा ट्रिन (Trin) इन दोनों मापनियों द्वारा पराक्षण एकाशों के प्रति असंगत (Inconsistent) ढंग से उत्तर देने की प्रवृति का मापन होता है।

MMPI की उपयोगिता बहुत अधिक है।

मिनेसोटा बहुपक्षीय व्यक्तित्व सूची के लाभ –

(1) MMPI से यह मालूम पड़ जाता है कि प्रयोज्य उत्तर देने के कितनी लापरवाही बरत रहा है अथवा तथ्यों को कितना बढ़ा कर बोल रहा है।

(2) इस मापन में मूल्यांकन की वस्तुनिष्ठता की विशेषता है।

मिनेसोटा बहुपक्षीय व्यक्तित्व सूची के प्रमुख दोष-

(1) MMPI की सहायता से व्यक्तित्व विकृति और मनस्थिति विकृति के कुछ प्रकारों का मापन नहीं होता है।

(2) MMPI के सभी पद शब्दिक है इसलिये इसके द्वारा कम पढ़े-लिखे लोगों और बुद्धि की दृष्टि से दुर्बल लोगों का मापन सही ढंग से नहीं किया जा सकता है।

सोलह व्यक्तित्व कारक प्रश्नावली (sixteen Personality Factor Inventory)- इस व्यक्तित्व सूची का निर्माण और मानकीकरण कैटेल एवं इबर (R. B. Cattell & H. W. Eber 1950, 1956, 1970) ने किया, इस प्रश्नावली के । A, B, C, D, E तथा F प्रारूप उपलब्ध है। प्रारूप A और Bकॉलेज पढने वाले छात्रों के लिए है, तथा E और Fकम पढे लिखे व्यस्कों के लिए है जिनके द्वारा 17 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों के 16 शीलगुणों को मापा जाता है। इस प्रश्नावली में सम्मिलित किये गये सभी 16 शीलगुण द्विध्रवीय है। 16 शीलगुणों को मापने के लिये बिने 16 मापनी पर उच्च प्राप्तांक तथा कम प्राप्त के कुछ खास अर्थ होते है,

जो इस प्रकार से है-

उच्च प्राप्तांक	अक्षर चिन्ह	निम्न प्राप्तांक
Outgoing	A	Reserved
More Intelligent	B	Less Intelligent
Stable	C	Emotional
Assertive	E	Humble
Happy- go Lucky	F	Sober
Conspicuous	G	Expedient
Bold	H	Shy
Thunder minded	I	Though mined
Suspicious	L	Trusting
Imaginative	M	Practical
Shrewd	N	Forthright
Apprehensive	O	Placid
Experimenting	Q1	Traditional
Self- Sufficient	Q2	Group - Tied
Controlled	Q3	Casual
Tense	Q4	Relaxed

वर्तमान में 16 PF के सिर्फ (Q) कारक के पूरक के ६प में इसके सात नये कारकों को जोड़ा गया है जिनके संकेत D, J, K, P तथा Q5, Q6 तथा Q7 है। जिसमें उत्तेजनशीलता के लिए D, उत्साहपूर्णता बनाम वैयक्तित्वता के लिए J अशिष्टता बनाम परिपक्व समाजीकरण के लिए K प्रसन्नचित आकस्मिकता के लिए P सामूहिक समर्पक के लिए Q5, सामाजिक कलगी के लिए Q6 तथा स्पष्ट आत्म अभिव्यक्ति के लिए Q7 का उपयोग किया गया। मैलिक 16 कारकों के

आधार पर कैटेल द्वितीय क्रम के कारक तथा 23 शीलगुणों के विस्तरित सेट से 12 द्वितीय के क्रम के कारकों की पहचान किया है। ड्रेगर (1977) के अनुसार 16 PF के कुछ ऐसे प्रारूप भी तैयार किये गये है जिसके द्वारा प्राक सकूली बच्चों से लेकर किशोरों तक के व्यक्तित्व संरचनाओं का भी मापन सम्भव है।

कैलीफोर्निया व्यक्तित्व परीक्षण (California Psychological Inventory, CPI) - इस परीक्षण का निर्माण और मानकीकरण गफ (Gough 1957 and 1987) द्वारा किया गया। इस परीक्षण के निर्माण कर्त्ता चूँकि कैलीफोर्निया विश्वविदयालय से सम्बद्ध थे अतः यह कैलीफोर्निया व्यक्तित्व परीक्षण के नाम से जाना जाता है। यह परीक्षण 5 प्रकार के लोगों के लिए है- प्राइमरी के बच्चों के लिए, एलीमेन्ट्री के बच्चों के लिए, सैकेण्ड्री के बालकों के लिए, इण्टरमीडिट के किशोरों के लिए एवं व्यस्को के लिए प्रत्येक पॉचों स्तरों के लिए अलग-अलग प्रारूप है।

इस परीक्षण की सहायता से आत्म समायोजन से सम्बन्धित (1) आत्म निर्भरता (2) व्यक्तिगत कार्य (3) व्यक्तित्व स्वतंत्र ता (4) सम्बन्ध रखने की भावना (5) हटने की प्रवृत्ति की स्वतंत्रता (6) नर्वसनेस से स्वतंत्रता एवं सामाजिक समायोजन से सम्बन्धित (1) सामाजिक मानक (2) सामाजिक कौशल (3) समाज विरोधी प्रवृत्तियों से स्वतंत्रता (4) पारिवारिक (5) विदयालय सम्बन्धी एवं (6) सम्प्रदायिक सम्बन्ध से सम्बन्धित प्रश्न है।

इस व्यक्तित्व परीक्षण के पदों का उत्तर देने के लिए' हॉ' और' नहीं' दो विकल्प है। इस परीक्षण की विश्वसनीयता और वैधता उच्च है और इसके मानक भी उपलब्ध है। इस परीक्षण से व्यक्तित्व मापन के बाद प्राप्त प्राप्तांक से यक्तित्व आंकलन की सरलता के लिए पार्श्वचित्र बनाया जाता है। जिससे आसानी से यह मालूम हो जाता है कि किस क्षेत्र में व्यक्ति मानकों से विचलित है अर्थात असमायोजित है ताकि उसके उपचार की व्यवस्था की जा सके।

माडसेल व्यक्तित्व अनुसूची. (Maudsley Personality Inventory- MPI) - इस अनुसूची की रचना आइजेन्क (H. J. Eysenk 1940) ने की है। इस मापनी में मनोस्नायु दौर्बल्य स्थिरता एवं अर्न्तमुखता बहिर्मुखता एवं अर्न्तमुखता बहिर्मुखता दो मापनियाँ है। प्रत्येक मापनी में 24 पद है अर्थात पूरी मापनी में 48 पद है। इस मापनी के मनोस्नायु दौर्बस्य स्थिरता विमा के मापन से यह ज्ञात होता है कि एक व्यक्ति में मनोस्नायु दुर्बलता है या स्थिरता है। सभी प्रकार से दूसरी विमा अन्तर्मुखता बहिर्मुखता के मापन से यह ज्ञात होता है कि व्यक्ति के व्यक्तित्व में अन्तर्मुखता का गुण है या बहिर्मुखता का गुण है।

इस मापनी का एक छोटा प्रारुप भी है जिसमें प्रत्येक विमा में 12-12 पद है अर्थात कुल 24 पद है। छोटी मापनी से व्यक्तित्व का मापन शीघ्र हो जाता है किन्तु गहन मापन के लिए 48 प्रश्नों वाली मापनी ही अधिक उपयुक्त है। इस पूरी मापनी को भरने में लगभग 20 मिनट का समय लगता है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देने के लिए तीन विकल्प 'हा', '?' (ज्ञात नहीं) तथा 'नहीं' है।

इस मापनी की अर्द्ध-विच्छेद विधि से प्राप्त विश्वसनीयता उच्च है एवं परीक्षण निर्मित वैधता भी उच्च है। इस सूची का उपयोग 15 वर्ष से अधिक आयु वाले लोगों पर किया जाता है। भारत में जलोटा और कपूर ने इस सूची हिन्दी और पंजाबी भाषा में अनुकूलन किया है।

बेल समायोजन अविष्कारिका (Bell Adjustment Inventory) - इस आविष्कारिका का निर्माण बेल (Bell) ने 1934 में किया इस आविष्कारिका का उद्देश्य व्यक्ति में समायोजन सम्बन्धी कठिनाइयों का पता लगाना होता है। इस आविष्कारिका के दो फार्म है- विद्य्नार्थी फार्म तथा व्यवसायिक फार्म विद्यार्थी फार्म में कुल 140 एकांश है जो चार भिन्न-भिन्न क्षेत्र जैसे- गृह, स्वास्थ , सामाजिक तथा सांवेगिक अवस्था से सम्बन्धित समायोजन समस्याओं का पता लगाता है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 'हा', 'नहीं' एवं '?' में से किसी एक चिन्ह खीचकर दिया जाता है। व्यावसायिक फार्म में इन 140 एकांशों में 20 एकांश और जोड़ दिया गया है कि इस फार्म के कुल पॉच क्षेत्र हो जाते है जो व्यस्कों के समायोजन की ओर इंगित करते है। इस परीक्षण का विश्वसनीयता गुणांक 0.75 से 0.89 तक है, वैधता गुणांक .58 से .89 तक पाया गया।

आत्म रिपोर्ट अविष्कारिका के लाभ - आत्म रिपोर्ट आविष्कारिका में प्रमुख लाभ निम्न प्रकार से है-

- व्यक्तित्व सूचियों की सहायता से व्यक्तित्व शीलगुणों का मापन बहुत सरलता से किया जा सकता है।
- व्यक्तित्व आविष्कारिका का प्रयोग नैदानिक परिस्थिति तथा सामान्य परिस्थिति दोनों में ही होता है।
- व्यक्तित्व मापन की सहायता से व्यक्ति के व्यक्तित्व का तुलनात्मक अध्ययन सरलता से किया जा सकता है।
- आत्मरिपोर्ट आविष्कारिका के कुछ प्रमुख दोष निम्न प्रकार से है-
- फ्रीमैन (1962) का विचार है कि व्यक्तित्व सूचियों द्वारा व्यक्तित्व की अलग-अलग विशेषताओं का मापन होता है। अतः व्यक्तित्व का मापन सम्पूर्ण में नहीं होता है।
- व्यक्तित्व सूचियों में व्यक्तित्व का मापन एकांशों या पदो या प्रश्नों की सहायता से किया जाता है। इन प्रश्नों का उत्तर देते समय यह देखा गया है कि प्रयोज्य प्रश्नों का उत्तर कई बार सही न देकर बनावटी या नकली उत्तर देते है।

2. प्रक्षेपीय विधियॉ (Projective Method)-

प्रक्षेपीय विधि द्वारा व्यक्ति के माप परोक्ष रूप से होती है। इस परीक्षण में व्यक्ति के कुछ अस्पष्ट असंगठित उद्दीपक या परिस्थिति दिया जाता है। ऐसे उद्दीपकों एवं परिस्थितियों के प्रति कुछ

अनुक्रिया करता है। इन अनुक्रियाओं के सहारे व्यक्ति अचेतन रूप् से अपनी इच्छाओं, त्रुटियों एवं मानसिक संघर्षों को प्रक्षेपित करता है।

प्रक्षेपण प्रविधियों में सामग्री असंरचित (Unstructured)या अर्द्धसंरचित (Semi-Structured) होती है। इस प्रकार की परीक्षण सामग्री कुछ चित्र, स्याही धब्बे, अधूरे वाक्य आदि के प्रति प्रयोज्य को अपना प्रत्युत्तर देना होता है। प्रत्युत्तर स्वरूप् प्रयोज्य अपनी इच्छाएँ , भवनाएँ , संवेग, आवश्यकताएँ आदि को प्रक्षेपित करता है।

प्रक्षेपण प्रविधियों की विशेषताएँ-

1. इन विधियों में प्रयुक्त परीक्षण सामग्री पूर्णतः असंरचित या अर्द्धसंरचित होती है। यह सामग्री व्यक्ति की चेतन और अचेतन इच्छाओं को अभिव्यक्त कराने में पूर्ण रूप से सक्षम होती है।

2. प्रक्षेपण प्रविधियों की सामग्री अनेक अर्थ वाली होती है, इसलिए प्रयोज्य यह समझ नहीं पाता है कि उसका कौन-सा प्रत्युत्तर सही है और कौन-सा प्रत्युत्तर गलत है।

3. इन प्रविधियों का प्रशासन प्रयोज्य पर व्यक्तिगत रूप से होता है फिर भी परीक्षणकर्त्ता का प्रभाव प्रयोज्य पर नहीं के बराबर पड़ता है।

4. इन अध्ययन विधियों के द्वारा व्यक्ति के संवेगों, अभिप्रणाओं, अनुभवों, विचारों और अभिवृत्तियों का अध्ययन विश्वसनीय ढंग से किया जा सकता है।

5. इन विधियों द्वारा प्राप्त परिणाम और निष्कर्ष विश्वसनीय और वैध होते है।

प्रक्षेपण प्रविधियों की सीमाएँ और दोष -

1. इन विधियों की रचना तथा मानकीकरण एक कठिन कार्य है।

2. इन विधियों के प्रशासन, गणना तथा विवेचना के लिए परीक्षणकर्ता का प्रशिक्षित होना आवश्यक है।

3. परीक्षार्थी और प्रशिक्षणकर्ता में जब तक रेपापोर्ट फॉरमेशन (Rapport formation) ठीक प्रकार से स्थापित नहीं होता है तब तक विश्वसनीय ऑंकड़ों के प्राप्त होने की सम्भावना कम रहती है।

4 . इन विधियों द्वारा प्राप्त ऑंकड़ों की विश्वसनीयता एवं वैधता बहुत अधिक नहीं होती है।

6. इन विधियों का उपयोग अन्य अनुसंधानों की अपेक्षा चिकित्सा के क्षेत्र में अधिक होता है।

7. बहुधा इनका उपयोग सामान्य व्यक्तियों की अपेक्षा असामान्य और असमायोजित व्यक्तियों पर किया जाता है।

प्रक्षेपीय परीक्षण प्रकार - लिण्डजे (Lindzey 1961) द्वारा प्रक्षेपीय परीक्षण को निम्नाकिंत पॉच भाग में बॉटा गया है-

1. साहचर्य परीक्षण (Association Test)

2. संरचना परीक्षण (Constrution Test)

3. पूत्ति परीक्षण (Complition Test)

4. चयन या क्रम परीक्षण (Choice or Ordering Test)

5. अभिव्यंजक परीक्षण (Expressive Test)

1. साहचर्य परीक्षण- रोर्शाक परीक्षण (Rorschach Test) तथा शब्द साहचर्य परीक्षण (Word Association Test) श्रेणी के दो प्रमुख प्रकार है जिनका वर्णन निम्नांकित है-

4. 5.1.1. शब्द साहचर्य परीक्षण -इस परीक्षण में कुछ पूर्व निश्चित उद्दीपक शब्दों को एक-एक करके व्यक्ति के सामने उपस्थित किया जाता है। और व्यक्ति को शब्द सुनने के बाद उसके मन में जो सबसे पहला शब्द आता है, उसे बतलाना होता है। सबसे पुरानी प्रक्षेपण प्रविधि शब्द साहचर्य विधि है। सर्वप्रथम गाल्टन 1879 ने शब्द साहचर्य सूची का उपयोग किया, उसने 75 शब्दों की एक सूची का निर्माण एवं प्रकाशन करवाया। विलियम वुण्ट (Wilhelm Wundt 1879) ने भी शब्द साहचर्य विधि का उपयोग किया, वुण्ट ने गाल्टन की शब्द साहचर्य सूची के असम्बद्ध शब्दों को क्रमबद्ध ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस सूची के उद्दीपक शब्दों को प्रयोज्य के सामने एक-एक करके प्रस्तत किया गया। प्रयोज्य किसी भी उद्दीपकशब्द को सूनते ही अपना प्रति उत्तर देता था। फ्रायड ने स्वप्नों की व्याख्या के लिए और मनोविश्लेषण के लिए शब्द साहचर्य विधि का उपयोग किया।

व्यक्ति मापन के रूप में इस परीक्षण का उपयोग फ्रायड तथा शिष्य विशेषकर युंग द्वारा प्रारंभ किया गया। युंग ने 1904 में 100 शब्दों की एक मानक सूची तैयार की और उपयुक्त विधि द्वारा व्यक्ति की अनुक्रियाओं को प्राप्त किया। उसके बाद उसका विश्लेषण करके विशेषकर प्रत्येक अनुक्रिया शब्द का सांकेतिक अर्थ (Symbolic Meaning) ज्ञात करके तथा प्रतिक्रिया समय (Reaction Time) के आधार पर व्यक्ति के सांवेगिक संघर्षों का पता युंग ने सफलतापूर्वक लगाया। इसकी सफलता देखकर अमेरिका में केन्ट तथा रोजेन्फ ने 1910 में तथा रैपापोर्ट ने 1946 में अन्य शब्द साहचर्य परीक्षण का निमार्ण किया जिसका प्रयोग व्यक्तित्व मापन में विशेषकर साधारण मानसिक रोग (mild mental disease) से ग्रसित व्यक्तियों के व्यक्तित्व के मापन में सुचारु रूप से किया गया।

मरे एवं मार्गन (Murray , Morgan 1935) ने शब्द साहचर्य परीक्षण का उपयोग व्यक्तित्व अध्ययनों में किया है। इसी प्रकार से रसेल जेनकिन्स (Rusel and Jenakins 1954) ने निदान के क्षेत्र में शब्द साहचर्य परीक्षणों का सफल उपयोग किया है।

रोशार्क परीक्षण (Rorschach Test)-

रोशोर्क परीक्षण का प्रतिपादन स्विटजरलैंड के मनोरोगविज्ञानी हरमान रोशार्क (Herman Rorschach) ने 1921 में किया। इस परीक्षण में 10 कार्ड होते है जिस पर स्याही के धब्बे के समान चित्र बने होते (चित्र-1) है। इसमें 5 कार्ड पर स्याही के धब्बे जैसी आकृति पूर्णतः काला-उजला (black and white) में छपे होते है और 5 कार्ड पर स्याही के धब्बे जैसी आकृति रंगों में होती है। प्रत्येक कार्ड एक-एक करके उस व्यक्ति का दे दिया जाता है जिसका व्यक्तित्व मापना होता है। कार्ड को वह जैसे चाहे घुमा फिरा सकता है और ऐसा करके उसे बताना होता है कि उसे उस कार्ड में क्या दिखलाई दे रहा है या धब्बे का कोई अंश या पूरा भाग उसे किसी चीज के समान दिखलाई पड़ रहा है। व्यक्ति द्वारा दी गयी अनुक्रियाओं को लिख लिया जाता है और बाद में उसका विश्लेषण कुछ खास-खास अक्षर संकेतों (letter symbol) के सहारे निन्नांकित चार भागों में बॉट कर किया जाता है-

चित्र-1

(a) स्थल-निरूपण (Location)- इन श्रेणी में इस बात का निर्णय किया जाता है कि व्यक्ति की अनुक्रिया का संबंध स्याही के पूरे धब्बे से है या उसके कुछ अंश से। अगर अनुक्रिया का आधार पूरा धब्बा होता है, तो उसे एक खास अक्षर संकेत, यानी W से अंकित करते है। यदि अनुक्रिया का आधार धब्बे का बड़ा एवं सामान्य अंश (common detail) होता है तो उसके लिये D त़था

असामान्य एंव छोटे अंश के आधार पर अनुक्रिया होने से उसके लिए Dd का प्रयोग किया जाता है। सिर्फ उजले स्थानों या जगहों के आधार पर अनुक्रिया देने से उसके लिए S का प्रयोग किया जाता है।

(b) निर्धारक (Determinants)-. इस श्रेणी में इस बात का निर्णय किया जाता है कि धब्बे के किस गुण ;मिंजनतमद्ध के कारण व्यक्ति ने अमुक अनुक्रिया की है। इस अनुक्रिया के निर्धारण श्रेणी में इस बात का निर्णय किया जायेगा कि व्यक्ति ने धब्बे के किस गुण अर्थात आकार, रंग, गति आदि में से किसके आधार पर ऐसी अनुक्रिया की है। इस श्रेणी के लिए लगभग 24 अक्षर संकेतों का प्रतिपादन किया गया जिसमें कुछ इस प्रकार है- आकार (form) के लिए f . रंग (colour)के लिए c, मानव गति अनुक्रिया (human movement response) के लिए FM, पशु गति अनुक्रिया (animal movement response)के लिए m आदि।

(c) विषय-वस्तु (Content). इस श्रेणी में यह देखा जाता है कि व्यक्ति द्वारा दी गयी अनुक्रिया की विषय-वस्तु क्या है। विषय-वस्तु मनुष्य होने पर उसके लिए भ् तथा पशु होने पर उसके लिए । के संकेत का प्रयोग किया जाता है। मानव के किसी अंग के विवरण (human detail) होन पर hd तथा पशु के किसी अंग के विवरण (animal detail)के लिए d,आग के लिए Fi तथा घरेलू वस्तुओं के लिए Hh का प्रयोग किया जाता है।

(d) मौलिक अनुक्रिया एवं संगठन (Original response and Organization). मौलिक अनुक्रिया से तात्पर्य उस अनुक्रिया से होता है जो अनेकों व्यक्तियों द्वारा किसी कार्ड के प्रति अक्सर दिये जाते है। इसलिए इसे लोकप्रिय अनुक्रिया भी कहा जाता है जिसका संकेत च् है। जैसे, प्रथम कार्ड में पूरे धब्बे को चमगादड़ या 'तितली' के रूप में देखना एक लोकप्रिय अनुक्रिया का उदाहरण है। इसी तरह से प्रत्येक कार्ड के लिए कुछ अनुक्रियाओं को लोकप्रिय अनुक्रिया की श्रेणी में रखा गया है। कभी-कभी वह कुछ अनुक्रियाओं को एक साथ संगठित कर लेता है जिसका संकेत Z है।

रोशार्क परीक्षण पर दिये गये अनुक्रियाओं को उपर्युक्त चार भागों में विश्लेषण करने के बाद उसकी व्याख्या की जाती है। उदाहणार्थ, यदि किसी व्यक्ति द्वारा अधिक संख्या में W की अनुक्रिया की गयी है, तो इससे तीव्र बुद्धि तथा अमूर्त चिन्तन (abstract reasoning) की क्षमता का बोध होता है। D अनुक्रियाओं से व्यक्ति में किसी वस्तु को स्पष्ट रूप से देखने तथा समझने की क्षमता का बोध होता है। Dd अनुक्रिया जो एक सामानय व्यस्क द्धारा दी गयी कुल अनुक्रियाओं का 5: से अधिक नहीं होता है, द्वारा व्यक्ति के चिन्तन में अस्पष्टता को दिखलाता है। परन्तु यदि ऐसी अनुक्रिया 5: से अधिक हो जाती है, तो इससे व्यक्ति में मनोविदालिता (Schizophrenia) जो एक प्रकार का मानसिक रोग है, का संकेत मिलता है। S अनुक्रिया की अधिकता से व्यक्ति में

नकारात्मक प्रवृति (negativistic tendency) तथा आत्म-हठधर्मी (self – assertive) होने का संकेत मिलता है। Fअनुक्रिया की अधिकता से चिन्तन करते समय एकाग्रता (concentration) की क्षमता का बोध होता है। रंग-संबंधी अनुक्रिया की अधिकता से व्यक्ति की संवेगशीलता या व्यक्तित्व के भावात्मक शीलगुणों का पता चलता है। रंग-संबंधी अनुक्रिया का बहुत ही कम होना या न होने पर व्यक्ति में मनोविदलता के लक्षण, जैसे- सामान्य वातावरण से अपने आपको अलग करके रखना, भ्रम तथा विभ्रम अिधक होना आदि गुण पाये जाते है। गति अनुक्रियाओं (F, FM, m) की अधिकता से व्यक्ति में काल्पनिक क्रियाओं तथा उसकी कल्पना शक्ति का बोध होता है। A तथा Ad अनुक्रियाओं को मिलाकर A प्रतिशत तथा H और Hd अनुक्रियाओं को मिलाकर H प्रतिशत ज्ञात किया जाता है। । प्रतिशत अधिक होने से बौद्धिक संकीर्णता (Intellectual constriction) तथा सांवेगिक असंतुलन (Emotional disturbance) ज्ञात होता है तथा H प्रतिशत अधिक होने से उपयुक्त संज्ञानात्मक विकास होने का संकेत मिलता है। P अनुक्रिया की अधिकता से रूढ़िगत चिन्तन (conventional thinking) तथा इसकी कमी से व्यक्ति में सामाजिक अनुरूपता (social conformity) के शीलगुण की कमी होने का अंदाज मिलता है। एक्सनर (Exner 1974) के अनुसार P अनुक्रियाओं से व्यक्ति में सर्जानात्मक का भी बोध होता है। अनुक्रियाओं से व्यक्ति में उच्च बुद्धिए सर्जनात्मक तथा निपूणता आदि का बोध होता है।

संरचना परीक्षण (Construction test)-. इस श्रेणी में वैसे प्रक्षेपीय परीक्षणों को रखा जाता है जिसमें परीक्षण उद्दीपकों के आधार पर व्यक्ति को एक कहानी या अन्य समान चीजों की संरचना करनी होती है।

व्यवहारिक मूल्यांकन में व्यक्ति के व्यवहारिक पैटर्न, सामाजिक कौशल, और भावनात्मक स्थिति का आकलन किया जाता है। उदाहरण के लिए, कॉनर्स रेटिंग स्केल और विन्नलैंड अडेप्टिव बिहेवियर स्केल का उपयोग एडीएचडी, ऑटिज्म, और भावनात्मक विकारों का आकलन करने के लिए किया जा सकता है। इन परीक्षणों के परिणामों का उपयोग विशेष कार्यक्रमों और हस्तक्षेपों के विकास के लिए किया जाता है, जो व्यक्ति की आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित होते हैं। इसके अतिरिक्त, व्यवहारिक मूल्यांकन में व्यक्ति के परिवार, स्कूल, और सामाजिक वातावरण का भी आकलन किया जा सकता है, ताकि उनके समग्र विकास में सहायता की जा सके। यह भी महत्वपूर्ण है कि इस प्रकार के मूल्यांकन में सांस्कृतिक और सामाजिक संदर्भ को ध्यान में रखा जाए, ताकि परिणाम अधिक सटीक और प्रासंगिक हों।

भाषा और संवाद मूल्यांकन का विस्तार:

भाषा और संवाद मूल्यांकन में व्यक्ति की भाषा की समझ, उच्चारण, और संवाद कौशल का आकलन किया जाता है। इन परीक्षणों का उपयोग विशेष रूप से भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया जाता है। उदाहरण के लिए, पीबॉडी पिक्चर वोकैबुलरी टेस्ट (PPVT) का उपयोग बच्चों की भाषा विकास और संवाद क्षमताओं का आकलन करने के लिए किया जाता है। इसके अतिरिक्त, वयस्कों के लिए भाषाई और संवाद मूल्यांकन में उनके भाषा के उपयोग और सामाजिक संपर्क का भी आकलन किया जा सकता है, ताकि उनके संवाद कौशल में सुधार किया जा सके। इस प्रकार के मूल्यांकन में यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि परीक्षण की भाषा और सामग्री व्यक्ति की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के अनुरूप हो, ताकि परिणाम सटीक और विश्वसनीय हों।

8.9 मनोवैज्ञानिक परीक्षण का विस्तार:

मनोवैज्ञानिक परीक्षण विशेष जनसंख्या के मानसिक स्वास्थ्य का आकलन करने के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। इन परीक्षणों में व्यक्ति की मानसिक स्थिति, व्यक्तित्व, चिंता, अवसाद, और अन्य मनोवैज्ञानिक स्थितियों का मूल्यांकन किया जाता है। उदाहरण के लिए, मिनेसोटा मल्टीफेसिक पर्सनालिटी इन्वेंटरी (MMPI) और बेक डिप्रेशन इन्वेंटरी (BDI) का उपयोग वयस्कों के मानसिक स्वास्थ्य का आकलन करने के लिए किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, बच्चों के लिए बाल मनोवैज्ञानिक आकलन का उपयोग उनके मानसिक और भावनात्मक विकास

का आकलन करने के लिए किया जाता है। मनोवैज्ञानिक परीक्षणों के परिणामों का उपयोग व्यक्ति की मानसिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं के आधार पर हस्तक्षेप और सहायता की योजना बनाने के लिए किया जाता है। यह भी महत्वपूर्ण है कि मनोवैज्ञानिक परीक्षणों में सांस्कृतिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखा जाए, ताकि परिणाम अधिक प्रासंगिक और विश्वसनीय हों।

8.10 चुनौतियाँ और विचारणीय बिंदु

परीक्षण में पूर्वाग्रह का विस्तार:

परीक्षण में पूर्वाग्रह का अर्थ है कि परीक्षण की प्रक्रिया में कुछ कारक, जैसे कि भाषा, संस्कृति, और सामाजिक-आर्थिक स्थिति, परीक्षण के परिणामों को प्रभावित कर सकते हैं। इसके अलावा, परीक्षण के डिजाइन, प्रशासन, और व्याख्या में पूर्वाग्रह का खतरा होता है, जो विशेष जनसंख्या के परीक्षण को अनुचित और गलत बना सकता है। उदाहरण के लिए, यदि परीक्षण की भाषा व्यक्ति की मातृभाषा से भिन्न है, तो यह परिणामों को प्रभावित कर सकता है। इसके लिए यह महत्वपूर्ण है कि परीक्षण निष्पक्ष हो और किसी भी सांस्कृतिक, भाषाई, या सामाजिक-आर्थिक पूर्वाग्रह से मुक्त हो। इसके अतिरिक्त, परीक्षण के परिणामों की व्याख्या में भी पूर्वाग्रह हो सकता है, जिसके कारण परिणाम गलत हो सकते हैं। इस प्रकार, परीक्षणों को इस तरह से डिजाइन किया जाना चाहिए कि वे विभिन्न जनसंख्या समूहों के लिए समान रूप से मान्य और निष्पक्ष हों।

नैतिक दिशानिर्देश का विस्तार:

नैतिक दिशानिर्देश परीक्षण प्रक्रिया में निष्पक्षता, गोपनीयता, और जिम्मेदारी के महत्व पर जोर देते हैं। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि परीक्षण के परिणामों का उपयोग व्यक्ति की सहायता और विकास के लिए किया जाए, और उन्हें कोई हानि न पहुंचे। इसके अलावा, नैतिक दिशानिर्देश यह भी सुनिश्चित करते हैं कि परीक्षण के परिणामों की व्याख्या सटीक हो और व्यक्ति के सर्वोत्तम हित में हो। यह भी महत्वपूर्ण है कि परीक्षण के दौरान व्यक्ति की गोपनीयता का सम्मान किया जाए, और उनके व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा की जाए। नैतिकता के तहत यह सुनिश्चित किया जाता है कि परीक्षण के परिणामों का उचित उपयोग हो और उन्हें व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए उपयोग किया जाए।

मनोवैज्ञानिकों और शिक्षकों की भूमिका का विस्तार:

मनोवैज्ञानिक और शिक्षक परीक्षण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे यह सुनिश्चित करते हैं कि परीक्षण उचित और निष्पक्ष तरीके से संचालित हो, और परिणाम सटीक और व्यक्ति के लाभ के लिए उपयोग किए जाएं। इसके अलावा, वे परीक्षण के परिणामों की व्याख्या करने और

उन्हें व्यक्ति की विशेष आवश्यकताओं के अनुसार लागू करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मनोवैज्ञानिक और शिक्षक परीक्षण प्रक्रिया में व्यक्ति की जरूरतों और क्षमताओं के अनुसार अनुकूलन करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि मनोवैज्ञानिक और शिक्षक परीक्षण प्रक्रिया में नैतिकता और सांस्कृतिक संवेदनशीलता का पालन करें, ताकि परिणाम व्यक्ति की सहायता और विकास के लिए उपयोगी हो सकें।

तकनीकी प्रगति का विस्तार:

तकनीकी प्रगति विशेष जनसंख्या के परीक्षण के लिए नए अवसर प्रदान कर रही है। कम्प्यूटरीकृत अनुकूली परीक्षण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), और मशीन लर्निंग (ML) जैसी नई तकनीकों का उपयोग परीक्षण की प्रक्रिया को और अधिक सटीक और सुलभ बना सकता है। इसके अलावा, तकनीकी प्रगति के माध्यम से परीक्षण के परिणामों की व्याख्या में सुधार हो सकता है, जिससे परीक्षण अधिक व्यक्तिगत और प्रासंगिक हो सकते हैं। तकनीकी प्रगति के तहत, विशेष जनसंख्या के लिए अनुकूलन किए गए उपकरण और सॉफ़्टवेयर का विकास किया जा सकता है, जो परीक्षण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बना सकते हैं। इसके अतिरिक्त, तकनीकी प्रगति के माध्यम से परीक्षण के परिणामों का संग्रहण और विश्लेषण भी अधिक सटीक और कुशल हो सकता है।

अनुसंधान और विकास का विस्तार:

विशेष जनसंख्या के लिए मान्य और विश्वसनीय परीक्षणों के विकास में निरंतर अनुसंधान की आवश्यकता है। इसमें नए परीक्षणों का विकास करना और मौजूदा परीक्षणों को अनुकूलित करना शामिल है ताकि वे विभिन्न समूहों की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से पूरा कर सकें। अनुसंधान में यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि परीक्षण विज्ञान और समाज में हो रहे परिवर्तनों के साथ अद्यतन रहें, और परीक्षण के परिणामों की सटीकता और विश्वसनीयता बनी रहे। अनुसंधान और विकास के तहत, यह भी महत्वपूर्ण है कि विभिन्न सांस्कृतिक और भाषाई समूहों के लिए विशेष परीक्षणों का विकास किया जाए, ताकि परिणाम अधिक प्रासंगिक और निष्पक्ष हों।

भविष्य की दिशा का विस्तार:

विशेष जनसंख्या के लिए परीक्षण का भविष्य ऐसा परीक्षण तैयार करने में निहित है जो वास्तव में समावेशी हो और जो व्यक्ति की क्षमताओं का सटीक आकलन प्रदान करे। इसके लिए अनुसंधान, नीति विकास, और प्रौद्योगिकी के उपयोग पर निरंतर ध्यान देने की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, भविष्य में, समाज में बढ़ती विविधता और विशेष जनसंख्या की बढ़ती जरूरतों के साथ, परीक्षणों में और अधिक समावेशिता और सटीकता की आवश्यकता होगी। भविष्य के परीक्षणों में

यह भी महत्वपूर्ण है कि वे व्यक्ति की विशेष आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित हों और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए उपयोगी हों।

निष्कर्ष

विशेष जनसंख्या के लिए परीक्षण एक जटिल और चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया है, लेकिन यह भी एक अवसर है ताकि हम समाज के सभी वर्गों के लिए अधिक न्यायसंगत और समावेशी प्रणाली विकसित कर सकें। इन चुनौतियों का सामना करते हुए और इन अवसरों का उपयोग करते हुए, हमें परीक्षण के विकास और अनुसंधान में निवेश करना होगा ताकि भविष्य में परीक्षण और भी अधिक सटीक, समावेशी, और उपयोगी हो सके।

8.11 सारांश

विशेष जनसंख्या के परीक्षण का उद्देश्य विभिन्न चुनौतियों और अवसरों को समझना है जो विशिष्ट समूहों की मूल्यांकन प्रक्रियाओं में सामने आते हैं। इस अध्याय में दिव्यांग व्यक्तियों, वृद्ध जनसंख्या, बच्चे और किशोर, भाषाई और सांस्कृतिक अल्पसंख्यकों, और आर्थिक रूप से वंचित समूहों के परीक्षण पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

विशेष जनसंख्या के प्रकार:

दिव्यांग व्यक्तियों: शारीरिक, संवेदी, और संज्ञानात्मक दिव्यांग ता वाले व्यक्तियों के लिए विशेष उपकरण और समायोजन की आवश्यकता होती है।

वृद्ध जनसंख्या: वृद्ध व्यक्तियों के संज्ञानात्मक और मानसिक स्वास्थ्य का आकलन करने के लिए विशेष परीक्षण की आवश्यकता होती है।

बच्चे और किशोर: विकासात्मक और शैक्षिक परीक्षण बच्चों और किशोरों के मानसिक और शैक्षिक विकास का मूल्यांकन करते हैं।

भाषाई और सांस्कृतिक अल्पसंख्यक: परीक्षणों को सांस्कृतिक और भाषाई पृष्ठभूमि के अनुरूप बनाना आवश्यक होता है।

आर्थिक रूप से वंचित समूह: इन समूहों के परीक्षण में सामाजिक-आर्थिक स्थिति का ध्यान रखना आवश्यक होता है।

परीक्षण के सिद्धांत:

नैतिक विचार: परीक्षण की प्रक्रिया में पूर्वाग्रह और भेदभाव से बचना चाहिए और गोपनीयता का सम्मान किया जाना चाहिए।

सांस्कृतिक संवेदनशीलता: परीक्षण सामग्री और प्रशासन को सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के अनुरूप होना चाहिए।

अनुकूलन और समायोजन: विशेष आवश्यकताओं के अनुसार परीक्षण में समायोजन की आवश्यकता होती है।

विश्वसनीयता और वैधता: परीक्षणों की विश्वसनीयता और वैधता सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है।

पहुंच और उपयोगिता: परीक्षण की सुलभता और उपयोगिता को सुनिश्चित करना आवश्यक है।

प्रकार के परीक्षण:

बौद्धिक परीक्षण: संज्ञानात्मक क्षमताओं का आकलन।

संज्ञानात्मक और शैक्षिक मूल्यांकन: मानसिक और शैक्षिक प्रगति का मूल्यांकन।

व्यवहारिक मूल्यांकन: व्यवहारिक और भावनात्मक स्थिति का आकलन।

भाषा और संवाद मूल्यांकन: भाषा कौशल और संवाद क्षमताओं का मूल्यांकन।

मनोवैज्ञानिक परीक्षण: मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तित्व का आकलन।

चुनौतियाँ और विचारणीय बिंदु:

पूर्वाग्रह: परीक्षण में सांस्कृतिक, भाषाई, और सामाजिक-आर्थिक पूर्वाग्रहों को पहचानना और हटाना।

नैतिक दिशानिर्देश: निष्पक्षता, गोपनीयता, और जिम्मेदारी का पालन।

मनोवैज्ञानिकों और शिक्षकों की भूमिका: परीक्षण और परिणामों की सटीकता और उपयोगिता को सुनिश्चित करना।

तकनीकी प्रगति: नई तकनीकों का उपयोग परीक्षण को बेहतर बनाने के लिए।

अनुसंधान और विकास: निरंतर अनुसंधान और परीक्षण के विकास की आवश्यकता।

विशेष जनसंख्या के परीक्षण में जटिलताएँ और अवसर हैं, और इन चुनौतियों का सामना करते हुए हमें अधिक समावेशी और सटीक परीक्षण प्रणालियाँ विकसित करनी चाहिए। इसके लिए अनुसंधान, विकास, और तकनीकी नवाचारों में निवेश करना महत्वपूर्ण है।

8.12 शब्दार्थ

विशेष जनसंख्या (Special Population): ऐसे समूह जिनकी विशेष शारीरिक, मानसिक, या सामाजिक आवश्यकताएँ होती हैं, जैसे दिव्यांग लोग, वृद्ध, बच्चे, और सांस्कृतिक या भाषाई अल्पसंख्यक।

दिव्यांग व्यक्ति (Person with Disability):ऐसे लोग जिनके पास शारीरिक, संवेदी, या संज्ञानात्मक क्षमताओं में कमी होती है, जो सामान्य जीवन की गतिविधियों में बाधा डाल सकती है।

वृद्ध जनसंख्या (Elderly Population): बुजुर्ग या वृद्ध लोग, जो उम्र की वजह से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर सकते हैं।

बच्चे और किशोर (Children and Adolescents):युवा वर्ग, जिनके विकासात्मक, शैक्षिक, और मानसिक स्वास्थ्य की विशेष जांच की जाती है।

भाषाई और सांस्कृतिक अल्पसंख्यक (Linguistic and Cultural Minorities):वे लोग जो अपनी भाषा, संस्कृति, या सामाजिक परंपराओं के कारण मुख्यधारा से अलग हो सकते हैं।

आर्थिक रूप से वंचित (Economically Disadvantaged):ऐसे व्यक्ति या समूह जिनके पास आर्थिक संसाधनों की कमी होती है, जिससे उनकी जीवनशैली और अवसर प्रभावित होते हैं।

नैतिकता (Ethics):ऐसे सिद्धांत और मूल्य जो सही और गलत के बीच अंतर को निर्धारित करते हैं, खासकर परीक्षण और मूल्यांकन में निष्पक्षता और गोपनीयता को सुनिश्चित करने के लिए।

सांस्कृतिक संवेदनशीलता (Cultural Sensitivity):विभिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों की समझ और सम्मान, जो परीक्षण और मूल्यांकन की प्रक्रियाओं में समावेशिता को बढ़ावा देती है।

अनुकूलन (Accommodation): परीक्षण और मूल्यांकन को विशेष आवश्यकताओं के अनुसार संशोधित करना, जैसे कि विशेष उपकरण या समय सीमा में बदलाव।

विश्वसनीयता (Reliability): परीक्षण के परिणामों की स्थिरता और सटीकता, यह सुनिश्चित करता है कि परीक्षण बार-बार समान परिणाम दे।

वैधता (Validity): परीक्षण की क्षमता यह मापने की कि यह वास्तव में वही चीज़ मापता है जो वह दावा करता है कि वह मापता है।

पहुंच (Accessibility):परीक्षण की उपलब्धता और उपयोगिता, यह सुनिश्चित करना कि सभी योग्य लोग परीक्षण तक पहुंच सकते हैं।

प्रौद्योगिकी (Technology):तकनीकी उपकरण और सॉफ़्टवेयर का उपयोग परीक्षण की प्रक्रिया को सुधारने और अधिक सटीक बनाने के लिए किया जाता है।

संज्ञानात्मक मूल्यांकन (Cognitive Assessment): व्यक्ति की सोचने, समझने, और याद रखने की क्षमताओं का परीक्षण।

शैक्षिक मूल्यांकन (Educational Assessment):शिक्षा में विकास और प्रदर्शन का मापन, विशेष रूप से बच्चों और किशोरों के लिए।

व्यवहारिक मूल्यांकन (Behavioral Assessment):व्यक्ति के व्यवहार और सामाजिक कौशल का मापन।

मनोवैज्ञानिक परीक्षण (Psychological Testing):मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तित्व का आकलन करने के लिए परीक्षण।

अनुसंधान (Research): नए ज्ञान और समझ प्राप्त करने के लिए व्यवस्थित अध्ययन और विश्लेषण की प्रक्रिया।

तकनीकी नवाचार (Technological Innovation):नई तकनीक और उपकरणों का विकास, जो परीक्षण और मूल्यांकन की प्रक्रिया को बेहतर बनाते हैं।

समावेशिता (Inclusivity): सभी व्यक्तियों को समान अवसर और समर्थन प्रदान करने की प्रक्रिया, विशेष रूप से वे जो परंपरागत रूप से अलग-थलग होते हैं।

8.13 स्वमूल्यांकन हेतु प्रश्न

1. विशेष जनसंख्या के परीक्षण में किस कारक को विशेष रूप से ध्यान में रखा जाना चाहिए?

a) परीक्षण का प्रकार

b) व्यक्ति की आयु

c) सांस्कृतिक और भाषाई पृष्ठभूमि

d) परीक्षण की अवधि

उत्तर: c) सांस्कृतिक और भाषाई पृष्ठभूमि

व्याख्या: विशेष जनसंख्या के परीक्षण में सांस्कृतिक और भाषाई पृष्ठभूमि को ध्यान में रखना अत्यंत महत्वपूर्ण होता है ताकि परीक्षण के परिणाम सही और प्रासंगिक हों।

2. मनोवैज्ञानिक परीक्षणों का मुख्य उद्देश्य क्या है?

a) मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तित्व का आकलन

b) शारीरिक फिटनेस का मापन

c) शैक्षिक प्रगति का आकलन

d) सामाजिक कौशल का मूल्यांकन

उत्तर: a) मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तित्व का आकलन

व्याख्या: मनोवैज्ञानिक परीक्षणों का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य, व्यक्तित्व, और अन्य मनोवैज्ञानिक स्थितियों का मूल्यांकन करना होता है।

3. संज्ञानात्मक मूल्यांकन किस प्रकार के परीक्षण को संदर्भित करता है?

a) व्यक्ति की सामाजिक क्षमताओं का मूल्यांकन

b) शारीरिक क्षमताओं का मूल्यांकन

c) सोचने, समझने, और याद रखने की क्षमताओं का मूल्यांकन

d) शैक्षिक प्रदर्शन का मूल्यांकन

उत्तर: c) सोचने, समझने, और याद रखने की क्षमताओं का मूल्यांकन

व्याख्या: संज्ञानात्मक मूल्यांकन में व्यक्ति की सोचने, समझने, और याद रखने की क्षमताओं का मूल्यांकन किया जाता है।

4. किस स्थिति में परीक्षण के परिणामों की वैधता पर प्रश्न उठ सकते हैं?

a) जब परीक्षण की अवधि बहुत लंबी हो

b) जब परीक्षण को सांस्कृतिक रूप से अनुकूलित नहीं किया गया हो

c) जब परीक्षण का परिणाम अपेक्षाकृत उच्च हो

d) जब परीक्षण को नियमित रूप से अपडेट किया जाता हो

उत्तर: b) जब परीक्षण को सांस्कृतिक रूप से अनुकूलित नहीं किया गया हो

व्याख्या: यदि परीक्षण को सांस्कृतिक रूप से अनुकूलित नहीं किया गया है, तो परिणामों की वैधता पर प्रश्न उठ सकते हैं, क्योंकि परीक्षण सांस्कृतिक और भाषाई पृष्ठभूमि के अनुसार सटीक नहीं हो सकता।

8.14 सन्दर्भ

• Groth-Marnat, G. (2009). Handbook of Psychological Assessment (5th ed.). Wiley.

• Fletcher, J. M., & Lyon, G. R. (2006). The Science of Reading: A Handbook. Blackwell Publishing.

• Sue, S., Cheng, J. K. Y., Saad, L., & Rivera, D. P. (2012). Asian American Mental Health: A Review of the Literature. Cultural Diversity and Ethnic Minority Psychology, 18(4), 330-340.

• Sattler, J. M. (2014). Assessment of Children: Cognitive Applications (5th ed.). Jerome M. Sattler, Publisher.

• American Psychological Association. (2017). Ethical Principles of Psychologists and Code of Conduct. APA.

• Berk, L. E. (2018). Child Development (9th ed.). Pearson.

8.15 निबंधात्मक प्रश्न

1. विशेष जनसंख्या के परीक्षण में सांस्कृतिक संवेदनशीलता क्यों महत्वपूर्ण है? इसे सुनिश्चित करने के लिए किन उपायों को अपनाया जा सकता है?

2. दिव्यांग व्यक्तियों के परीक्षण में किन विशेष चुनौतियों का सामना किया जाता है, और इन चुनौतियों को कैसे संबोधित किया जा सकता है?

इकाई-9 मनोवैज्ञानिक शोध का अर्थ एवं प्रकार

(Meaning and types of Psychological research)

इकाई संरचना

9.1 प्रस्तावना

9.2 उद्देश्य

9.3 मनोवैज्ञानिक शोध का अर्थ

9.4 मनोवैज्ञानिक शोध की विशेषताए

9.5 शोध के प्रकार

9.5.1 मौलिक शोध का अर्थ

9.5.2 अनुप्रयुक्त शोध का अर्थ

9.6 शोध में सन्निहित अवस्थाएँ

9.7 सारांश

9.8 शब्दावली

9.9 स्वमूल्यांकन हेतु प्रश्न

9.10 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

9.11 निबंधात्मक प्रश्न

9.1 प्रस्तावना

अनुसंधान मानव ज्ञान को नई दिशा प्रदान करता है तथा उसे विकसित तथा परिमार्जित करता है। अनुसंधान ज्ञान के विविध पक्षों में गहनता तथा सूक्ष्मता प्रदान करता है। अनुसंधान अनेक नवीन कार्य विधियों को विकसित करता है, अनुसंधान वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित विश्लेषण करने की अधिक तर्कयुक्त, व्यवस्थित, गहन प्रक्रिया है। अनुसंधान वैज्ञानिक पद्धति की अत्यन्त विशिष्ट अवस्था है। एडवर्डस कहते हैं कि-अनुसंधान किसी प्रश्न या समस्या या प्रस्तावित उत्तरों की जांच के लिए उत्तर खोजने हेतु किया जाता है। इस प्रकार अनुसंधान चतुर्दिक विकास का संवाहक होता है। अनुसंधान की यह विशेषता है कि वह एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जो मापन पर आधारित

होता है। इसकी यह भी विशेषता है कि यह तथ्यपरक होता है, जिसे सतर्कता के साथ प्रतिवेदित किया जाता है।

मनोवैज्ञानिक शोध के माध्यम से मनुष्य के व्यवहारों एवं मानसिक क्रियाओं के स्वरूप, उनमें निहित क्रियातंत्रों तथा उनके निर्धारकों का पता लगाया जाता है। मनोवैज्ञानिक अनुसंधान भी वैज्ञानिक ढ़ंग से किया जाता है। इसमें मनोविज्ञान सम्बन्धी अनुसंधानों के सम्प्रत्ययन, वर्गीकरण, प्रदत्त संग्रह की प्रक्रियाओं एवं अभिकल्पों का विवेचन किया गया है।

9.2उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप यह जान सकेंगे कि -

- अनुसंधान क्या है ?
- मनोवैज्ञानिक अनुसंधान क्या है?
- अनुसंधान की विशेषकर मनोवैज्ञानिक शोध की विशेषता क्या होती है ?
- मौलिक एवं अनुप्रयुक्त शोध का अन्तर तथा इन शोधों में सन्निहित अवस्थाओं से अवगत हो सकेंगे।
- इन शोधों में सन्निहित चरणों पर प्रकाश डाल सकेंगे।
- मौलिक एवं अनुप्रयुक्त शोध में अन्तर स्थापित कर सकेंगे|

9.3 मनोवैज्ञानिक शोध का अर्थ

मनोवैज्ञानिक शोध के अर्थ को स्पष्ट करने से पहले शोध या अनुसंधान क्या है, वैज्ञानिक शोध क्या है, इसे समझना आवश्यक है। वैसे तो अनुसंधान या शोध की कोई सर्वमान्य परिभाषा नहीं दी जा सकती है। सामान्यतया शोध का अर्थ किसी समस्या के निराकरण के लिए व्यक्ति निरपेक्ष विधियों के आधार पर समस्या का प्रासंगिक, विश्वसनीय, वैध तथा पक्षपात रहित उत्तर खोजना है ।

जे डब्ल्यू बेस्ट के अनुसार-"शोध वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित विश्लेषण करने की तर्कयुक्त, व्यवस्थित गहन प्रक्रिया है। शोध वैज्ञानिक पद्धति की अत्यन्त विशिष्ट अवस्था है।"

ए0एल0 एडवर्डस के अनुसार - *"शोध किसी प्रश्न या समस्या या प्रस्तावित उत्तरों की जाँच के लिए उत्तर खोजने हेतु किया जाता है।"*

करलिंगर का मत है कि - *"वैज्ञानिक अनुसंधान प्राकृतिक दृश्य विषयों के मध्य अनुमानित सम्बन्धों से सम्बन्धित परिकल्पनात्मक कथनों की व्यवस्थित, नियंत्रित, अनुभवजन्य तथा तार्किक खोज है।"*

पी0एम0 कुक के अनुसार- *"अनुसंधान एक दी गई समस्या से संदर्भित तथ्यों एवं उनके अर्थों या निहित तात्पर्यों की एक सत्यनिष्ठ, व्यापक एवं बौद्धिक खोज है ।"* इस प्रकार उपर्युक्त परिभाषाओं से स्पष्ट है कि शोध व्यक्ति निरपेक्ष विधियों के आधार पर समस्या के समाधान के लिए अपनाई गई व्यवस्थित, तर्कसंगत एवं अनुभवजन्य प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया प्रत्येक अध्ययन विषय में शोध के लिए आवश्यक है।

वैज्ञानिक शोध के अर्थ को सपष्ट करते हुए कहा जा सकता है कि किसी समस्या या प्रश्न का समाधान करने का क्रमबद्ध एवं वस्तुनिष्ठ प्रयास ही वैज्ञानिक शोध कहलाता है। वैज्ञानिक शोध में शोधकर्ता नियंत्रित एवं आनुभविक शोध करता है । करलिंगर ने वैज्ञानिक शोध की परिभाषा करते हुए कहा है कि *"स्वाभाविक घटनाओं का क्रमबद्ध, नियंत्रित, आनुभविक एवं आलोचनात्मक अनुसंधान जो घटनाओं के बीच कल्पित सम्बन्धों के सिद्धान्तों एवं प्राक्कल्पनाओं द्वारा निर्देशित होता है को वैज्ञानिक शोध कहा जाता है।"***बेस्ट एवं काहन** ने भी वैज्ञानिक शोध के अर्थ को स्पष्ट किया है- *"वैज्ञानिक शोध किसी नियंत्रित प्रेक्षण क्रमबद्ध, वस्तुनिष्ठ अभिलेख एवं विश्लेषण है, जिसके आधार पर सामान्यीकरण, नियम या सिद्धान्त विकसित किया जाता है तथा जिससे बहुत सारी घटनाओं, जो किसी खास क्रिया का परिणाम या कारण हो सकती है, को नियंत्रित कर उनके बारे में पूर्व कथन किया जाता है।"*

इस प्रकार इन परिभाषाओं से स्पष्ट होता है कि-वैज्ञानिक शोध के स्वरूप का मूल तथ्य यह है कि इसमें एक नियंत्रित प्रेक्षण होता है और इस तरह से प्रेक्षण से प्राप्त निष्कर्ष के आधार पर कोई नया सिद्धान्त या नियम विकसित किया जाता है। इसके अलावा भी वैज्ञानिक शोध की अनेक विशेषताएँ होती हैं।

अनुसंधान या वैज्ञानिक अनुसंधान के अर्थ स्पष्ट हो जाने के पश्चात अब मनोवैज्ञानिक शोध के अर्थ को अच्छी तरह से स्पष्ट किया जा सकता है।

मनोवैज्ञानिक शोध- मनोवैज्ञानिक शोध के माध्यम से मनुष्य के व्यवहारों एवं मानसिक क्रियाओं के स्वरूप, उनमें निहित क्रियातंत्रों तथा उनके निर्धारकों का पता लगाया जाता है। मनोवैज्ञानिक अनुसंधान को इस प्रकार भी स्पष्ट किया जा सकता है- मनोविज्ञान के विषय क्षेत्र से सम्बन्धित किसी समस्या के निराकरण के लिए व्यक्ति निरपेक्ष/तर्कयुक्त पद्धति के आधार पर प्रासंगिक, विश्वसनीय, वैध, पक्षपात रहित तथा परखे जा सकने योग्य तथ्यों के एकत्रीकरण, परिणामों, के विवेचन एवं निष्कर्षों तक पहुँचने की समस्त प्रक्रिया को मनोवैज्ञानिक शोध कहा जा सकता है। **डी एमैटो** ने मनोवैज्ञानिक शोध को परिभाषित करते हुए कहा है कि - *"मनोवैज्ञानिक*

*शोध के अंतर्गत मनोविज्ञान के क्षेत्र के भीतर की समस्याओं के बारे में किए गए सभी शोध को रखा जाता है।"*इस प्रकार मनोविज्ञान की विभिन्न शाखाओं में किए गए सभी तरह के शोध चाहे वह प्रयोगात्मक हों या अप्रयोगात्मक व मनोवैज्ञानिक शोध कहलाते हैं। मनोवैज्ञानिक शोध भी वैज्ञानिक ढंग से किया जाता है। इसमें व्यवहारों एवं क्रियाओं के स्वरूप, उनमें निहित क्रियातंत्रों एवं उनके नियमों का निर्धारण किया जाता है।

इस प्रकार उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि शोध वैज्ञानिक को मनोवैज्ञानिक या किसी क्षेत्र से सम्बन्धित हो उसे वैज्ञानिक पद्धति से खोजे गए उत्तर के रूप में समझा जा सकता है। शोध एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया होती है। यही निरंतरता विज्ञान की प्रगति का चरण है।

9.4 मनोवैज्ञानिक शोध की विशेषताएँ

किसी भी मनोवैज्ञानिक शोध में निम्नलिखित विशेषताएँ पायी जाती हैं -

1. मनोवैज्ञानिक अनुसंधान में प्रायः प्रायोगिक पद्धति का व्यापक रूप से प्रयोग किया जाता है। अतः अधिकांश मनोवैज्ञानिक शोध का स्वरूप उच्च वैज्ञानिक स्तर का होता है।
2. मनोवैज्ञानिक शोध में बाह्यचरों के नियंत्रण की व्यवस्था रहती है।
3. मनोवैज्ञानिक शोधों में इस प्रकार के शोध अभिकल्प मनोवैज्ञानिकों द्वारा विकसित किए गए हैं जिनके आधार पर स्वतंत्र चर के प्रभाव को अन्य चरों के प्रभावों से अलग किया जा सकता है। इसमें विभिन्न चरों के पारस्परिक सम्बन्धों के वैज्ञानिक मूल्यांकन में भी पर्याप्त सहायता मिलती है।
4. मनोवैज्ञानिक शोधों में विशिष्ट सांख्यकीय विधियों का आँकड़ों के संकलन, विश्लेषण एवं विवेचन में उपयोग किया जाता है।
5. मनोवैज्ञानिक शोधों द्वारा प्राप्त तथ्यों, नियमों व सिद्धान्तों का स्वरूप पर्याप्त मात्रा में वैज्ञानिक होता है।
6. मनोवैज्ञानिकों द्वारा मनोवैज्ञानिक तथ्यों को मात्रात्मक रूप प्रदान करने से अधिकांश शोधों का स्वरूप विधि -अनुस्थापित रहता है।अतः उनमें वैज्ञानिक पद्धति का व्यापक उपयोग किया जाता है।
7. मनोवैज्ञानिक मूलभूत शोधों का स्तर अत्यन्त उच्च वैज्ञानिक होता है।
8. मनोवैज्ञानिक शोध प्रायः उद्दीपक-प्राणी-अनुक्रिया (एस0ओ0आर0) से सम्बन्धित रहता है।

9.5 शोध के प्रकार

9.5.1 मौलिक शोध का अर्थ

शिक्षार्थियों, आप शोध के अर्थ एवं स्वरूप से अवगत हो चुके हैं। आप यह भी जान चुके हैं कि एक वैज्ञानिक शोध की क्या-क्या विशेषताएँ होती हैं एक मनोवैज्ञानिक शोध किस सीमा तक इन विशेषताओं को ग्रहण किये हुए है।

आइए, अब हम शोधकर्ता के उद्देश्य के दृष्टिकोण से शोध के प्रकार की चर्चा करें। दरअसल, कोई भी शोधकर्ता शोध करने के पूर्व ही यह तय कर लेता है कि उसे किस तरह का शोध करना है। उसका उद्देश्य किसी क्षेत्र में एक सिद्धान्त विकसित करना है अथवा शोध द्वारा किसी क्षेत्र की व्यावहारिक समस्या का समाधान करना है। इसी उद्देश्य के आलोक में शोध को दो भागों में बाँटा गया है- मौलिक शोध तथा अनुप्रयुक्त शोध। मौलिक शोध वैसे शोध को कहा जाता है जिसमें शोधकर्ता का मुख्य उद्देश्य किसी क्षेत्र विशेष में एक सिद्धान्त विकसित करना होता है। ऐसे शोध में शोधकर्ता द्वारा प्रायः व्यापक रूप से वैज्ञानिक तथ्यों, नियमों तथा सिद्धान्तों की खोज की जाती है। ऐसे शोध में शोधकर्ता द्वारा सैद्धान्तिक ज्ञान की खोज पर अधिक बल दिया जाता है। इसे शुद्ध शोध भी कहते हैं। इस शोध में शोधकर्ता को इस बात की चिन्ता नहीं होती कि उसके द्वारा प्राप्त निष्कर्ष से किसी क्षेत्र की व्यावहारिक समस्या के समाधान में मदद मिलेगी या नहीं। उदाहरण स्वरूप, यदि कोई शोधकर्ता कुछ व्यक्तियों का चयन कर उसके अवगम व्यवहार का अध्ययन करता है और इस निष्कर्ष पर पहुँचता है कि अवगम की प्रक्रिया व्यक्ति की आवश्यकता, मूल्य एवं मनोवृत्ति द्वारा प्रभावित होती है तो यह एक मौलिक शोध का उदाहरण होगा। यहाँ, शोधकर्ता अपने शोध के निष्कर्ष के आधार पर एक सामान्य नियम बना सकता है कि *''अवगम में व्यक्तित्व कारकों की सार्थक भूमिका होती है।''*अब इस सामान्य नियम द्वारा अवगम के क्षेत्र की किन-किन समस्याओं का समाधान हो सकता है, इससे एक मूल शोधकर्ता को कोई मतलब नहीं रहता है। इसी प्रकार, पहले से स्थापित किसी सिद्धान्त को शोध द्वारा स्वीकृत या अस्वीकृत करना भी मौलिक शोध के अन्तर्गत ही आता है। विभिन्न विषयों में स्थापित नियम व सिद्धान्त सम्भवतः मौलिक शोध की ही देन हैं, क्योंकि मौलिक शोध का उद्देश्य ही सिर्फ उपकल्पना या सिद्धान्त को विकसित करना व उसकी जाँच करना होता है, उसके व्यावहारिक उपयोग से इसका कुछ भी लेना-देना नहीं होता।

9.5.2 अनुप्रयुक्त शोध का अर्थ

अनुप्रयुक्त शोध वैसे शोध को कहते हैं जिसमें शोधकर्ता का मुख्य उद्देश्य सैद्धान्तिक सम्प्रत्ययों की जाँच वास्तविक समस्या समाधान के द्वारा करना होता है। यानी, अनुप्रयुक्त शोध का सम्बन्ध प्रायः व्यावहारिक समस्याओं के वर्तमान समय के समाधान से रहता है। इस प्रकार के शोध का उद्देश्य

उपयोगितावादी होता है तथा इस तरह के शोध से प्राप्त परिणामों को तत्काल ही उपयोग में लाया जा सकता है।

अनुप्रयुक्त शोध में भी शोधकर्ता चयनित प्रतिदर्श से प्राप्त निष्कर्ष के आधार पर उस जनसंख्या के बारे में विशेष अनुमान लगाता है, परन्तु यहाँ उसका विशेष उद्देश्य इस बात पर बल डालना होता है कि शोध द्वारा प्राप्त निष्कर्ष संबंधित क्षेत्र की वास्तविक समस्या का समाधान किस हद तक कर पाता है। क्रियात्मक शोध, अभिप्रेरणात्मक शोध, सामाजिक शोध, औद्योगिक शोध, चिकित्सीय शोध, शैक्षिक शोध आदि अनुप्रयुक्त शोध के अन्तर्गत ही आते हैं।

अनुप्रयुक्त शोध का सम्बन्ध मूलतः वैज्ञानिक ज्ञान एवं तथ्यों पर आधारित उन उपायों की खोज करना होता है जिनके द्वारा व्यावहारिक समस्याओं का हल निकाला जा सके। इसीलिए, अनुप्रयुक्त शोध सामाजिक एवं वास्तविक जीवन की समस्याओं के विश्लेषण एवं समाधान पर बल देता है। अनुप्रयुक्त शोध के आधार पर जो परिणाम प्राप्त होते है वे सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठनों को नीति एवं योजना बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। हॉर्टन एवं हण्ट (1984) ने अनुप्रयुक्त शोध की इसी विशेषता को उजागर करते हुए लिखा है ''यह शोध एक ऐसा अन्वेषण है जो वैज्ञानिक ज्ञान का इस्तेमाल कर व्यावहारिक समस्याओं के समाधान करने का उपाय सुझाता है।''

मौलिक शोध एवं अनुप्रयुक्त शोध में अन्तर

ऊपर आपने मौलिक शोध एवं अनुप्रयुक्त शोध के बारे में जानकारी प्राप्त की। आइये, अब इन दोनों ही प्रकार के शोध के स्वरूप की तुलना करें कि इनमें क्या समानताएँ हैं एवं क्या भिन्नताएँ हैं।

दरअसल, मौलिक शोध एवं अनुप्रयुक्त शोध दोनों ही में शोधकर्ता एक प्रतिदर्श का चयन करता है अर्थात् शोध के लिए प्रयोज्यों का निष्पक्ष चयन करता है तथा अध्ययन से प्राप्त निष्कर्ष के आधार पर लक्ष्य जीवसंख्या के बारे में विशेष अनुमान लगाता है। इस समानता के रहते हुए भी दोनों में निम्नलिखित अन्तर हैं-

1) मौलिक शोध में मूलतः वैज्ञानिक तथ्यों, नियमों, सिद्धान्तों आदि की खोज की जाती है जबकि अनुप्रयुक्त शोध में इन नियमों व सिद्धान्तों का प्रयोग व्यावहारिक समस्याओं के समाधान में करने के तरीके विकसित किए जाते हैं।

2) मौलिक शोध का सम्बन्ध सैद्धान्तिक ज्ञान से है जबकि अनुप्रयुक्त शोध का सम्बन्ध व्यावहारिक ज्ञान से है। मौलिक शोध को इस बात से कोई मतलब नहीं रहता कि प्राप्त नया ज्ञान किसी वर्तमान समस्या के समाधान में कारगर होगा या नहीं, जबकि अनुप्रयुक्त शोध का सम्बन्ध उस नये ज्ञान से वर्तमान समस्याओं का समाधान करने का तरीका विकसित करने से है।

3) मौलिक शोध सामान्यतः शोधकर्ता अपने खुद के वित्तीय प्रबन्ध से करता है जबकि अनुप्रयुक्त शोध का संचालन प्रायः वित्तीय एजेंसी के समर्थन एवं प्रायोजन से होता है, जैसे- वर्ल्ड बैंक, यूनिसेफ, यू.जी.सी., सी.एस.आई.आर., आई.सी.एस.एस.आर. इत्यादि के द्वारा अनुप्रयुक्त शोध प्रायः प्रायोजित होता है।

4) कोई शोधकर्ता किस उद्देश्य से कोई शोध कर रहा है, इससे पता चलता है कि शोध का स्वरूप मौलिक होगा या अनुप्रयुक्त। जैसे- यदि कोई शोधकर्ता यह शोध करना चाहता है कि एक व्यक्ति अपराध क्यों करता है या कोई व्यक्ति अपराधी कैसे बन जाता है? तो इस तरह का शोध मौलिक शोध कहलायेगा, परन्तु यदि वही शोधकर्ता यह शोध करना चाहता है कि एक अपराधी को कैसे सही रास्ते पर लाया जा सकता है या उसके इस तरह के व्यवहार को कैसे नियंत्रित किया जा सकता है तो इस तरह का शोध अनुप्रयुक्त शोध कहलायेगा। इसी प्रकार, यदि एक मनोवैज्ञानिक यह शोध करना चाहता है कि कितने तापमान पर किसी उद्योग में कर्मचारी अधिकतम काम करता है तो यह मौलिक शोध होगा, परन्तु यदि वह उद्योग जगत में अपने इस शोध के द्वारा विभिन्न उद्योंगों के कर्मचारियों हेतु इस उपयुक्त तापमान की व्यवस्था करवाता है और औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि कराता है, तो यह अनुप्रयुक्त शोध होगा।

5) स्पष्ट है कि मौलिक शोध एवं अनुप्रयुक्त शोध में उद्देश्य की भिन्नता को लेकर अन्तर है, वरना दोनों एक ही हैं। आइए, अब जरा इन दोनों ही शोधों में सन्निहित अवस्थाओं पर ध्यान दें।

9.6 शोध में सन्निहित अवस्थाएँ

मौलिक शोध हो या अनुप्रयुक्त, इन दोनों ही तरह के मनोवैज्ञानिक शोधों में एक शोधकर्ता को एक निश्चित क्रम या अवस्थाओं का अनुसरण करना पड़ता है। ये अवस्थाएँ निम्नलिखित हैं-

1) **किसी शोध विषय का चयन-** मौलिक एवं अनुप्रयुक्त दोनों ही प्रकार के शोधों में शोधकर्ता को सबसे पहले शोध विषय का चयन करना पड़ता है। शोध विषय से तात्पर्य शोध समस्या से है जो एक प्रश्नवाचक कथन होता है। इसमें चरों के बीच कोई विशेष प्रकार के सम्बन्ध होने की कल्पना की जाती है। शोधकर्ता के लिए शोध समस्या का निर्धारण करना सामान्यतः एक कठिन कार्य होता है। इस कठिनाई को दूर करने के लिए वह उन स्रोतों की ओर झाँकता है जिससे एक वैज्ञानिक समस्या की उत्पत्ति हो सके। इन स्रोतों के रूप में शोधकर्ता शोध जर्नल, मनोवैज्ञानिक एब्स्ट्रैक्ट्स में दिये शोध-पत्र को पढ़ता है तथा उससे एक अच्छी समस्या की खोज करता है। इस खोज में वह प्रोफेसर एवं विषय के अन्य विशेषज्ञों से भी राय लेता है। एक अच्छी समस्या की खोज का काम दो चरणों में पूरा किया जाता है। पहले चरण में शोधकर्ता इस बात का निश्चय करता है कि उस शोध का सामान्य उद्देश्य क्या है तथा दूसरे चरण में

शोधकर्ता उस विशेष उद्देश्य को परिभाषित करता है जिसका विश्लेषण किया जाना है। उदाहरणार्थ, मान लिया जाय कि शोधकर्ता समस्या-समाधान व्यवहार के क्षेत्र में अध्ययन करना चाहता है। ऐसी अवस्था में वह मनोवैज्ञानिक एब्स्ट्रैक्ट्स में छपे उन शोध अनुसंधानों की समीक्षा करेगा जो समस्या-समाणान व्यवहार के क्षेत्र में किये गये हैं। थोड़ी देर के लिए मान लिया जाय कि इस समीक्षा के बद वह इस निष्कर्ष पर पहुँचता है कि इस क्षेत्र में अब तक बहुत ही कम शोध किये गये हैं। इस सिलसिले में वह किसी विशेषज्ञ एवं प्रोफेसर से बातचीत भी कर सकता है। थोड़ी देर के लिए मान लिया जाय कि मनोवैज्ञानिक एब्स्ट्रैक्ट्स एवं विशेषज्ञ से बातचीत कर वह इस निष्कर्ष पर पहुँचता है कि समस्या-समाधान व्यवहार में अभिप्रेरणात्मक कारकों के महत्व का अध्ययन किया जाय। अतः शोधकर्ता अपने शोध की समस्या का उल्लेख स्पष्ट शब्दों में इस तरह करेगा-''व्यक्तियों द्वारा किसी समस्या-समाधान में अभिप्रेरणात्मक कारकों के महत्व का निर्धारण करना।''समस्या का निर्धारण कर लेने पर शोध अध्ययन का विशेष उद्देश्य भी निश्चित कर लिया जाता है ताकि शोधकर्ता यह तय कर पाये कि उसकी समस्या का विश्लेषण कैसे किया जायेगा। ऐसा करने के लिए वह उपकल्पना बनाता है। अतः शोधकर्ता यहाँ इस तरह की उपकल्पना विकसित कर सकता है- ''समस्या-समाधान व्यवहार में प्रशंसा से वृद्धि होती है परन्तु निन्दा से कमी आती है।''

2) **चरों का वर्गीकरण-** उपकल्पना का स्पष्टीकरण कर लेने के बाद शोध के दूसरे चरण में शोधकर्ता उन चरों पर ध्यान देता है तथा उनका वर्गीकरण करता है जो उसके शोध अध्ययन में सम्मिलित हैं। सबसे पहले वह स्वतंत्र चर का पता लगाता है क्योंकि इसी चर के प्रभाव के अध्ययन में शोधकर्ता की रूचि होती हैं। उपर्युक्त उदाहरण में प्रशंसा तथा निन्दा को स्वतंन्त्र चर हैं। इसके बाद यह निश्चित किया जाता है कि वह कौन-सा चर है जिसका मापन स्वतंत्र चरों के प्रभाव देखने के लिये वह करेगा। दूसरे शब्दों में, वह कौन-सा चर है जिसके बारे में प्रयोग या शोध करके वह पूर्वकथन करना चाहता है। ऐसे चर को आश्रित चर कहा जाता है। उपर्युक्त उदाहरण में समस्या-समाधान व्यवहार आश्रित चर का उदाहरण है। इसके अलावा शोधकर्ता उन सभी चरों की सूची तैयार करता है जिनके प्रभाव से आश्रित चर में परिवर्तन हो सकता है परन्तु इसके प्रभाव के अध्ययन में यहाँ उसकी रूचि नहीं होती है। अतः वह इन चरों को विशेष विधियों द्वारा नियंत्रित कर लेता है। ऐसे चरों को संगत चर या बहिरंग चर कहा जाता है। उपर्युक्त उदाहरण में प्रयोज्य की आयु, बुद्धि, स्वास्थ्य, आदि ऐसे ही संगत चर के उदाहरण हैं। अतः प्रयोगकर्ता या शोधकर्ता ऐसे चरों को नियंत्रित करके रखता है ताकि उनसे आश्रित चर प्रभावित न हो जाय। संगत चरों को नियंत्रित करने की कई विधियाँ जिनमें यादृच्छीकरण, संतुलन, मिलान आदि प्रधान हैं।

3) **उचित डिजाइन का चयन-** मनोवैज्ञानिक शोध की तीसरी महत्वपूर्ण अवस्था शोध के लिए उचित डिजाइन का चयन किया जाना है। मनोवैज्ञानिक शोध, चाहे मौलिक हो या अनुपयुक्त को सामान्यतः दो भागों में बाँटा जाता है- प्रयोगात्मक शोध तथा अप्रयोगात्मक शोध। प्रयोगात्मक शोध वैसे शोध को कहा जाता है जिसमें शोधकर्ता का स्वतंत्र चरों पर सीधा नियंत्रण रहता है तथा जिसमें वह इन चरों में जोड़-तोड़ भी आसानी से कर पाता है। प्रयोगशाला प्रयोग शोध तथा क्षेत्र प्रयोग शोध दो प्रमुख प्रयोगात्मक शोध हैं जिनका उपयोग मनोविज्ञान में काफी होता है। अप्रयोगात्मक शोध, जैसा कि नाम से ही स्पष्ट होता है, प्रयोगात्मक शोध के विपरीत होता है। इसमें शोधकर्ता को स्वतंत्र चरों पर सीधा नियन्त्रण नहीं रहता है तथा उसमें जोड़-तोड़ भी वह नहीं कर पाता है। क्षेत्र अध्ययन, सर्वे शोध आदि अप्रयोगात्मक शोध के कुछ प्रमुख उदाहरण हैं। प्रयोगात्मक शोध तथा अप्रयोगात्मक शोध में प्रयोगात्मक शोध को तुलनात्मक रूप से अधिक श्रेष्ठ समझा जाता है क्योंकि इसमें सही-सही निष्कर्ष पर अधिक विश्वास के साथ इस कारण पहुँचा जाना संभव हो पाता है कि इसमें कारण तथा प्रभाव को एक-दूसरे से सीधे जोड़ने का प्रयास हो पाता है। इस पर हम लोग आगे की इकाई में चर्चा करेंगे।

जब शोधकर्ता ये निर्णय कर लेता है कि वह प्रयोगात्मक शोध या अप्रयोगात्मक शोध में से किस तरह का शोध करेगा तो उसके बाद वह शोध के डिजाइन का चयन करता है। मनोवैज्ञानिक शोध में कई तरह के डिजाइन उपलब्ध हैं जिन्हें दो प्रमुख श्रेणियों में बाँटा गया है- प्रयोगात्मक डिजाइन तथा अप्रयोगात्मक डिजाइन।

उपर्युक्त उदाहरण में मान लिया जाय कि शोधकर्ता एक प्रयोगात्मक शोध करना चाहता है। ऐसी परिस्थिति में तब वह एक प्रयोगात्मक डिजाइन का चयन करेगा। थोड़ी देर के लिए मान लिया जाय कि वह मध्य-प्रयोज्य डिजाइन का प्रयोग करना चाहता है। ऐसी परिस्थिति में शोधकर्ता स्वतंत्र चर के प्रत्येक स्तर के लिए एक अलग-अलग समूह का चयन यादृच्छिक रूप से करेगा। यहाँ स्वतंत्र चर प्रशंसा तथा निन्दा है। इस में जोड़-तोड़ तीन स्तरों या अवस्थाओं में बाँट कर किया जा सकता है- प्रशंसा की अवस्था, निन्दा की अवस्था तथा उपेक्षा की अवस्था। मान लिया जाय कि शोधकर्ता के पास करीब-करीब एक ही उम्र तथा बुद्धि के 15 छात्र उपलब्ध हैं। वह इन सभी छात्रों को यादृच्छिक रूप से तीन समूहों में बाँट देगा और फिर इन तीनों समूहों को यादृच्छिक रूप से तीनों अवस्थाओं में बाँट देगा। इस तरह से एक समूह प्रशंसा की अवस्था में किसी समस्या का समाधान करेगा, दूसरा समूह निन्दा की अवस्था में समरूप समस्या का समाधान करेगा तथा तीसरा समूह उपेक्षा की अवस्था में समरूप समस्या का समाधान करेगा। इस तरह से शोधकर्ता द्वारा मध्य-प्रयोज्य डिजाइन की शर्तें पूरी हो पायेंगी।

4) **उपयुक्त विधियाँ-** जब शोधकर्ता उपयुक्त डिजाइन का चयन कर लेता है, तो वह एक वैज्ञानिक विधि अपनाता है जिसमें उन सभी चरणों की व्याख्या होती है जिनसे होकर शोध की समस्या का समाधान करने का प्रयास किया गया है। सामान्यतः इस अवस्था के तीन चरण होते हैं- प्रयोज्य, उपकरण तथा अन्य वस्तुएँ तथा क्रियाविधि। प्रयोज्य वाले अनुच्छेद में शोधकर्ता प्रयोज्य जो उनके अध्ययन में भाग ले रहे हैं, की उम्र, यौन, बुद्धिलब्धि संगत सूचनाओं की सूची तैयार करता है। जैसे, इस अध्ययन में सभी छात्रों की उम्र 9-10 साल के बीच की है, तथा करीब-करीब उन सबों की बुद्धिलब्धि एक समान है एवं वे सभी एक ही यौन के अर्थात् पुरूष है। उपकरण तथा अन्य वस्तुएँ वाले अनुच्छेद में शोधकर्ता उन उपकरणों जैसे स्टॉपवाच, स्मृति पटह, स्पर्शानुभावक, तथा अन्य वस्तुएँ जैसे कोई मनोवैज्ञानिक परीक्षण, पर्दा, स्केल आदि को दर्शाता है।

इस अवस्था का सबसे प्रमुख भाग क्रियाविधि होती है। इस भाग में शोधकर्ता उन सभी प्रक्रियाओं का वर्णन करता है जिनसे होकर शोध या प्रयोग किये गये हैं। जैसे, शोधकर्ता यहाँ यह दर्शाता है कि किस तरह से प्रयोज्यों को विभिन्न समूहों में बाँटा गया, किस समूह को कौन-सा कार्य दिया गया, किसे नही दिया गया, प्रयोज्यों को क्या निर्देश दिये गये, यदि कोई मनोवैज्ञानिक परीक्षण दिये गये तो वह सभी किस क्रम में दिये गये, आदि, आदि।

क्रियाविधि के अन्तर्गत ही उपर्युक्त उदाहरण में प्रशंसा समूह, निन्दा समूह एवं उपेक्षित समूह से कराये गए कार्यों का क्रमबद्ध अवलोकन किया जायेगा।

5) **प्रदत्त विश्लेषण एवं परिणाम-** मनोवैज्ञानिक शोध की एक महत्वपूर्ण अवस्था परिणाम विश्लेषण की है। जब शोधकर्ता अपने प्रयोग या रिसर्च के आधार पर एक परिणाम तैयार कर लेता है तो उसके बाद वह उस परिणाम का विश्लेषण शुरू कर देता है। परिणाम का विश्लेषण करने के लिए शोधकर्ता कुछ सांख्यिकीय प्रविधियों का सहारा लेता है। इन प्रविधियों में माध्य, मानक विचलन टी-अनुपात, एफ-अनुपात तथा काई-वर्ग तुलनात्मक रूप से अधिक प्रचलित हैं। इन प्रविधियों द्वारा विश्लेषण करने का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना होता है कि स्वतंत्र चर का प्रभाव आश्रित चर पर कितना पड़ा है तथा किस दिशा में पड़ा है। उपर्युक्त शोध के उदाहरण में तीन समूह थे- प्रशंसित समूह, निन्दित समूह, तथा उपेक्षित समूह। तीनों समूहों द्वारा संख्यात्मक क्षमता परीक्षण पर अर्जित प्राप्तांक के आधार पर मान लिया जाय, कि माध्य, मानक विचलन तथा टी अनुपात ज्ञात किया गया। यहाँ प्राप्तांक का अर्थ प्रयोज्यों द्वारा सही उत्तर देने पर मिलने वाले अंकों के जोड़ से है। यदि प्रशंसित समूह का माध्य सबसे अधिक, निन्दित समूह का माध्य उससे कम तथा उपेक्षित समूह का माध्य सबसे कम आता है तथा माध्यों का यह अंतर सार्थक साबित होता है। (अर्थात् टी-अनुपात सार्थक साबित होता है) तो

इससे स्पष्ट रूप से शोधकर्ता यह समझ जाएगा कि उसके अध्ययन में स्वतन्त्र चर का प्रभाव आश्रित चर पर स्पष्ट रूप से पड़ा है।

6) **विवेचन एवं निष्कर्ष-** मनोवैज्ञानिक शोध का अन्तिम चरण परिणाम विश्लेषण करके एक निश्चित निष्कर्ष पर पहुँचना होता है। सचमुच में इसी निश्चित निष्कर्ष पर पहुँचने के लिए ही शोधकर्ता ने शोध करना प्रारम्भ किया था। इस निश्चित निष्कर्ष पर पहुँचकर शोधकर्ता शोध की समस्या के बारे में विशेष कथन तैयार करता है। उपर्युक्त उदाहरण में चूँकि प्रशंसित समूह का माध्य निन्दित समूह के माध्य से ऊँचा पाया गया और साथ-ही-साथ माध्य का यह अन्तर सार्थक भी होता पाया गया क्योंकि टी-अनुपात सार्थक बतलाया गया है), तो शोधकर्ता इस अन्तिम निष्कर्ष पर पहुँचता है कि प्रशंसा से समस्या समाधान की क्षमता बढ़ती है तथा निन्दा से घटती है।

यहां यह भी बता दें कि शोधकर्ता निष्कर्ष का उल्लेख करने के पूर्व प्राप्त परिणाम की तुलना पहले के शोधों से करता है। वह इस बात का उल्लेख करता है कि प्रस्तुत शोध का परिणाम पूर्व में किए गये इस विषय के शोधों के समान है, या भिन्न है। विवेचना के अन्तर्गत वह प्राप्त परिणाम के संभावित कारणों का भी उल्लेख करता है और अन्त में शोध के मुख्य निष्कर्षों का उल्लेख क्रमबद्ध रूप से करता है।

9.7 सारांश

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप शोध, वैज्ञानिक शोध एवं मनोवैज्ञानिक शोध के अर्थ के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक शोध की विशेषताओं के सम्बन्ध में स्पष्ट जानकारी प्राप्त कर चुके हैं। शोध या अनुसंधान वैज्ञानिक पद्धति पर आधरित विश्लेषण करने की अधिक तर्कयुक्त, व्यवस्थित गहन प्रक्रिया है। शोध वैज्ञानिक पद्धति की अत्यन्त विशिष्ट अवस्था है। इसी प्रकार वैज्ञानिक शोध प्राकृतिक दृश्य विषयों के बीच अनुमानित सम्बन्धों से सम्बन्धित परिकल्पनात्मक कथनों की व्यवस्थित, नियंत्रित, अनुभवजन्य तथा तार्किक खोज है। मनोवैज्ञानिक अनुसंधान जिसमें मनोविज्ञान के क्षेत्र के भीतर की समस्याओं के बारे में किए गए सभी प्रकार के शोध को रखते हैं। मनोविज्ञान में चूँकि जीवित प्राणियों के व्यवहारों का अध्ययन किया जाता है, इसलिए मनोवैज्ञानिक शोध का क्षेत्र अत्यन्त व्यापक होता है। मनोवैज्ञानिक अनुसंधान या शोध की अनेक विशेषताएँ होती है। अधिकतर मनोवैज्ञानिक शोध का स्वरूप उच्च वैज्ञानिक स्तर का होता है। मनोवैज्ञानिक शोधों में अधिकांशतया प्रयोगपद्धति का उपयोग किया जाता है। इसमें तथ्यों के विश्लेषण हेतु उच्च स्तर की सांख्यिकीय प्रविधियों का उपयोग किया जाता है।

शोधकर्ता के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए शोध के दो प्रकार बताये गए हैं- मौलिक शोध एवं अनुप्रयुक्त शोध।

मौलिक शोध का उद्देश्य किसी क्षेत्र विशेष में नियमों एवं सिद्धान्तों की स्थापना करना होता है जबकि अनुप्रयुक्त शोध किसी व्यावहारिक समस्या के समाधान को केन्द्र में रखकर किया जाता है।

शोध मौलिक हो या अनुप्रयुक्त दोनों ही का संचालन निम्नलिखित अवस्थाओं से गुजरते हुए किया जाता है- शोध विषय का चयन, चरों का वर्गीकरण, उचित डिजाइन का चयन, उपयुक्त विधियां, प्रदत्त विश्लेषण एवं परिणाम, विवेचन एवं निष्कर्ष।

9.8 शब्दावली

- शोध अनुसंधान: शोध सत्य को खोजने की व पद्धति है जो तर्कपूर्ण चिन्तन की विधि द्वारा कीजाती है। यह समस्या के निराकरण हेतु अपनाई गई वैज्ञानिक पद्धति है।
- वैज्ञानिक शोध : यह प्राकृतिक गोचरों से पूर्व कल्पित सम्बन्धों के बारे में परिकल्पनात्मक कथनोंका क्रमबद्ध, नियंत्रित इन्द्रियानुभविक और आलोचनात्मक खोज है।
- गोचर : गोचर वह है जिसका हम प्रत्यक्षीकरण करते हैंऔर जो प्रकृति के किसी क्षेत्र एवं मानवीय व्यवहारों से सम्बन्धित होता है। गोचर को ही सबके लिए एक रूप मेंप्रत्यक्ष हो जाने पर तथ्य कहा जाता है।
- इन्द्रियानुभविक: इससे तात्पर्य अनुभवगम्य होना है। ज्ञान वैज्ञानिक तभी होता है जब वह अनुभवकी कसौटी पर खरा उतरता है।
- मनोवैज्ञानिक शोध : इस माध्यम से मनुष्य के व्यवहारों एवं मानसिक क्रियाओं के स्वरूप, उनमेंनिहित क्रियातंत्रों तथा उनके निर्धारकों का पता लगाया जाता है। यहवैज्ञानिक ढ़ंग से किया जाता है।
- **मौलिक शोध:** वह शोध जिसका संचालन किसी सिद्धान्त या नियम की स्थापना के उद्देश्य से किया जाता है।
- **अनुप्रयुक्त शोध:** वह शोध जिसका उद्देश्य किसी व्यावहारिक समस्या का समाधान उस क्षेत्र के सैद्धान्तिक ज्ञान को उपयोग में लाकर करना होता है।

9.9 स्वमूल्यांकन हेतु प्रश्न

खंड क -

1. शोध वैज्ञानिक पद्धति की अत्यन्त ------ अवस्था है।
2. किसी समस्या या प्रश्न का समाधान करने का ------एवं वस्तुनिष्ठ प्रारूप ही वैज्ञानिक शोध है।

3. मनोवैज्ञानिक शोध के माध्यम से मनुष्य के --- एवं मानसिक क्रियाओं के स्वरूप को समझते हैं।

4. मनोवैज्ञानिक शोध भी ------ से किया जाता है।

5. मनोवैज्ञानिक शोध में प्रायः ----- का व्यापक रूप से प्रयोग किया जाता है।

6. मनोवैज्ञानिक शोध प्रायः ---- से सम्बन्धित रहता है।

उत्तर:1)विशिष्ट 2)क्रम बद्ध 3) व्यवहारों 4) वैज्ञानिक ढ़ंग

5) प्रयोग पद्धति 6) उद्दीपक-प्राणी-अनुक्रिया

खंड ख -

➢ रिक्त स्थानों को भरें -

1) ..... शोध का मूल उद्देश्य किसी सिद्धान्त या नियम की स्थापना करना होता है।

2) वह शोध जिसका उद्देश्य व्यावहारिक समस्या का समाधान करना होता है ..... शोध कहलाता है।

➢ निम्नलिखित में कौन-सा कथन सही है और कौन-सा गलत -

3) मौलिक शोध मे सैद्धान्तिक ज्ञान की खोज करने पर अधिक बल दिया जाता है।

4) अनुप्रयुक्त शोध में सैद्धान्ति ज्ञान का उपयोग व्यावहारिक समस्या के समाधान में किया जाता है।

5) क्रियात्मक शोध मौलिक शोध का एक प्रकार है।

6) किसी भी शोध में शोधकर्ता स्वतंत्र एवं आश्रित चरों के बीच के सम्बन्धों की खोज करता है।

उत्तर: 1) मौलिक 2) अनुप्रयुक्त 3) सही 4) सही 5) गलत 6) सही

9.10 संदर्भ ग्रन्थ सूची

- **कपिल, डा0 एच0 के0** (2010): अनुसंधान विधियाँ- व्यवहारपरक विज्ञानों में, हर प्रसाद भार्गव पुस्तक प्रकाशक, 4/230, कचहरी घाट, आगरा।
- **त्रिपाठी, जयगोपाल** (2007): मनोविज्ञान एवं शिक्षा में शोध पद्धतियाँ, एच0 पी0 भार्गव बुक हाउस, 4/230, कचहरी घाट, आगरा।

- **त्रिपाठी, प्रो0 लाल बचन एवं अन्य** (2008):मनोवैज्ञानिक अनुसंधान पद्धतियाँ, एच0 पी0 भार्गव बुक हाउस, 4/230, कचहरी घाट, आगरा।
- **सिंह, अरूण कुमार** (2009):मनोविज्ञान, समाजशास्त्र तथा शिक्षा में शोध विधियाँ, मोतीलाल- बनारसी दास, पटना एवं वाराणसी।
- Goode, W.J. & Hatt, P. K. (1981): Methods in Scoial Research
- Festinger and Katz : Research method in Behavioural Sciences.
- Kerlinger, F.N. (1986): Foundations of Behavioural Research
- Mc Guin, F.J. (1990) : Experimental Psychology

9.11 निबन्धात्मक प्रश्न

1. मनोवैज्ञानिक शोध का अर्थ स्पष्ट कीजिए।
2. मनोवैज्ञानिक शोध की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
3. मौलिक शोध से आप क्या समझते हैं?
4. अनुप्रयुक्त शोध को उदाहरण देकर समझाएँ।
5. मौलिक शोध एवं अनुप्रयुक्त शोध में अन्तर स्पष्ट करें।
6. शोध में सन्निहित अवस्थाओं का उल्लेख करें।

इकाई 10. गुणात्मक शोध: व्यक्ति अध्ययन विधि, नृवंशविज्ञान विधि, प्रवचन विश्लेषण पद्धति (Qualitative Research: Case study, ethnography method, discourse analysis methodology)

इकाई की रूपरेखा

10.1 प्रस्तावना

10.2 उद्देश्य

10.3 गुणात्मक अनुसंधान

10.4 व्यक्ति अध्ययन विधि

10.4.1 व्यक्ति अध्ययन विधि के लाभ

10.4. 2 व्यक्ति अध्ययन विधि की सीमाएं

10.5 नृवंशविज्ञान

10.5.1 नृवंशविज्ञान का महत्त्व

10.5.2 नृवंशविज्ञान के लाभ

10.5.3 नृवंशविज्ञान के नुकसान

10.6 प्रवचन विश्लेषण विधि

10.7 प्रवचन विश्लेषण के चरण

10.8 प्रवचन विश्लेषण का महत्व /प्रासंगिकता /निहितार्थ

10.9 सारांश

10.10 शब्दावली

10.11 स्वमूल्यांकन हेतु प्रश्न

10.12 संदर्भग्रन्थ सूची

10.13 निबंधात्मकप्रश्न

10. 1 प्रस्तावना

गुणात्मक अनुसंधान एक प्रकार की विधि है जिसका उपयोग शोधकर्ता अपनी अध्ययन आवश्यकताओं के आधार पर करते हैं। अनुसंधान कई तरीकों का उपयोग करके आयोजित किया जा सकता है, लेकिन प्रक्रिया शुरू करने से पहले, शोधकर्ताओं को अपने अध्ययन प्रकार के लिए सबसे अच्छा निर्णय लेने के लिए उपलब्ध विभिन्न तरीकों को समझना चाहिए। आवश्यक शोध पद्धति का प्रकार कुछ महत्वपूर्ण मानदंडों पर निर्भर करता है, जैसे कि शोध प्रश्न, अध्ययन प्रकार, समय, लागत, डेटा उपलब्धता और उत्तरदाताओं की उपलब्धता। दो मुख्य प्रकार के तरीके गुणात्मक अनुसंधान और मात्रात्मक अनुसंधान हैं। कभी-कभी, शोधकर्ताओं को यह तय करना मुश्किल हो सकता है कि उनके अध्ययन के लिए किस प्रकार की विधि सबसे उपयुक्त है। अंगूठे के एक सरल नियम को ध्यान में रखते हुए आपको सही निर्णय लेने में मदद मिल सकती है। मात्रात्मक अनुसंधान का उपयोग किसी सिद्धांत या परिकल्पना को मान्य या परीक्षण करने के लिए किया जाना चाहिए और गुणात्मक अनुसंधान का उपयोग किसी विषय या घटना को समझने या देखे गए पैटर्न के कारणों की पहचान करने के लिए किया जाना चाहिए।

गुणात्मक अनुसंधान विधियां मनोविज्ञान, समाजशास्त्र और नृविज्ञान जैसे कई विषयों से सामाजिक विज्ञान के सिद्धांतों पर आधारित हैं। इस पद्धति में, शोधकर्ता अपने उत्तरदाताओं की भावनाओं और प्रेरणा को समझने की कोशिश करते हैं, जिसने उन्हें किसी प्रश्न का चयन करने या एक विशेष प्रतिक्रिया देने के लिए प्रेरित किया होगा।

10. 2 उद्देश्य

- गुणात्मक अनुसंधान की अवधारणा स्पष्ट कर पायेंगे।
- व्यक्ति अध्ययन विधि के चरणों और निहितार्थ का वर्णन कर पायेंगे।
- नृवंशविज्ञान का अर्थ एवम परिभाषा समझ सकेंगे I
- नृवंशविज्ञान का डिजाइन एवम विशेषताओं के बारे में जान पायेंगे ।
- नृवंशविज्ञान का महत्त्व बता सकेंगे|
- प्रवचन विश्लेषण की अवधारणा की व्याख्या कर सकेंगे।
- प्रवचन विश्लेषण को परिभाषित कर पायेंगे।

- प्रवचन विश्लेषण की विभिन्न मान्यताओं, सिद्धांतों और दृष्टिकोणों की व्याख्या कर सकेंगे।
- प्रवचन विश्लेषण के चरणों और निहितार्थ का वर्णन कर पायेंगे।

10. 3 गुणात्मक अनुसंधान

गुणात्मक अनुसंधान गैर-संख्यात्मक डेटा एकत्र करने, विश्लेषण करने और व्याख्या करने की प्रक्रिया है। गुणात्मक शोध के निष्कर्ष शब्दों में व्यक्त किए जाते हैं और किसी घटना, स्थिति या विषय के बारे में व्यक्तियों की व्यक्तिपरक धारणाओं को समझने में मदद करते हैं। इस प्रकार का शोध खोजपूर्ण है और इसका उपयोग डेटा से परिकल्पना या सिद्धांत उत्पन्न करने के लिए किया जाता है। गुणात्मक डेटा आमतौर पर पाठ, वीडियो, तस्वीरें और ऑडियो रिकॉर्डिंग के रूप में होते हैं।

गुणात्मक अनुसंधान के तरीके

शोधकर्ता अध्ययन प्रकार, शोध प्रश्न, शोधकर्ता की भूमिका, एकत्र किए जाने वाले डेटा आदि के आधार पर कई गुणात्मक अनुसंधान विधियों में से चुन सकते हैं।

गुणात्मक अनुसंधान के प्रकार

गुणात्मक अनुसंधान में डेटा संग्रह विधियों को अध्ययन किए जा रहे विषय के बारे में उत्तरदाताओं की धारणाओं, प्रेरणाओं और भावनाओं का आकलन करने और समझने के लिए डिज़ाइन किया गया है। विभिन्न गुणात्मक अनुसंधान प्रकारों में निम्नलिखित शामिल हैं:

गहन या आमने-सामने साक्षात्कार: यह सबसे आम गुणात्मक शोध विधियों में से एक है और साक्षात्कारकर्ताओं को किसी विशिष्ट विषय या घटना से संबंधित उत्तरदाता की व्यक्तिपरक राय और अनुभव को समझने में मदद करता है।

दस्तावेज़ अध्ययन / साहित्य समीक्षा / रिकॉर्ड रखना: अभिलेखागार, वार्षिक रिपोर्ट, शोध लेख, दिशानिर्देश, नीति दस्तावेज, आदि जैसे पहले से मौजूद लिखित सामग्रियों की शोधकर्ताओं की समीक्षा।

फोकस समूह: आमतौर पर किसी दिए गए विषय पर प्रतिभागियों की राय को समझने के लिए लगभग 6-10 लोगों और एक मॉडरेटर का एक छोटा सा नमूना शामिल होता है। फोकस समूह विषय के बारे में क्यों, क्या और कैसे समझने के लिए रचनात्मक चर्चा सुनिश्चित करते हैं। इन समूह बैठकों को हमेशा व्यक्तिगत रूप से होने की आवश्यकता नहीं है।

गुणात्मक अवलोकन: इस पद्धति में, शोधकर्ता अपनी पांच इंद्रियों-दृष्टि, गंध, स्पर्श, स्वाद और श्रवण का उपयोग करके डेटा एकत्र करते हैं।

अनुसंधान: डेटा संग्रह और विश्लेषण

गुणात्मक डेटा संग्रह वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा अनुसंधान में अवलोकन या माप एकत्र किए जाते हैं।

एकत्र किए गए डेटा आमतौर पर गैर-संख्यात्मक और व्यक्तिपरक होते हैं और विभिन्न तरीकों से रिकॉर्ड किए जा सकते हैं, उदाहरण के लिए, एक-से-एक साक्षात्कार के मामले में, प्रतिक्रियाओं को हस्तलिखित नोट्स और ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग का उपयोग करके रिकॉर्ड किया जा सकता है, साक्षात्कारकर्ता और सेटिंग या अवधि के आधार पर।

एक बार डेटा एकत्र हो जाने के बाद, उन्हें सार्थक या उपयोगी व्याख्याओं में स्थानांतरित किया जाना चाहिए।

कुछ साक्षात्कारकर्ता "फ़ील्ड नोट्स" का उपयोग करते हैं। ये वास्तव में उत्तरदाताओं के उत्तर नहीं हैं, बल्कि कुछ अवलोकन साक्षात्कारकर्ता ने प्रश्न पूछते समय किए हो सकते हैं और इसमें गैर-मौखिक संकेत या सेटिंग या पर्यावरण के बारे में कोई जानकारी शामिल हो सकती है|

गुणात्मक डेटा विश्लेषण

इस प्रक्रिया में गुणात्मक अनुसंधान विधियों से प्राप्त सभी डेटा का विश्लेषण पाठ (नोट्स), ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग और चित्रों के रूप में करना शामिल है।

पाठ विश्लेषण गुणात्मक डेटा विश्लेषण का एक सामान्य रूप है जिसमें शोधकर्ता प्रतिभागियों के सामाजिक जीवन की जांच करते हैं और विशिष्ट संदर्भों में उनके शब्दों, कार्यों आदि का विश्लेषण करते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म अब इस पद्धति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, शोधकर्ताओं ने ऑनलाइन साझा की गई सभी सूचनाओं का विश्लेषण किया है।

गुणात्मक डेटा विश्लेषण प्रक्रिया में आमतौर पर पांच चरण होते हैं:

डेटा तैयार और व्यवस्थित करना

साक्षात्कार करना

फ़ील्ड नोट्स और अन्य सामग्री एकत्र और दस्तावेजीकरण

डेटा की समीक्षा कर और उसका अन्वेषण करना

पैटर्न या महत्वपूर्ण टिप्पणियों के लिए डेटा की जांच करना

एक डेटा कोडिंग प्रणाली विकसित करना

डेटा को वर्गीकृत और कनेक्ट करने के लिए कोड बनाना

इन कोड को डेटा या प्रतिक्रियाओं को असाइन करना

कोड की समीक्षा करना

आवर्ती विषयों, राय, पैटर्न आदि की पहचान करना ।

निष्कर्ष प्रस्तुत करना

अपने प्रेक्षणों को प्रस्तुत करने के लिए सर्वोत्तम संभव विधि का उपयोग करना

गुणात्मक अनुसंधान विधियों के लक्षण

असंरचित कच्चे डेटा: गुणात्मक अनुसंधान विधियां असंरचित, गैर-संख्यात्मक डेटा का उपयोग करती हैं, जिनका विश्लेषण विशिष्ट विषयों के बारे में व्यक्तिपरक निष्कर्ष उत्पन्न करने के लिए किया जाता है, आमतौर पर सांख्यिकीय डेटा का उपयोग करने के बजाय वर्णनात्मक रूप से प्रस्तुत किया जाता है।

साइट-विशिष्ट डेटा संग्रह: गुणात्मक अनुसंधान विधियों में, डेटा विशिष्ट क्षेत्रों में एकत्र किया जाता है जहां उत्तरदाताओं या शोधकर्ताओं को या तो चुनौती का सामना करना पड़ रहा है या उन्हें तलाशने की आवश्यकता है। प्रक्रिया एक वास्तविक दुनिया की सेटिंग में आयोजित की जाती है और प्रतिभागियों को भाग लेने में सक्षम होने के लिए अपनी मूल भौगोलिक सेटिंग छोड़ने की आवश्यकता नहीं होती है।

शोधकर्ताओं का महत्व:

शोधकर्ता एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि गुणात्मक अनुसंधान में, उत्तरदाताओं के साथ संचार डेटा संग्रह और विश्लेषण का एक अनिवार्य हिस्सा है। इसके अलावा, शोधकर्ताओं को बातचीत के दौरान अपने स्वयं के अवलोकन और सुनने के कौशल पर भरोसा करने और उस डेटा का उचित उपयोग और व्याख्या करने की आवश्यकता होती है।

एकाधिक तरीके: शोधकर्ता किसी एक स्रोत पर भरोसा करने के बजाय, विभिन्न तरीकों से डेटा एकत्र करते हैं, जैसा कि पहले सूचीबद्ध किया गया है। यद्यपि गुणात्मक अनुसंधान विधियों के बीच कुछ ओवरलैप हो सकता है, प्रत्येक विधि का अपना महत्व है।

जटिल मुद्दों को हल करना: ये विधियाँ जटिल समस्याओं को अधिक उपयोगी और व्याख्यात्मक निष्कर्षों में विभाजित करने में मदद करती हैं, जिन्हें हर कोई आसानी से समझ सकता है।

निष्पक्ष प्रतिक्रियाएं: गुणात्मक अनुसंधान विधियां खुले संचार पर भरोसा करती हैं जहां प्रतिभागियों को स्वतंत्र रूप से अपने विचार व्यक्त करने की अनुमति होती है। ऐसे मामलों में, प्रतिभागी साक्षात्कारकर्ता पर भरोसा करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप निष्पक्ष और सच्ची प्रतिक्रियाएं मिलती हैं।

लचीला: अनुसंधान के किसी भी चरण में गुणात्मक अनुसंधान पद्धति को बदला जा सकता है। डेटा विश्लेषण अनुसंधान के अंत में किए जाने तक ही सीमित नहीं है, लेकिन डेटा संग्रह के साथ मिलकर किया जा सकता है। नतीजतन, प्रारंभिक विश्लेषण और नए विचारों के आधार पर, शोधकर्ताओं को अपने उद्देश्य के अनुरूप विधि को बदलने की स्वतंत्रता है।

गुणात्मक अनुसंधान के लाभ

वास्तविक दुनिया की सेटिंग्स को दर्शाता है, और इसलिए डेटा में अस्पष्टता के साथ-साथ नए विकास के आधार पर विधि को बदलने के लचीलेपन की अनुमति देता है।

केवल मात्रात्मक डेटा पर भरोसा करने के बजाय उत्तरदाताओं की भावनाओं या विश्वासों को समझने में मदद करता है।

प्रस्तुति की वर्णनात्मक और वर्णनात्मक शैली का उपयोग करता है, जिसे सभी पृष्ठभूमि के लोगों के लिए समझना आसान हो सकता है।

संवेदनशील या विवादास्पद सामग्री से जुड़े कुछ विषयों को मापना मुश्किल हो सकता है और इसलिए गुणात्मक शोध ऐसी सामग्री का विश्लेषण करने में मदद करता है।

व्यवस्थित आँकड़ों के मध्यांक–

व्यवस्थित आँकड़ों के मध्यांक ज्ञात करने का सूत्र निम्नलिखित है–

मध्यांक (Md) = $L + \left(\frac{N/2 - F}{fm}\right) \times$ i or

$$lm + \left(\frac{N/2 - c.f.}{fm}\right) \times i$$

जहां Md = मध्यांक

L या lm = मध्यांक वर्ग की निम्नतम सीमा

N = आवृत्तियों का योग

या fm = मध्यांक वर्ग की आवृत्ति

F या c.f.= मध्यांक वर्ग से ठीक पहले वाले वर्ग (निचली वर्ग) की संचयी आवृत्ति

i = वर्गान्तर का आकार

व्यवस्थित आँकड़ों के मध्यांक निम्न प्रकार से ज्ञात करते हैं–

1. आवृत्ति वितरण तालिका में दी गई आवृत्तियों को संचयी आवृत्तियों में परिवर्तित करते हैं।

2. इसके पश्चात् मध्यांक वर्ग ज्ञात करते हैं। मध्यांक–वर्ग वह वर्ग अन्तराल होगा जिसके संगत की संचयी आवृत्ति $N/2$ से ठीक बड़ी होगी।

3. मध्यांक वर्ग ज्ञात करने के पश्चात् F, L, f तथा i संकेतों के मान ज्ञात करके प्राप्त मानों को मध्यांक के सूत्र में रखकर मध्यांक की गणना कर लेते हैं।

उदाहरण 9 निम्नलिखित बारंबारता बंटन का मध्यांक ज्ञात कीजिए–

वर्ग अंतराल	10-14	15-19	20-24	25-29	30-34	35-39	40-44	45-49
बारंबारता	3	4	2	5	3	6	4	3

हल :

C.F. वर्ग अन्तराल	f बरंबारता	c.f. संचयी आवृत्ति	
45-49	3	30	
40-44	4	27	
35-39	6	23	
30-34	3	17	मध्यांक वर्ग ←
25-29	5	14	
20-24	2	9	
15-19	4	7	
10-14	3	3	
	N = 30		

मध्यांक वर्ग वह वर्ग अंतराल होगा जिसके संगत की संचयी बारंबारता $N/2$ से अर्थात् $\frac{30}{2}=15$ से ठीक बड़ी होगी।

अतः L = 29.5 (शुद्ध वर्गान्तर की शुद्ध निम्न सीमा)

N = 30

F = 14

f = 3

ί = 5

इन मानों को सूत्र पर लिखने पर

$$\text{मध्यांक (Md)} = L + \left(\frac{N/2 - F}{f} \right) \times ί$$

$$= 29.5 + \left(\frac{30/2 - 14}{3} \right) \times 5$$

$$= 29.5 + \frac{1 \times 5}{3} = 29.5 + 1.67$$

= 31.17 (उत्तर)

विशेष परिस्थिति में मध्यांक का परिकलन–

उदाहरण 10 निम्नलिखित बारंबारता बंटन में मध्यांक ज्ञात कीजिए–

वर्ग अंतराल	5-7	8-10	11-13	14-16	17-19	20-22	23-25	26-28
बारंबारता	2	3	5	5	0	7	53	3

उक्त प्रश्न को हम दो तरीकों रूपों में हल कर सकते हैं–

1. सम्प्रत्यात्मक रूप में
2. अनुभवजन्य रूप में।

हल– उपरोक्त प्रश्न में मध्यांक की गणना के लिए निम्नलिखिता सूत्र का उपयोग करते हैं।

$$\text{मध्यांक (Md)} = \frac{L + U}{2}$$

Md = मध्यांक

L = अभीष्ट वर्गान्तर की निम्नतम सीमा

U = अभीष्ट वर्गान्तर की उच्चतम सीमा

इस सूत्र का उपयोग तभी किया जाता है, जब आवृत्ति वितरण के ठीक मध्य में एक अन्तराल होता है अर्थात् f का मान एक शून्य के रूप में होता है। उपरोक्त उदाहरण में 17–19 वर्गान्तर की आवृत्ति शून्य दी हुई है अर्थात् आवृत्ति वितरण के ठीक मध्य में एक अन्तराल है। चूँकि क्रम में व्यवस्थित अंकों के मध्य का अंक ही मध्यांक है। इसीलिए मध्य का वर्गान्तर 17–19 ही अभीष्ट वर्गान्तर है जिसमें L और U का मान लिया गया है।

अतः $L = 16.5$

$U = 19.5$

मध्यांक $(Md) = \frac{L + U}{2}$

$$= \frac{16.5+19.5}{2}$$

$$= \frac{36}{2} = 18 \text{ (उत्तर)}$$

वैकल्पिक रूप में हम उस वर्ग अन्तराल को संशोधित कर लेते हैं जिनमें $N/2$ आता है। शून्य बारंबारता वाले वर्ग – अंतराल को ऊपर व नीचे वाले वर्ग अन्तरालों में आधा–आधा बाँट दिया जाता है। वर्ग अन्तराल 17–19 का आधा भाग वर्ग अंतराल 14–16 में मिला दिया जाता है और दूसरा आधा भाग वर्ग अंतराल 20–22 में मिला दिया जाता है। संशोधित वर्ग अन्तराल का आकार 3+1.5 = 4.5 होता है।

मध्यांक $(Md) = L + \left(\frac{N/2 - F}{f} \right) \times i$

$$= 13.5 + \left(\frac{30/2 - 10}{5} \right) \times 4.5$$

$$= 13.5 + \frac{5}{5} \times 4.5$$

$= 13.5 + 4.5$

$= 18$ (उत्तर)

मध्यांक की विशेषताएँ–

1. मध्यांक आँकड़ों के उस केन्द्रीय बिन्दु को बताती है जिसके ऊपर और नीचे आधे–आधे प्राप्तांक स्थित होते हैं।
2. किसी वितरण के छोरों के प्राप्तांक मध्यांक के मान को ज्यादा प्रभावित नहीं करते हैं।
3. मध्यांक की मानक त्रुटि मध्यमान की मानक त्रुटि से अधिक परन्तु बहुलांक की मानक त्रुटि से कम होती है।
4. मध्यांक की गणना क्रमीय स्तर के लिए अधिक उपयुक्त है।

शैक्षिक अवस्थाएँ तथा मध्यांक का उपयोग–

मध्यांक का प्रयोग निम्नलिखित अवस्थितियों में किया जाता है–

1. जब दिया गया बंटन अपूर्ण हो।
2. जब अंक सामग्री का वास्तविक मध्य बिन्दु ज्ञात करना हो।
3. जब वितरण असामान्य हो।
4. जब अपेक्षाकृत कम शुद्ध केन्द्रीय प्रवृत्ति के मान की आवश्यकता हो।
5. जब बहुलांक ज्ञात करना हो।
6. जब ऋंखला के आरंभ के तथा अंत के अंक मध्यमान को प्रभावित करते हों तो ऐसी स्थिति में मध्यांक निकालना चाहिए।

मध्यांक की सीमाएँ–

1. मध्यांक का मान समस्त प्रक्षणों पर आधारित नहीं होता है और उनके संख्यात्मक मानों की उपेक्षा करता है।
2. इसका उपयोग बंटन के गुरूत्व केन्द्र के रूप में नहीं किया जा सकता।
1. इसका उपयोग आनुमानिक सांख्यिकीय विश्लेषण के लिए भी नहीं हो सकता है।

अभ्यास प्रश्न–ख

1. **किसी मापनी पर वह बिन्दु जिसके ऊपर आधे प्रतिशत केसेज आते हैं तथा नीचे शेष आधे प्रतिशत केसेज आते हैं ..... कहलाता है।**
2. **वितरण 2, 5, 9, 8, 16, 12, 13 का मध्यांक ..... होगा।**
3. **सही/गलत बतायें –**
   - **अ. यदि किसी वितरण का कोई प्राप्तांक बदल जाय तो उसका मध्यमान भी बदल जायेगा।**
   - **ब. यदि किसी वितरण के किसी एक घोर का प्राप्तांक बदल जाय तो उसका मध्यांक नहीं बदलेगा।**

1. किसी मापनी पर वह बिन्दु जिसके ऊपर आधे प्रतिशत केसेज आते हैं तथा नीचे शेष आधे प्रतिशत केसेज आते हैं ..... कहलाता है।
2. वितरण 2, 5, 9, 8, 16, 12, 13 का मध्यांक ..... होगा।

3. सही/गलत बतायें –

अ. यदि किसी वितरण का कोई प्राप्तांक बदल जाय तो उसका मध्यमान भी बदल जायेगा।

ब. यदि किसी वितरण के किसी एक घोर का प्राप्तांक बदल जाय तो उसका मध्यांक नहीं बदलेगा।

11.7 बहुलांक–

अव्यवस्थित आँकड़ों में बहुलांक वह संख्या है जो सबसे अधिक बार आती है। गिलफोर्ड (1973) के अनुसार, ''किसी वितरण में वह बिन्दु जिसकी आवृत्ति सर्वाधिक हो, बहुलांक कहलाता है।''

इसका संकेत चिन्ह Mo है।

3.6.1 अव्यवस्थित आँकड़ों के बहुलांक–

अव्यवस्थित आँकड़ों में बहुलक वह अकेला माप या प्राप्तांक होता है जो सबसे अधिक बार आता हो।

उदाहरण – 11 10 विद्यार्थियों के प्राप्तांक निम्नांकित हैं–

25, 30, 30, 34, 34, 38, 39, 40, 34, 34,

इस बंटन का बहुलांक ज्ञात कीजिए।

हल– उपर्युक्त प्राप्तांकों में 34 प्राप्तांक सबसे अधिक बार आता है। अतः दिए गए अवर्गीकृत आँकड़ों का बहुलांक 34 हुआ।

प्राप्तांक	25	30	34	38	39	40	
आवृत्ति	1	2	4	1	1	1	N = 10

इस तालिका से स्पष्ट है कि 34 की आवृत्ति 4 बार या सबसे अधिक बार हुई है।

अतः अभीष्ट बहुलांक = 34

व्यवस्थित आँकड़ों के बहुलांक–

व्यवस्थित आँकड़ों का बहुलांक ज्ञात करने के दो सूत्र प्रचलित हैं–

प्रथम सूत्र– बहुलांक (Mo) = 3 × मध्यांक - 2 × मध्यमान

इस सूत्र द्वारा बहुलांक ज्ञात करने के लिए पहले मध्यमान ज्ञात करते हैं फिर मध्यांक। मध्यांक में 3 से गुणा तथा मध्यमान में 2 से गुणा करके मध्यांक से मध्यमान को घटाकर बहुलांक प्राप्त करते हैं।

द्वितीय सूत्र–

$$\text{बहुलांक (Mo)} = L + \left(\frac{f - f_1}{2f - f_1 - f_2} \right) \times i$$

जहाँ, Mo = बहुलांक

L = उस वर्ग अन्तराल की निम्नतम सीमा जिसकी आवृत्ति सबसे अधिक है।

F = उस वर्गान्तर की आवृत्ति जिसमें आवृत्तियों की संख्या सबसे अधिक है।

f_1 = सबसे अधिक आवृत्तियों वाले वर्गान्तर के ठीक नीचे वाले वर्गान्तर की आवृत्ति।

f_2 = सबसे अधिक आवृत्तियों वाले वर्गान्तर के ठीक ऊपर वाले वर्गान्तर की आवृत्ति।

i = वर्गान्तर विस्तार (वर्ग अन्तराल की लंबाई)

उदाहरण–12

निम्नांकित बारंबारता बंटन का बहुलांक ज्ञात कीजिए।

वर्ग अन्तराल	30-39	40-49	50-59	60-69	70-79	80-89	90-99
बारंबारता	7	15	9	7	6	12	4

प्रथम सूत्र द्वारा बहुलांक की गणना के लिए सर्वप्रथम मध्यांक तथा मध्यमान ज्ञात करना होगा। फिर उसके मानों को सूत्र में रखकर बहुलांक की गणना की जाती है।

द्वितीय सूत्र द्वारा बहुलांक की गणना करने के लिए सबसे पहले बहुलांक वर्ग ज्ञात करते हैं। बहुलांक वर्ग वह वर्ग अन्तराल होगा जिसके संगत की आवृत्ति सबसे अधिक हो। फिर सूत्र में दिए गए संकेतों के मान ज्ञात कर सूत्र में रखने पर बहुलांक ज्ञात हो जाता है।

उपरोक्त उदाहरण में सबसे अधिक आवृत्ति वर्ग अन्तराल 40–49 की है जो 15 है। अतः यह वर्ग अन्तराल बहुलांक वर्ग होगा।

अतः $L = 39.5$

$f = 15$

$f_1 = 7$

$f_2 = 9$

$i = 10$

इन मानों को सूत्र में रखने पर

$$Mo = L + \frac{f - f_1}{2f - f_1 - f_2} \times$$

$$= 39.5 + \frac{15-7}{2\times15-7-9}\times10$$

$$= 39.5 + \frac{8}{30-7-9}\times10$$

$$= 39.5 + \frac{8}{14}\times10$$

= 39.5 + 5.71

= 45.21 (उत्तर)

नोट– बहुलांक के सूत्रों द्वारा बहुलांक निकालने पर उत्तरों में भिन्नता आ सकती है। अतः भ्रम में नहीं पड़ते हुए किसी भी एक विधि द्वारा बहुलांक की गणना की जा सकती है। अभ्यास के दृष्टिकोण से मध्यमान और मध्यिका ज्ञात करके बहुलांक ज्ञात करना बेहतर है।

बहुलांक की विशेषताएँ–

1. केन्द्रीय प्रवृत्ति के मापों में बहुलांक सबसे कम शुद्ध और कम विश्वसनीय मान है।
2. बहुलांक की गणना मध्यमान तथा मध्यांक की गणना की अपेक्षा अधिक सरल है।
3. अव्यवस्थित आँकड़ों में बहुलांक की स्थिति निश्चित नहीं होती है। ऐसे आँकड़ों में एक से अधिक बहुलांक होते हैं।
4. केन्द्रीय प्रवृत्ति के माप के रूप में सर्वाधिक प्ररूपी मान की आवश्यकता होने पर बहुलांक का प्रयोग किया जाता है। उदाहरण के लिए, कक्षा में सर्वाधिक प्रिय बालक, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विषय में विद्यार्थियों की सर्वाधिक मान्य धारणा, लोकप्रिय फैशन या सम्बन्धित समस्या का अध्ययन करने में।

शैक्षिक अवस्थाएँ और बहुलांक का उपयोग–

बहुलांक का प्रयोग निम्न प्रकार की शैक्षिक अवस्थितियों में किया जा सकता हैं–

1. जब केवल निरीक्षण मात्र से ही केन्द्रीय प्रवृत्ति की गणना करनी हो।
2. जब सबसे कम शुद्ध तथा सबसे कम विश्वसनीय केन्द्रीय प्रवृत्ति के मान की गणना करनी हो।
3. जब आँकड़े पूर्ण न हो या बंटन विषम हों।

बहुलांक की सीमाएँ–

1. बहुलांक अन्य केन्द्रीय मापकों की अपेक्षा कम शुद्ध मान है।
2. छोटे वितरण में बहुलांक का प्रयोग उपयुक्त नहीं होता है।

3. शुद्ध बहुलांक की गणना कठिन होती है।

अभ्यास प्रश्न – ग

1. निम्नलिखित में से बहुलांक का सूचक है –

(क) मध्य शून्य (ख) मध्य सर्वाधिक शून्य

(ग) सर्वाधिक आवृत्ति शून्य (घ) इनमें से कोई नहीं

2. दिए गए वितरण 3, 4, 2, 1, 7, 6, 6, 7, 5, 6, 3, 9, 5 का बहुलांक होगा –

(क) 5 (ख) 6

(ग) 7 (घ) 9

3. निम्नलिखित में से बहुलांक का सूत्र है –

(क) 3 × मध्यांक – 2 × मध्यमान (ख) मध्यांक × मध्यमान

(ग) 2 × मध्यांक – 3 × मध्यमान (घ) मध्यमान – मध्यांक

11.8 विचलनशीलता के अर्थ–

केन्द्रीय प्रवृत्ति के मापनों से संख्यात्मक प्रदत्तों की केवल एक विशेषता का ही ज्ञान प्राप्त होता है। इन मापनों से इस बात की जानकारी नहीं हो पाती हैं कि इन विशेष मूल्य के चारों ओर अंकों का फैलाव क्या है तथा यह फैलाव किस प्रकार का है? हमें इस बात का भी ज्ञान नहीं हो पाता है कि समूह की प्रकृति क्या है? वह समजातीय है अथवा विषमजातीय है। कोई भी दो समूह लगभग समान केन्द्रीय प्रवृत्ति का मापन रख सकते हैं। परन्तु फिर भी उनकी बनावट में अन्तर हो सकता है।

केन्द्रीय प्रवृत्ति के मापन की सहायता से हम अंक समूह के संबंध में पूर्ण ज्ञान उस समय तक प्राप्त नहीं कर सकते हैं, जब तक हमें एक अन्य महत्वपूर्ण मापन विचलनशीलता के संबंध में ज्ञान न हो।

गैरेट (1973) के अनुसार, ''विचलनशीलता का अर्थ प्राप्तांकों का वितरण या फैलाव से है, यह फैलाव प्राप्तांकों की केन्द्रीय प्रवृत्ति के चारों ओर होता है।''

लिंडक्यूस्ट (1950) के अनुसार, ''विचलनशीलता वह सीमा है, जिसमें प्राप्तांक अपने मध्यमान के ऊपर और नीचे की ओर वितरीत या विचलित रहते हैं।''

11.9 विचलन मापों के प्रकार –

विचलन मान को ज्ञात करने की निम्नलिखित चार विधियाँ या माप हैं जिनका प्रयोग शिक्षा और मनोविज्ञान के क्षेत्रों में होता हैं

1. प्रसार (Range)
2. चतुर्थक विचलन (Buartile Deviation)
3. मध्यक विचलन (Mean Deviation)
4. मानक विचलन (Standard Deviation)

11.10 प्रसार (Range) –

प्रसार विचलन वितरण का विचलन ज्ञात करने की सबसे सरल विधि है। इस विधि के अन्तर्गत वितरण की सबसे छोटी तथा सबसे बड़ी संख्या ज्ञात करके उनके अन्तर को ज्ञात कर लेते हैं। यह अन्तर ही प्रसार विचलन होता है।

गैरेट के अनुसार, ''प्रसार उच्चतम तथा निम्नतम प्राप्तांकों के मध्य का अन्तराल है।''

इसका संकेत – चिन्ह R है।

प्रसार की गणना का सूत्र

R= अधिकतम अंक – न्यूनतम अंक

उदाहरण–1 निम्नलिखित आँकड़ों का प्रसार ज्ञात कीजिए–

5, 8, 11, 14, 17, 19, 16, 24,

हल : प्रश्न में, अधिकतम अंक 24, न्यूनतम अंक = 5

अतः R = अधिकतम अंक–न्यूनतम अंक

= 24 – 5 = 19

प्रसार की विशेषताएँ–

1. प्रसार विचलनशीलता का सबसे सरल मापन हैं।
2. यह केवल उच्चतम तथा निम्नतम मूल्यों की ही गणना करता है।
3. प्रसार पर प्रतिदर्श परिवर्तन का प्रभाव पड़ता है।
4. प्रसार की गणना बहुत सरल है। बहुधा इसका प्रयोग आवृत्ति वितरण बनाने में किया जाता है।

5. प्रसार का प्रयोग केवल वर्णनात्मक स्तर तक ही किया जाता है, निष्कर्षात्मक कार्यो में इसका उपयोग नहीं हैं।

प्रसार का उपयोग–

प्रसार की गणना निम्नलिखित स्थितियों में की जानी चाहिए–

1. जब अंक बहुत फैले हों तथा विचलन के अन्य मापनों की गणना संभव न हो।

2. जब किसी वितरण के विचलन का सरलता और अति शीघ्रता से पता लगाना हो।

3. जब विचलनशीलता के एक अनुमानित मापन की गणना करनी हो।

4. जब केवल सीमान्त मूल्यों का अन्तर ज्ञात करना हो।

प्रसार की सीमाएँ–

1. चूँकि प्रसार में सीमान्त मूल्यों को महत्व दिया जाता है इसलिए प्रसार कम विश्वसनीय विचलन माप है।

2. यह एक प्रतिनिधित्वपूर्ण मापन नहीं है, क्योंकि यह समस्त मूल्यों पर आधारित नहीं होता है।

3. प्रसार से दो समूहों की तुलना का केवल अपूर्ण ज्ञान प्राप्त होता है।

11.11 चतुर्थक विचलन की अवधारणा–

प्रसार दो सीमान्त मूल्यों पर आधारित होता है, अर्थात् प्रसार मापने के पैमाने पर वह दूरी अथवा अन्तराल है जिसके अन्तर्गत शत–प्रतिशत प्राप्तांक समा जाते है। परन्तु विचलनशीलता के कुछ माप ऐसे भी हैं जो इन दो सीमान्त मूल्यों से स्वतंत्र अथवा निराश्रित हैं। इनमें सर्व सामान्य माप चतुर्थक विचलन है जो उस अन्तराल पर आधारित होता है जिसमें किसी बंटन के बीच के 50% प्राप्तांक आते हैं।

चतुर्थक मापने के पैमाने पर बिन्दु है, जो बंटन की समस्त बारंबारताओं को चार समान भागों में बाँट देता है। चतुर्थक विचलन Q किसी भी अंक ऋंखला के प्रथम चतुर्थांश Q_1 तथा तृतीय चतुर्थांश Q_3 के मध्य के अन्तर का आधा होता है। इसी कारण इसे अर्द्ध–अन्तर–चतुर्थक विचलन भी कहा जाता है। विचलनशीलता का यह मापन इस सिद्धान्त पर आधारित है कि चूँकि मध्यांक मान अंक ऋंखला को दो बराबर भागों में बाँटता है जिसके एक ओर समस्त छोटे मूल्य तथा दूसरी ओर सभी बड़े मूल्य होते हैं। प्रथम चतुर्थांश Q_1 छोटे मूल्यों वाले आधे भाग का मध्यमान तथा तृतीय चतुर्थांश Q_3 बड़े मूल्यों वाले आधे भाग का मध्यमान होता है। प्रथम चतुर्थांश Q_1 वह मूल्य होता है जिसके नीचे या जिसके बराबर 75% अंक आते हैं।

गैरेट (1973) के अनुसार, ''चतुर्थांश विचलन या एक आवृत्ति वितरण में 75वें एवं 25वें प्रतिशतांशों के मध्य मापक दूरी का आधा होता है।'' प्रथम चतुर्थांश का अर्थ है 25वाँ प्रतिशतांक या Q_1। इसी प्रकार तृतीय चतुर्थांश का अर्थ है 75वाँ प्रतिशतांक या Q_3।

चतुर्थक विचलन का परिकलन–

अव्यवस्थित अंक सामग्री का चतुर्थांश विचलन–

अव्यवस्थित अंक सामग्री का चतुर्थक विचलन ज्ञात करने के लिए निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग करते हैं–

$$Q = \frac{Q_3 - Q_1}{2}$$

जहाँ $Q_1 = \left(\frac{N+1}{4}\right)$th term

$$Q_3 = \left(\frac{3(N+1)}{4}\right)\text{th them}$$

जिसमें N = प्राप्तांकों की संख्या

इस प्रकार Q_1 तथा Q_3 की गणना करके Q_3 में से Q_1 घटाकर फिर 2 से भाग देकर चतुर्थक विचलन Q की गणना कर लेते हैं।

<u>उदाहरण</u> 2 : दिए गए अव्यवस्थित आँकड़ों का चतुर्थक विचलन ज्ञात कीजिए–

5, 10, 12, 19, 27, 28, 38, 37, 36, 38, 36

हलः ऊपर दिए आँकड़ों को आरोही क्रम में लिखने पर,

5, 10, 12, 19, 27, 28, 36, 36, 37, 38, 38

Q का ज्ञात करने के लिए सबसे पहले Q_1 तथा Q_3 ज्ञात करना होगा।

$$Q_1 = \left(\frac{N+1}{4}\right)\text{th term}$$

$$= \left(\frac{11+1}{4}\right)\text{th term} = \left(\frac{12}{4}\right)\text{th term}$$

= 3rd term = 12

$$Q_3 = \left(\frac{3(N+1)}{4}\right)\text{th term}$$

$$= \left(\frac{3(11+1)}{4}\right) \text{th term}$$

$$= \left(\frac{36}{4}\right) \text{th term} = 9\text{th term} = 37$$

अतः $Q = \frac{Q_3 - Q_1}{2} = \frac{37-12}{2} = \frac{25}{2} = 12.5$

व्यवस्थित अंक सामग्री से चतुर्थक विचलन की गणना–

व्यवस्थित अंक सामग्री से चतुर्थक विचलन की गणना का सूत्र है–

$$Q = \frac{Q_3 - Q_1}{2}$$

जहाँ, Q = चतुर्थक विचलन

Q_3 = वह प्रतिशतांक जिसके नीचे 75 प्रतिशत (3N/4) आवृत्तियाँ होती हैं

Q_1 = वह प्रतिशतांक जिसके नीचे 25 प्रतिशत (N/4) आवुत्तियाँ होती हैं

इसी प्रकार, Q_2 = वह प्रतिशतांक जिसके नीचे 50 प्रतिशत (N/2) आवृत्तियाँ होती हैं। Q_3 मध्यांक भी कहलाता है।

Q_1 तथा Q_2 निकालने का सूत्र–

$$Q_1 = L + \left(\frac{N/4 - F}{f}\right) \times i$$

$$Q_3 = L + \left(\frac{3N/4 - F}{f}\right) \times i$$

जहाँ, L = उस वर्गान्तर की निम्नतम सीमा जिसमें Q_1 या Q_3 पड़ते हैं।

N = आवृत्तियों का कुल योग

F = उस वर्गान्तर तक की संचयी आवृत्ति जिसमें Q_1 या Q_3 हैं।

f = जिस वर्गान्तर में Q_1 या Q_3 हैं, उस वर्गान्तर की आवृत्ति

i = वर्गान्तर का आकार

उदाहरण–3 दी गई व्यवस्थित अंक सामग्री का चतुर्थक विचलन ज्ञात कीजिए–

वर्ग अन्तराल (C.I.)	10-14	15-19	20-24	25-29	30-34	35-39	40-44	45-49	50-54
आवृत्ति (f)	2	5	7	11	5	1	2	2	1

हल :

C.I.	f	c.f.
50-54	1	36
45-49	2	35
40-44	2	33
35-39	1	31
30-34	5	30
25-29	11	25
20-24	7	14
15-19	5	7
10-14	2	2
	N = 36	

प्रश्न में, निकालने के लिए हमें N/4 = $\frac{36}{4}=9$ केस लेने हैं, तथा Q_3 निकलने के लिए हमें $3N/4\frac{3\times36}{4}=\frac{108}{4}=27$ केसों को लेना है।

संचयी आवृत्ति वाले स्तम्भ को देखने से पता चलता है कि 9 संमंक 20–24 वाले वर्ग अन्तराल में आएंगें जिसकी वास्तविक सीमाएं 19.5 – 24.5 है। अतः का स्थान 19.5 – 24.5 वाले वर्ग अन्तराल में होगा। का मान इस प्रकार निकाला जाएगा–

$$Q_1 = L + \left(\frac{N/4 - F}{f}\right) \times i$$

$$= 19.5 + \frac{9-7}{7} \times 5$$

$$= 19.5 + \frac{2}{7} \times 5$$

$$= 19.5 + \frac{10}{7} = 19.5 + 1.43$$

$$= 20.93$$

Q_3 की गणना करने के लिए संचयी आवृत्ति 27 वर्ग–अंतराल 30–34 में पड़ेगी जिसकी असली सीमाएँ 29.5 – 34.5 है। अतः Q_3 वर्ग अन्तराल 29.5 – 34.5 में होगा और इसका मूल्य इस प्रकार निकाला जाएगा।

$$Q_3 = L + \left(\frac{3N/4 - F}{f}\right) \times$$

$$= 29.5 + \left(\frac{27-25}{5}\right) \times 5$$

$$= 29.5 + \frac{2 \times 5}{5}$$

$$= 29.5 + 2 = 31.5$$

इस प्रकार $Q = \frac{Q_3 - Q_1}{2}$

$$= \frac{31.5 - 20.93}{2}$$

$$= \frac{11.57}{2}$$

$$= 5.78$$

अतः $Q = 5.78$ (उत्तर)

4.6.2 चतुर्थक विचलन की व्याख्या–

चतुर्थक विचलन की विशेषताएँ–

1. चतुर्थक विचलन की गणना करना आसान होता है।
2. इसके मूल्य पर सीमान्त मूल्यों का कम प्रभाव पड़ता है।
3. असमान वर्ग वितरण में इसकी गणना करना संभव है।
4. यह क्रमिक स्तर के प्राप्तांकों के लिए अधिक उपयोगी है।
5. गुण, रचना तथा गणना में इसका संबंध मध्यांक से है।
6. निष्कर्षात्मक सांख्यिकी में चतुर्थक विचलन का कम उपयोग है परन्तु वर्णनात्मक सांख्यिकी में इसका उपयोग अधिक है।

चतुर्थक विचलन के उपयोग –

1. जब केन्द्रीय मापकों में मध्यांक की गणना की गई हो।
2. जब प्राप्तांकों का वितरण सामान्य हो।
3. जब प्रतिदर्श छोटा हो।
4. जब अंक वितरण अपूर्ण हो, अर्थात् उसमें बीच–बीच में गैप हो।
5. जब वितरण के अंकों का फैलाव अधिक हो अथवा सीमान्त प्राप्तांक हों, जो मानक विचलन को अनावश्यक रूप से प्रभावित करते हों।
5. जब मध्य के 50 प्रतिशत पदों का मध्यांक मान पर ही केन्द्रित करने का प्रमुख उद्देश्य हो।

11.12 मध्यक विचलन की अवधारणा (मध्यमान विचलन)

मध्यक विचलन (Average Deviation) को औसत विचलन या मध्यमान विचलन भी कहते हैं।

मध्यमान से सभी मूल्यों के विचलनों के औसत को मध्यक विचलन या औसत विचलन कहते हैं।

गिलफोर्ड (1973) के अनुसार, ''मध्यमान विचलन, मध्यमान से भिन्न–भिन्न प्राप्तांकों के विचलनों का मध्यमान है। जबकि धन तथा ऋण चिन्हों को ध्यान में न रखा गया हो।''

किसी मापन पैमाने पर केन्द्रीत प्रवृत्ति के माप के दोनों ओर काफी मूल्य बिखने होते हैं। अतः इस बिन्दु से विचलन दोनों दिशाओं में होंगे। दूसरे शब्दों में, विचलन घनात्मक और ऋणात्मक दोनों होंगे।

मध्यमान विचलन के संकेत चिन्ह, AD या MD हैं। मध्यक विचलन मध्यमान या मध्यांक से विचलन का मापक हैं।

$$\text{मध्यक विचलन (AD या MD)} = \frac{\Sigma|X-M|}{N}$$

जहाँ ,X = समंक

M = माध्य

N = समंकों की संख्या

यदि किसी समंक को X से निरूपित किया जाए और माध्य को M से, (X-M) माध्य से किसी समंक के विचलन को निरूपित करता है। यदि माध्य समंक से बड़ा होगा तो विचलन ऋणात्मक होगा। अर्थात् इन विचलनों का बीजगणितीय योग शून्य आएगा, क्योंकि केन्द्र बिन्दु से दोनों ओर के विचलन समान होते हैं। परन्तु इस समस्या से निपटने के लिए इन विचलनों के निरपेक्ष मूल्य ले लिए जाते हैं। इस प्रकार सभी विचलनों को घनात्मक ही माना जाता है।

मध्यक विचलन का परिकलन–

अव्यवस्थित अंक सामग्री से मध्यक विचलन का परिकलन–

उदाहरण 5 निम्न अव्यवस्थित अंक सामग्री का मध्यक विचलन ज्ञात कीजिए।

25, 18, 22, 30, 15, 20, 23, 19, 28, 16

हल– सर्वप्रथम उपर्युक्त अव्यवस्थित अंक सामग्री का मध्यमान ज्ञात करते हैं।

$$M = \frac{\Sigma X}{N} = \frac{25+18+22+30+15+20+23+19+28+16}{10}$$

$$= \frac{25+18+22+30+15+20+23+19+28+16}{10}$$

$$= \frac{216}{10} = 21.6$$

X	X – M	| X – M |
25	+3.4	3.4
18	-3.6	3.6
22	+0.4	0.4
30	+8.4	8.4
15	-6.6	6.6
20	-1.6	1.6
23	+1.4	1.4
19	-2.6	2.6
28	+6.4	6.4
16	-5.6	5.6
216		$\Sigma\|X - M\| = 40.0$

मध्यम विचलन $= \frac{\Sigma|X-M|}{N}$

$= \frac{40.0}{10} = 4$

व्यवस्थित अंक सामग्री से मध्यक विचलन की गणना–

व्यवस्थित अंक सामग्री का मध्यक विचलन ज्ञात करने का निम्नलिखित सूत्र हैं।

$$MD = \frac{\Sigma f|X-M|}{N}$$ जहाँ, f = आवृत्ति

व्यवस्थित अंक सामग्री से मध्यक विचलन ज्ञात करने के लिए सर्वप्रथम दीर्घ अथवा लघु रीति से मध्यमान ज्ञात करते हैं। मध्य बिन्दु का मध्यमान से विचलन ज्ञात करने के लिए मध्य बिन्दु में से मध्यमान को घटानाया जाता है। इन विचलनों का निरपेक्ष मान ज्ञात कर लेने पश्चात् उन विचलनों को उनसे संबंधित आवृत्तियों से गुणा करेंगे। अन्त में $\Sigma f|X-M|$ को N से भाग देकर मध्यक विचलन ज्ञात कर लेंगे।

उदाहरण–6 निम्न व्यवस्थित अंक सामग्री का मध्यक विचलन ज्ञात कीजिए जिसमें मध्यमान दीर्घ–विधि से ज्ञात कीजिए–

C.I.	10-19	20-29	30-39	40-49	50-59	60-69
f	3	5	10	12	6	4

हल :

C.I.	f	मध्य बिन्दु (X)	fx	|X-M| या |X^1|	f|X-M| या |fX^1|
10-19	3	14.5	43.5	+26.12	78.36
20-29	5	24.5	122.5	+16.12	80.60
30-39	10	34.5	340.5	+6.12	61.20
40-49	12	44.5	534.0	+3.88	46.56
50-59	6	54.5	327.0	+13.88	83.28
60-69	4	64.5	258.0	+23.88	95.52
	N = 40		Σfx = 1625		Σf|X-M| = 445.52

मध्यमान $(M) = \frac{\Sigma fX}{N} = \frac{1625}{40}$

= 40.625 = 40.62

मध्यक विचलन $= \frac{\Sigma f \,|\, X - M \,|}{N}$

$= \frac{445.52}{40} = 11.14$ (उत्तर)

उदाहरण–7 नीचे दिए गए प्रदत्तों का मध्यक विचलन ज्ञात कीजिए–

C.I.	90-94	85-89	80-84	75-79	70-74	65-69	60-64	55-59	50-54
f	2	5	8	9	6	3	3	3	1

हल :

C.I.	f	d	fd	मध्य बिन्दु (X)	|X-M| या $\|X^1\|$	f|X-M| या $\|fX^1\|$
90-94	2	+3	+6	92	16.75	33.50
85-89	5	+2	+10	87	11.75	58.5
80-84	8	+1	+8	82	6.75	54.00
75-79	9	0	0	77	1.75	15.75
70-74	6	-1	-6	72	3.25	19.50
65-69	3	-2	-6	67	8.25	24.75
60-64	3	-3	-9	62	13.25	39.75
55-59	3	-4	-12	57	18.25	54.75
50-54	1	-5	-5	52	23.25	23.25
	N = 40		Σfd=-14			$\Sigma f\|X^1\|$=324.00

मध्यमान $(M) = AM + \left(\frac{\Sigma fd}{N}\right) \times i$

यहाँ AM = 77, fd = -14, N = 40 तथा i = 5

अतः $M = 77 + \frac{(-14)}{40} \times 5$

$= 77 + \frac{(-70)}{40}$

= 77 + (-1.75)

= 77-1.75 = 75.25

मध्यम विचलन $(MD) = \frac{|\Sigma fX'|}{N}$

$= \frac{324}{40} = 8.1$ (उत्तर)

मध्यक विचलन की व्याख्या–

मध्यक विचलन के गुण–

1. यह विचलन का एक ऐसा माप है, जो ऋंखला के समस्त मूल्यों पर निर्भर करता है।
2. मध्यक विचलन की गणना सीमान्त के अंक से कम प्रभावित होती है।
3. इसकी गणना करना सरल है।
4. इसको सरलता से समझा जा सकता है।
5. सभी मूल्यों पर आधारित होने के कारण इसे प्रतिनिधिपूर्ण मापन कहा जा सकता है।

मध्यक विचलन के दोषः

गणितीय दृष्टिकोण से यह शुद्ध नहीं है, क्योंकि इसमें धन तथा ऋण चिन्हों को महत्व नहीं दिया जाता है। अतः यह एक अनिश्चित माप है।

मध्यक विचलन का उपयोगः

इस मापन की गणना निम्नलिखित स्थितियों में करनी चाहिए–

1. जब मध्यमान से सभी विचलनों को उनके आकार के अनुसार भार प्रदान करना हो।
2. जब वितरण बहुत अधिक विषम हों।
3. जब सीमान्त मूल्य प्रमाप विचलन (S.D.) को प्रभावित करते हों।
4. जब सरलता और शीघ्रता से विचलनशीलता के मापन की गणना करनी हो।
6. जब वितरण के मध्यमान के दोनों ओर के प्राप्तांकों का समान रूप से विचलन ज्ञात करना हो।

11.13 प्रामाणिक विचलन की अवधारणा (Standard Deviation)–

विचलनशीलता के विभिन्न मापों में सबसे अधिक प्रयोग में आने वाला माप प्रामाणिक विचलन है। यह विचलन ज्ञात करने की सर्वोत्तम विधि है। गिलफोर्ड के अनुसार, ''प्रामाणिक विचलन किसी श्रेणी के विभिन्न पदों के समान्तर मध्यक से विचलन के वर्गो के समान्तर मध्यक का वर्गमूल होता है।'' दूसरे शब्दों में, यदि दिए गए प्राप्तांकों के मध्यमान से प्राप्तांकों का विचलन ज्ञात किया जाए (धन तथा ऋण चिन्हों पर बिना ध्यान दिए), प्रत्येक विचलन का वर्ग किया जाए, फिर इन वर्गो को जोड़कर उनकी संख्या से भाग देकर प्राप्त संख्या का वर्गमूल निकालने में जो संख्या प्राप्त होती है वह प्रामाणिक विचलन कहलाता है।

इसका प्रयोग अधिकतर प्रयोगात्मक कार्यो और अनुसंधान में है क्योंकि एक समूह की सम–जातीयता तथा विषम–जातीयता ज्ञात करने का यह एक श्रेष्ठ माप है।

प्रामाणिक विचलन का संकेत–चिन्ह SD अथवा ग्रीक अक्षर सिगमा (σ) है।

प्रामाणिक विचलन का परिकलन–

प्रामाणिक विचलन के परिकलन हेतु व्यवस्थित और अव्यवस्थित वितरण के लिए दो विभिन्न सूत्रों का प्रयोग किया जाता है।

(क) अव्यवस्थित अंक सामग्री का प्रामाणिक विचलन–

अव्यवस्थित अंक सामग्री का प्रामाणिक विचलन ज्ञात करने का निम्नलिखित सूत्र है–

$$S.D. = \sqrt{\frac{\Sigma d^2}{N}} \text{ या } S.D. = \sqrt{\frac{\Sigma (X - M)^2}{N}}$$

जबकि d = मध्यमान से विचलन

Σd^2 = मध्यमान से लिए गए विचलनों के वर्ग का योग

N = प्राप्तांकों की संख्या

उदाहरण–8 नीचे दिए समंकों का मानक विचलन ज्ञात करें–

12, 15, 10, 8, 11, 13, 18, 10, 14, 9

सर्वप्रथम दिए गए प्राप्तांकों का मध्यमान ज्ञात किया जाता है। फिर मध्यमान से प्राप्तांकों का विचलन ज्ञात किया जाता है। विचलन ज्ञात करने के लिए प्राप्तांकों में से मध्यमान को घटा देते हैं या प्राप्तांकों और मध्यमान का अंतर ज्ञात कर लेते हैं। विचलनों का वर्ग करके योग प्राप्त कर लेते हैं। यह योग Σd^2 के बराबर होता है। फिर N का मान ज्ञात करके Σd^2 के मान और N के मान को सूत्र में रखकर S.D. की गणना कर लेते हैं।

समंक– 12, 15, 10, 8, 11, 13, 18, 10, 14, 9 का मध्यमान

$$M = \frac{\Sigma X}{N} = \frac{120}{10} = 12$$

समंक (X)	X - M = d	$(X - M)^2 = d^2$	
12	0	0	इन मूल्यों को सूत्र पर रखने पर
15	3	9	$S.D. = \sqrt{\frac{\Sigma d^2}{N}}$
10	-2	4	$= \sqrt{\frac{84}{10}}$
8	-4	16	$= \sqrt{8.4}$
11	-1	1	= 2.9 (उत्तर)
13	1	1	
18	6	36	
10	-2	4	
14	2	4	
9	-3	9	
$\Sigma X = 120$		$\Sigma(X-M)^2 = 84$	

उदाहरण 9

दी हुई अव्यवस्थित अंक सामग्री का प्रामाणिक विचलन ज्ञात कीजिए–

10, 14, 15, 18, 18, 25, 25, 35

समंक (X)	X - M = d	d^2
10	10-20=-10	100
14	14-20=-6	36
15	15-20=-5	25
18	18-20=-2	4
18	18-20=-2	4
25	25-20=5	25
25	25-20=5	25
35	35-20=15	225
$\Sigma X=160$		$\Sigma d^2 = 444$

$$\text{मध्यमान } (M) = \frac{\Sigma X}{N} = \frac{160}{8} = 20$$

$$\text{प्रमाणिक विचलन } (S.D.) = \sqrt{\frac{\Sigma d^2}{N}}$$

$$= \sqrt{\frac{444}{8}} = \sqrt{55.5}$$

= 7.45 (उत्तर)

(ख) व्यवस्थित अंक सामग्री का प्रामाणिक विचलन–

व्यवस्थित अंक सामग्री का प्रामाणिक विचलन दो विधियों द्वारा ज्ञात कर सकते हैं।

(क) संक्षिप्त विधि– संक्षिप्त विधि द्वारा प्रामाणिक विचलन ज्ञात करने हेतु निम्नलिखित सूत्रों का प्रयोग कर सकते हैं–

प्रथम सूत्र– $\text{S.D.} = i\sqrt{\frac{\Sigma f\text{d}^2}{\text{N}} - \left(\frac{\Sigma f\text{d}}{\text{N}}\right)^2}$

द्वितीय सूत्र– $\text{S.D.} = \frac{i}{\text{N}}\sqrt{N\left(\Sigma f\text{d}^2\right) - \left(\Sigma f\text{d}\right)^2}$

द्वितीय सूत्र प्रथम सूत्र का ही सरलीकृत रूप है।

जहाँ, S.D. = प्रमाणिक विचलन

ί = वर्गान्तर का आकार

Σfd^2 = विचलनों के वर्ग एवं आवृत्तियों के गुणनफल का योग

Σfd = आवृत्तियों एवं विचलनों के गुणनफल का योग अथवा आवृत्ति विचलन

N = प्राप्तांकों की संख्या

उदाहरण 10 :

दी हुई व्यवस्थित अंक सामग्री का संक्षिप्त विधि द्वारा ( ) प्रामाणिक विचलन ज्ञात कीजिए–

C.I.	0-2	3-5	6-8	9-11	12-14	15-17	18-20
f	1	3	5	7	6	5	3

हल :

C.I.	f	d	fd	fd^2
0-2	1	-3	-3	9
3-5	3	-2	-6	12
6-8	5	-1	-5	5
9-11	7	0	0	0
12-14	6	+1	+6	6
15-17	5	+2	+10	20
18-20	3	+3	+9	27
	N = 30		$\Sigma fd = 11$	$\Sigma fd^2 = 79$

यहाँ i = 3, N = 30, $\Sigma fd = 11$ एवं $\Sigma fd^2 = 79$

इन मानों को सूत्र में रखने पर,

$$\text{S.D.} = i\sqrt{\frac{\Sigma f\text{d}^2}{\text{N}} - \left(\frac{\Sigma f\text{d}}{\text{N}}\right)^2}$$

$$3\times\sqrt{\frac{79}{30} - \left(\frac{11}{30}\right)^2}$$

$$= 3\times\sqrt{\frac{79}{30} - \frac{121}{900}}$$

$$= 3\times\sqrt{2.63 - 0.134}$$

$$= 3\times\sqrt{2.496}$$

= 3× 1.58

= 4.74 (उत्तर)

द्वितीय सूत्र द्वारा गणना –

$$\text{S.D.} = \frac{i}{\text{N}}\sqrt{N\left(\Sigma f\text{d}^2\right) - \left(\Sigma f\text{d}\right)^2}$$

$$= \frac{3}{10}\sqrt{30\times 79 - (11)^2}$$

$$= \frac{1}{10}\sqrt{2370 - 121}$$

$$= \frac{1}{10}\times\sqrt{2249}$$

$$= \frac{1}{10}\times 47.4$$

= 4.74

अतः S.D. = 4.74 (उत्तर)

उदाहरण 11

दी हुई व्यवसिति अंक सामग्री का संक्षिप्त विधि द्वारा पुामाणिक विचलन ज्ञात कीजिए–

C.I.	25-34	35-44	45-54	55-64	65-74	75-84
f	2	7	10	12	6	3

हल :

C.I.	f	d	fd	fd^2
75-84	3	+2	+6	12
65-74	6	+1	+6	6
55-64	12	0	0	0
45-54	10	-1	-10	10
35-44	7	-2	-14	28
25-34	2	-3	-6	18
	N = 40		$\Sigma fd = 18$	$\Sigma fd^2 = 74$

यहाँ $i = 10$, $N = 40$, $\Sigma fd = 18$, $\Sigma fd^2 = 74$

इन मानों को सूत्र में रखने पर,

$$\text{S.D.} = i\sqrt{\frac{\Sigma fd^2}{N} - \left(\frac{\Sigma fd}{N}\right)^2}$$

$$= 10 \times \sqrt{\frac{74}{40} - \left(\frac{-18}{40}\right)^2}$$

$$= 10 \times \sqrt{\frac{74}{40} - \left(\frac{324}{1600}\right)}$$

$$= 10 \times \sqrt{1.85 - 0.202}$$

$$= 10 \times \sqrt{1.648}$$

$$=10 \times 1.283$$

= 12.83

अतः मानक विचलन = 12.83 (उत्तर)

द्वितीय सूत्र द्वारा गणना –

$$\text{S.D.} = \frac{i}{\text{N}}\sqrt{N\left(\Sigma f\text{d}^2\right)-\left(\Sigma f\text{d}\right)^2}$$

$$=\frac{10}{4}\times\sqrt{40\times 74-(-18)^2}$$

$$=\frac{1}{4}\times\sqrt{2960-324}$$

$$=\frac{1}{4}\times\sqrt{2636}$$

$$=\frac{1}{4}\times 51.34$$

= 12.835 (उत्तर)

(ख) दीर्घ विधि द्वारा की गणना –

व्यवस्थित अंक सामग्री का दीर्घ विधि द्वारा प्रामाणिक विचलन ज्ञात करने का निम्नांकित सूत्र है–

$$\text{S.D. या } \sigma = \sqrt{\frac{\Sigma f\text{d}^2}{N}}$$

जहाँ, d = मध्यमान से विचलन

fd^2 = विचलनों के वर्गो का उनसे संबंधित आवृत्तियों से गुणा

N = प्राप्ताकों की संख्या

इस विधि द्वारा प्रामाणिक विचलन ज्ञात करने के लिए पहले दीर्घ विधि द्वारा मध्यमान ज्ञात किया जाता है। मध्यमान ज्ञात करते समय $M = \frac{\Sigma fx}{N}$ सूत्र का प्रयोग किया जाता है।

मध्यमान ज्ञात करने के पश्चात् विचलन की गणना करते हैं। मध्यमान और मध्य बिन्दु का अन्तर d के बराबर होता है। d में f का गुणा करके स्तम्भ के मान प्राप्त करते हैं। फिर fd में d का गुणा कर fd^2 स्तम्भ के मान प्राप्त करते हैं।

अन्त में Σfd^2 और N का मान ज्ञात कर मूल्यों को S.D. के सूत्र में रखकर गणना करते हैं और S.D. का मान ज्ञात कर लेते हैं।

उदाहरण 12

दी हुई व्यवस्थित अंक सामग्री का प्रामाणिक विचलन दीर्घ विधि द्वारा ज्ञात कीजिए–

C.I.	0-2	3-5	6-8	9-11	12-14	15-17	18-20
f	1	3	5	7	6	5	3

हल :

C.I.	f	x	fx	d	d^2	fd^2
18-20	3	19	57	7.9	62.41	187.23
15-17	5	16	80	4.9	24.01	120.05
12-14	6	13	78	1.9	3.61	21.66
9-11	7	10	70	-1.1	1.21	8.47
6-8	5	7	35	-4.1	16.81	84.05
3-5	3	4	12	-7.1	50.41	151.23
0-2	1	1	1	-10.1	102.1	102.01
	N = 30		Σfd = 333			Σfd^2 = 674.70

$$(M) = \sqrt{\frac{\Sigma fx}{N}} = \frac{333}{30} = 11.1$$

S.D. या $\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma fd^2}{N}}$

$$= \sqrt{\frac{674.70}{30}} = \sqrt{22.49}$$

= 4.75 (उत्तर)

प्रामाणिक विचलन (मानक विचलन) की व्याख्या–

प्रामाणिक विचलन के गुण –

1. प्रामाणिक विचलन की गणना सभी मूल्यों पर निर्भर करती है।
2. यह ऋंखला के प्रत्येक अंक की सही स्थिति के लिए संवेदनशील होता है। यदि किसी मूल्य को मध्यमान से दूर हटा दिया जाए, तो प्रामाणिक विचलन बढ़ जाता है।
3. प्रतिदर्श की भिन्नता से प्रामाणिक विचलन बहुत कम प्रभावित होता है।
4. प्रामाणिक विचलन एक स्थिर तथा निश्चित मापन होता है। इसकी गणना प्रत्येक स्थिति में की जा सकती है।
5. प्रामाणिक विचलन बीजगणितीय नियमों का पालन करता है, क्योंकि समस्त ऋंणात्मक विचलन वर्ग करने से घनात्मक हो जाते हैं।
6. यह विचलन कई वर्णनात्मक एवं निष्कर्षात्मक सांख्यिकी की गणना का आधार होता है।
7. समूहों की समजातीयता और विषम जातीयता के अध्ययन में तथा शोध कार्यो में शुद्ध और श्रेष्ठ विचलन माप के रूप से इसका उपयोग किया जाता है।

प्रामाणिक विचलन की सीमाएँ –

1. प्रामाणिक विचलन को समझना कठिन होता है।
2. इसकी गण्ना करने में कठिन प्रक्रिया को अपनाना पड़ता है।
3. इसमें अति सीमान्त मूल्यों को अधिक महत्व प्राप्त होता है। अतः जब ऋंखला में सीमान्त पद होते है, तो प्रामाणिक विचलन का मान बढ़ जाता है।

प्रामाणिक विचलन का उपयोग –

प्रामाणिक विचलन का उपयोग निम्नलिखित स्थिति में करना चाहिए–

1. जब विचलनशीलता के सर्वाधिक स्थिर मापन को ज्ञात करना हो।
2. जब केन्द्रीय मापकों में मध्यमान की गणना की गई हो।
3. जब दो समूहों में समजातीयता की तुलना करनी हो।
4. जब वितरण के सीमान्त प्राप्तांकों को महत्व देना हो।
5. जब सहसंबंध तथा मानक त्रुटि की गणना करनी हो।

6. जब किसी अंक ऋंखला में किसी अंक विशेष की स्थिति ज्ञात करनी हो, तो प्रामाणिक विचलन विधि से गणना की जानी चाहिए।

अभ्यास प्रश्न –घ

4 वितरण 8, 12, 17, 24, 11, 16, 28 का प्रसार होगा –

(अ) 8 (ब) 28

(स) 20 (द) 24

5 सूत्र $Q = Q_3-Q_1/2$ के द्वारा ज्ञात किया जाता है –

(अ) प्रसार (ब) चतुर्थक विचलन

(स) औसत विचलन (द) मानक विचलन

6. चिन्ह "σ" से सूचित किया जाता है –

(अ) औसत विचलन को (ब) चतुर्थक विलचन को

(स) मानक विलचन को (द) इनमें से किसी को नहीं

11.14 सार–संक्षेप–

इस इकाई में केन्द्रीय प्रवृत्ति के तीनों मापों तथा अव्यवस्थित एवं व्यवस्थित दोनों प्रकार के आँकड़ों के परिकलन की विधियाँ तथा विभिन्न शैक्षिक अवस्थाओं में उनके सापेक्ष महत्व और सीमाओं की चर्चा की गई है। मध्यमान, मध्यांक तथा बहुलांक बहुत सी बातों के आधार पर एक–दूसरे से भिन्न होते हैं। इनका उपयोग करते समय प्रदन्तों की प्रकृति, मापन पैमाने तथा मापन के उद्देश्यों को ध्यान में रखने की आवश्यकता होती है। मध्यमान इन सबमें अधिक परिशुद्ध विश्वसनीय तथा स्थायी माप है। यदि बंटन विषम हों या विकृत हों तो मध्यमान की जगह मध्यांक सर्वाधिक वांछनीय माप हो सकता है। परन्तु यदि प्रदतों को देखने मात्र से ही कोई निर्णय लेना हो तो बहुलांक ही सर्वाधिक उचित माप है। अंततः यह कहा जा सकता है कि इनमें से किसी को भी सभी अवस्थाओं के लिए उचित या अनुचित नहीं समझा जा सकता है। इनका उपयोग आवश्यकता तथा संदर्भ के अनुसार किया जाना चाहिए।वह गुण जो उस सीमा का सूचक है अर्थात् यह बताता हो कि किस सीमा तक किसी विचर के विभिन्न मूल्य केन्द्रीय मूल्य के चारों ओर फैले हुए हैं, विचलनशीलता कहलाती है।विचलनशीलता का माप मापन की पैमाने पर एक दूरी है।सामान्य रूप से प्रयोग में लाए जाने वाले विचलनशीलता के माप हैं– प्रसार, चतुर्थक विचलन, मध्यक विचलन तथा मानक विचलन (प्रामाणिक विचलन)।उच्च स्तरीय सांख्यिकीय परिकलनों में प्रामाणिक विचलन की आवश्यकता पड़ती है।विचलनशीलता के

किसी विशेष माप को परिकलित करने से पूर्व यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि वही सांख्यक उस अवस्था के लिए उपयुक्त माप है।

11.15 स्वमूल्यांकन हेतु प्रश्न–

- मध्यमान, मध्यांक तथा बहुलांक की परिभाषा दीजिए तथा इसकी विशेषताओं और सीमाओं का वर्णन कीजिए।
- नीचे दी गई अव्यवस्थित अंक सामग्री का मध्यमान तथा मध्यांक ज्ञात करें–

  18, 28, 26, 15, 45, 40, 29, 41, 54, 44

- निम्नलिखित अव्यवस्थित अंक सामग्री का बहुलांक ज्ञात कीजिए–

  5, 8, 9, 10, 11, 11, 12, 13, 15, 11, 9

- विचलन मापकों से आप क्या समझते हैं? उदाहरण सहित समझाइए तथा इनके विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए।
- निम्न अव्यवस्थित अंक सामग्री का प्रामाणिक विचलन तथा मध्यमान विचलन ज्ञात कीजिए।

  क. 10, 14, 15, 18, 25, 25, 35

  ख. 5, 8, 9, 10, 12, 3, 5, 8, 10, 10

- निम्न अव्यवस्थित अंक सामग्री का मध्यमान विचलन ज्ञात कीजिए।

  20, 25, 20, 18, 21, 23, 24, 22, 23, 24

- निम्नलिखित बारंबारता बंटन का मध्यमान, मध्यांक तथा बहुलांक ज्ञात कीजिए–

वर्ग अंतराल	10-14	15-19	20-24	25-29	30-34	35-39	40-44
बारंबारता	4	6	8	14	10	5	3

- निम्नलिखित बंटन का मध्यांक ज्ञात कीजिए–

वर्ग अंतराल	5-9	10-14	15-19	20-24	25-29	30-34	35-39
बारंबारता	4	7	11	19	24	23	14

- निम्न व्यवस्थित अंक सामग्री का मध्यमान, मध्यांक तथा बहुलांक ज्ञात कीजिए–

प्राप्तांक	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25
आवृत्ति	1	2	4	5	8	10	8	6	4	2

- निम्न अव्यवस्थित अंकों का चतुर्थक विचलन ज्ञात कीजिए।

पद संख्या	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
प्राप्तांक	5	10	12	19	27	28	35	36	36	38	38

- निम्नलिखित आवृत्ति–वितरण का मध्यमान विचलन ज्ञात कीजिए।

वर्ग अन्तराल	0-10	10-20	20-30	30-40	40-52
आवृत्ति	5	8	15	16	6

- नीचे दिए गए प्रदत्तों का चतुर्थक विचलन तथा प्रामाणिक विचलन ज्ञात कीजिए।

वर्ग अन्तराल	90-94	85-89	80-84	75-79	70-74	65-69	60-64	55-59	50-54
आवृत्ति	2	5	8	9	6	3	3	3	1

11.16 पारिभाषिक शब्दावली–

- **मध्यमान–** सभी मापों के योग को उनकी कुल संख्या से भाग देने पर प्राप्त मूल्य माध्य कहलाता है।
- **मध्यांक–** मापन पैमाने पर मध्यांक वह बिन्दु है जिसके नीचे तथा ऊपर ठीक 50–50 प्रतिशत प्राप्तांक हों।
- **बहुलांक–** बहुलांक मान वह मूल्य है, जो वितरण में सबसे अधिक बार आता है।
- **केन्द्रीय प्रवृत्ति–** केन्द्रीय प्रवृत्ति का मापन एक ऐसा मूल्य होता है, जो कि सम्पूर्ण अंक ऋंखला का प्रतिनिधित्व करता है।
- **विचलनशीलता–** विचलनशीलता का अर्थ प्राप्तांकों का केन्द्रीय प्रवृत्ति के चारों ओर फैलाव या वितरण से है।
- **प्रसार विचलन–** अधिकतम अंक या मान तथा न्यूनतम अंक के अन्तर को प्रसार कहते हैं।
- **चतुर्थक या चतुर्थांश विचलन–** चतुर्थक विचलन किसी भी अंक ऋंखला के प्रथम चतुर्थांश तथा तृतीय चतुर्थांश के मध्य के अन्तर का आधा होता है।
- **मध्यक विचलन–** मध्यमान विचलन, यह मध्यमान से भिन्न–भिन्न प्राप्तांकों के विचलनों का मध्यमान है जबकि धन तथा ऋण चिन्हों को ध्यान में न रखा गया हो।

- **प्रामाणिक विचलन–** दिए गए प्राप्तांकों के मध्यमान से प्राप्तांकों के विचलनों के वर्गो के मध्यमान का वर्गमूल ही प्रामाणिक विचलन है।
- **प्रसरण –** प्रामाणिक विचलन का वर्ग प्रसरण कहलाता है।

11.17 संदर्भ ग्रन्थ–

- Garrett, H.E. (1956) : Elementary Statistics Langmans, Green & Co., New York.
- Bhatia, Taresh (2003), Aadhunik Manovaigyanik Sankhyiki.
- भाटिया, तारेश, आधुनिक मनोवैज्ञानिक सांख्यिकी, लावण्य प्रकाशन, उरई
- श्रीवास्तवे, डी.एन., सांख्यिकी एवं मापन
- अस्थाना, विपिन, शिक्षा और मनोविज्ञान में सांख्यिकी

11.18 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर–

अभ्यास प्रश्न – क

1. 18 2. 20 3. मध्यमान

अभ्यास प्रश्न – ख

1. मध्यांक 2. 9 3. (i) सही (ii) सही

अभ्यास प्रश्न – ग

1. ग 2. ख 3. क

अभ्यास प्रश्न –घ

1. स
2. ब
3- स

इकाई 12. प्राचल विधि एवं अप्राचल विधि: मध्यांक,टी-टेस्ट, काई – स्क्वायर, सहसंबंध की विधियां: पियर्सन वास्तविक मध्यमान विधि, स्पीयरमैन सहसंबंध

(ParametricandNonParametricmethod**:**Median,t-Test, Chi-Square, Correlation Methods:Pearson real mean method, Spearman'srank correlation)

इकाई संरचना

12.1 प्रस्तावना

12.2 उद्देश्य

12.3 प्राचल सांख्यिकी

12.4 अप्राचल सांख्यिकी

12.5 प्राचल सांख्यिकी तथा अप्राचल सांख्यिकी की तुलना।

12.6 टी.परीक्षण

12.7 काई–वर्ग परीक्षण

12.8 सहसम्बन्ध

12..9 गुणन–आधूर्ण विधि

12.10 स्पीयरमैन की कोटि–अन्तर विधि

12.11 सहसम्बन्ध की गणना

12.12 सारांश

12.13 शब्दावली

12.14 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

12.15 संदर्भ ग्रन्थ सूची

12.16 निबन्धात्मक प्रश्न

12.1 प्रस्तावना

पूर्व की इकाइयों में आपने, केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप, विचलनशीलता की माप, का अध्ययन किया और विभिन्न प्रकार के प्रदत्तों के स्वरूप से परिचित हुए।

प्रस्तुत इकाई में दो वितरणों, दो चरों या दो गुणों में पाये जाने वाले आपसी सम्बन्धों पर चर्चा की जायेगी और आप दो चरों या परीक्षणों पर के प्राप्तांकों के बीच सहसम्बन्ध गुणांक की गणना की विधियों का अध्ययन करेंगे।

12.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप जान सकेंगे कि

- प्राचल सांख्यिकी तथा अप्राचल सांख्यिकी क्या होता है ?
- प्राचल तथा अप्राचल सांख्यिकी की तुलना ?
- टी–परीक्षण क्या होता है तथा इसका उपयोग कब करती है ?
- टी–परीक्षण की गणना कैसे की जाती है ?
- काई–वर्ग परीक्षण क्या है ?
- काई–वर्ग परीक्षण की गणना कैसे की जाती है तथा इसका उपयोग कब करते है।
- सहसम्बन्ध का अर्थ एवं उसकी विशेषताएं बतला सकें।
- सहसम्बन्ध गुणांक की व्याख्या कर सकें।
  गुणन–आघूर्ण विधि एवं कोटि–अन्तर विधि द्वारा सहसम्बन्ध गुणांक निर्धारण का सूत्र समझ सकें।

12-3 प्राचल सांख्यिकी (Parrametric Statistics) :–

प्राचल सांख्यिकी का सम्बन्ध प्रायः एक समश्टि के किसी एक विशेश प्राचल से होता है। ऐसे आकड़ों के आधार ही प्राचल के विशय में आंकलन लगाया जाता है। इसी कारण ऐसे आंकड़ों को प्राचल आकड़ें कहा जाता है। इस प्रकार के ऑकड़ों का अध्ययन मानक त्रुटि (Standard Error), टी–परीक्षण (t-test) तथा प्रसरण विश्लेशण के आधार पर किया जाता है। इस तरह के आकडें प्रायः प्रतिदर्श के रूप में रहते है, तथा उनका सम्बन्ध सम्पूर्ण समष्टि तथा प्रसामान्य वितरण से रहता है इसके अतिरिक्त समूहों की विशेशताओं जैसे बुद्धि, ऊचाई, बोध विस्तार, योग्यता तथा अधिगम आदि से रहता है या फिर ऐसे द्विचर ऑकड़ो से रहता है जिनमें दो चरों जैसे, ऊचाई तथा भार व गति तथा शुद्धता के मध्य सह सम्बन्ध गुणांक को ज्ञात करने की आवश्यकता हो। इस प्रकार के ऑकड़ों को माप (Measurement) कहते है, क्योकि उनके आधार पर समूह तथा उससें सम्बन्धित समश्टि के प्राचल के विशय में

आंकलन लगाये जाते है या फिर दो चरों के पारस्परिक सम्बन्ध का अध्ययन किया जाता है इस प्रकार माप सम्बन्धी ऑकडों को ही प्राचल आकड़े कहते है।

प्राचल साख्यिकी वह सांख्यिकी है जो जीव संख्या जिसमें कि प्रतिदर्श लिया जाता है के बारे में कुछ शतों पर आधारित होता है जो निम्न हैं।

1 प्रेक्षण :– स्वतन्त्र तथा निश्पक्ष हो अर्थात जीव संख्या से प्रतिदर्श का चयन करते समय किसी व्यक्ति या वस्तु का चयन इस तरह से न हो कि वह शोधकर्ता के किसी प्रकार के पक्षपात या पूर्वाग्रह के कारण लिया गया हो या किसी एक व्यक्ति के चयन से दूसरे व्यक्ति का चुना जाना प्रभावित हो गया हों। पक्षपात या पूर्वाग्रह से बचने के लिए प्रतिदर्श का चयन याद्वच्छिक प्रतिदर्श (Method of random Sampling) विधि के द्वारा किया जाता है।यथा संभव प्रतिदर्श का चयन सामान्य रूप से वितरित जीव संख्या से हों।

2 जिस भी चर का अध्ययन किया जाने वाला हो उसे ऐसा होना चाहिए कि उसका माप अन्तराल मापनी पर संभव हो जिससे गणितीय परिकलन जैसे जोड़, घटाव, गुणा, माध्य आदि निकालना संभव हो।

सीगे़ल के अनुसार "चुँकि ये सभी शर्ते ऐसी है जिनकी साधारण जाँच नही की जाती है। यह कल्पना कर ली जाती है कि शर्ते मौजूद है।" प्राचलित सांख्यिकी के परिणाम की सार्थकता उपयुक्त शर्तो की सत्यता पर आधारित होती है।

प्राचल सांख्यिकी के अन्तर्गत टी–परीक्षण, प्रसरण विलेशण, मानक विचलन आदि सांख्यिकी विधियों का उपयोग किया जाता है।

12.4 अप्राचल सांख्यिकी (Non-Parametric) –

अप्राचल सांख्यिकी वह सांख्यिकी है जो जिस समष्टि से प्रतिदर्श लिया जाता है, के बारे में कोई विशेश भार्त नही रखती है चूँकि इस प्रकार की सांख्यिकी में समश्टि के बारे में कोई शर्त नही होती है अतः इसे वितरण मुक्त साख्यिकी भी कहाँ जाता है। प्रायः कुछ आंकड़े ऐसे भी हेाते है, जिनका सम्बन्ध ऐसी संख्याओं से होता है, जो कि दो या दो से अधिक संवर्गो जैसे Yes, No तथा Indifferent सफल असफल आदि में विभाजित रहते हैं। ऐसे आकड़ों को सम्बन्ध प्रायः समाज के विभिन्न वर्गो तथा व्यक्तियों के अधिमानात्मक मूल्यों, किसी एक सामाजिक समस्या के प्रति समाज के व्यक्तियों की अभिवृत्तियों के मापन, विभिन्न प्रकार के विज्ञापनों की तुलनात्मक प्रभावशीला, बाल्यकाल के अनुभवों का प्रौढ़ व्यक्तियों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों आदि के अध्ययन से रहता है। प्रायः ऐसे ऑकड़ों का स्वरूप वर्गित संख्याओं अथवा वर्गित आवृत्तियों में ही रहता है जोकि प्रतिचयन जैसे ऑकड़ों से भिन्न होता है। ऐसे ऑकड़ों में मध्यमान से विचलन की सार्थकता की जॉच किसी एक विशेश उपधारण के आधार पर की जाती है। यहाँ पर यह उपधारणा प्रायः संयोग ही होती है। परन्तु इसके अतिरिक्त इसका कोई आधार प्रसामान्य वितरण या कोई दूसरा सिद्धान्त या अनुपात भी हो सकता है परन्तु यहाँ पर सार्थकता की कसौटी के आधार पर जनसंख्या के किसी एक प्राचल के

बारे में आंकलन नही लगाया जाता है। इसी कारण से इस प्रकार के ऑकड़ों को अप्राचल सांख्यिकी कहा जाता है।

अप्राचल आँकड़ों की एक विशेशता यह भी होती है कि ऐसे आँकड़ों की संख्या अपेक्षाकृत बहुत कम होती है प्रायः ऐसे आकड़ों की संख्या 30 से कम ही होती है ऐसे ऑकड़ों का आधार न तो सयोगिक प्रतिचयन होता है और ना ही प्रसामान्य वितरण। अप्राचल ऑकड़ों का स्वरूप प्रायः पर्याप्त मात्रा में विशम होता है। ऐसे आँकड़ों में प्रायः धनात्मक विशमता या ऋणात्मक विशमता अव य रहती है। प्रायः ऐसे आकड़ों का सम्बन्ध समश्टि के प्राचल से भी नही होता है। प्रसामान्यता अथवा प्रसामान्य वितरण के नियम भी इस विधि द्वारा प्राप्त निश्कर्शो पर लागू नही होते है।

अप्राचल सांख्यिकी को वितरण मुक्त सांख्यिकी कहने का अर्थ यह नही है कि इसकी कोई पूर्व कल्पना या उपधारणा या शर्त नही होती है। अप्राचल सांख्यिकी भी अपने संख्यात्मक ऑकड़ों के बारे में कुछ पूर्वकल्पना करती है। जैसे – प्रेक्षण निश्पक्ष एवं स्वतन्त्र हो, चर जिनका अध्ययन किया जा रहा हो उसमें निरन्तरता हो तथा ऑकडें क्रमसूचक मापनी (Classificatory Scale) या नामित मापनी (Ordinal Scale) पर प्राप्त हुए हों।

अप्राचल सांख्यिकी के अर्न्तगत सार्थकता की जॉच के लिए काई वर्ग परीक्षण मध्यांक परीक्षण, भाततमक, स्पीयरमैन कोटि अन्तर विधि, केण्डाल कोटि अन्तर विधि, मान–विटनी यू परीक्षण, चिन्ह परीक्षण, चिन्ह क्रम अन्तर विधि, सयुक्त क्रम अन्तर विधि आदि का उपयोग किया जाता है।

प्राचल सांख्यिकी तथा अप्राचल सांख्यिकी की तुलना :–

ब्रेडली (Brafley 1968) ने अप्राचल सांख्यिकी की तुलना प्राचल सांख्यिकी से निम्न प्रकार से की है।

1. **व्युत्पत्ति की सरलता** (Simplicily of derivation) :– अप्राचल सांख्यिकी की व्युत्पत्ति के लिए गणित के क्षेत्र में एक विशेश स्तर की सक्षमता को आवश्यकता होती है परन्तु अधिकांश अप्राचल सांख्यिकी मात्र समोजी सुत्रों से आसानी से ज्ञात कर लिया जा सकता है। दूसरे शब्दों में प्राचल साख्यिकी की तुलना में अप्राचक सांख्यिकी की व्युत्पत्ति आसान है।
2. **अनुप्रयोग की सहजता** :– प्रायः अप्राचल सांख्यिकी में जिसे गाणितीय परिकलन की की आवश्यकता हेाती है, वे है श्रेणीकरण (Ranking), गिनती (Counting), जोड़ (addition) घटाव (substration), आदि। लेकिन प्राचल सांख्यिकी में इससे अधिक उच्च सतर के गणितीय परिकलन की आवश्यकता पड़ती है। अतः अप्राचल सांख्यिकी को प्राचलन सांख्यिकी की अपेक्षा व्यवहार में लाना अधिक आसान है।

3. **अनुप्रयोग की तीव्रता** (Speed of Application) :– जब प्रतिदर्श का आकार छोटा होता है तब ऐसी स्थिति में अप्राचल सांख्यिकी का व्यवहारिक उपयोग प्राचल सांख्यिकी की अपेक्षा अधिकी उपयुक्तता के साथ तेजी से किया जा सकता है।
4. **अनुप्रयोग का क्षेत्र** (Scope of application) :– अप्राचल सांख्यिकी की पूर्वकल्पनाएं या शर्ते प्राचल साख्यिकी की अपेक्ष्ज्ञा काफी कम सख्त होती है जिसके कोरण से इसका उपयोग भिन्न भिन्न प्रकार प्रतिदर्शो पर किया जा सकता है। जबकि प्राचल सांख्यिकी का उपयोग कुछ विशेश प्रतिदर्शी पर किया जा सकता हैं जो सामान्य वितरण पर आधरित होता है। अतः अप्राचल सांख्यिकी का क्षेत्र प्राचल की अपेक्षा अधिक बड़ा है।
5. **आपेक्षित के प्रकार** (Types of Measurement) :– अप्राचल सांख्यिकी के प्रयोग में अधिकतर क्रम सूचक ऑकड़े की आवश्कता होती है लेकिन कभी–कभी इसका प्रयोग नामित ऑकड़ों पर भी किया जा सकता है। जब कि प्राचल सांख्यिकी के प्रयोग में अन्तराल ऑकड़े या आनुपातिक ऑकड़ों की आवश्यकता होती है। सामान्यत क्रम सूचक ऑकड़े या नामित ऑकड़े जो क्रमशः क्रमसूचक मापनी तथा नामित मापनी से प्राप्त होता है। अन्तराल ऑकड़े या आनुपातिक ऑकड़े जो क्रमशः अन्तराल ऑकड़े या अनुपातिक आकॅडें जो क्रमशः अन्तराल मापनी तथा आनुपातिक मापनी से प्राप्त होते है की अपेक्षा अधिक सरलतजा से प्राप्त किये जा सकते हैं
6. **पूर्वकल्पनाओं को अतिक्रमण करने की सुप्रमाण्यता (Susceptibility to assumptions)** :– अप्राचल संख्यिकी की पूर्वकल्पनाएँ या उपधारणायें कम विस्तृत होती है। अतः किसी भी शोधकर्ता द्वारा अतिक्रमण करने की संभावना कम से कम होती है। इसके विपरीत प्राचल सांख्यिकी की बहुत अधिक पूर्वकलपनाएँ होती है ऐसी स्थिति में संभव है कि शोधकर्ता कभी–कभी पूर्व कल्पनाओं का अतिक्रमण कर देता है। ब्रेडली का यह कीमत है कि अप्राचल सांख्यिकी का स्वभाव ही कुछ ऐसा होता है कि इसमें हुए किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को आसानी से पकड़ा जा सकता है जब कि प्राचल सांख्यिकी में ऐसी बात नही है।
7. **प्रतिद र्श के आकार का प्रभाव (inference of sample size)** :– जब प्रतिद र्श का आकार 10 या उससे कम हो तब ऐसी परिस्थिति में अप्राचल सांख्यिकी का प्रयोग प्राचाल सांख्यिकी से अधिक आसान तथा तीव्र होता हैं। इस तरह की परिस्थति में प्राचल सांख्यिकी की पूर्वकल्पनाओं की अवहेलना स्वभाविक हो जाता है और तब ऐसी स्थिति में अप्राचल सांख्यिकी प्राचल सांख्यिकी की अपेक्षा अधिक उपयुक्त तथा लाभप्रद होता है।
8. **सांख्यिकी क्षमता (Statistical-efficiency)** :– व्यवहारिकता के हिसाब से अर्थात किसी भाोध या प्रयोग से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेशण

करने में लगे मानव प्रयास का ध्यान में रखते हुए यह कहा जा सकता है कि अप्राचल साख्यिंकी प्राचल साख्यिकी की अपेक्षा अधिक सुविधाप्रद है। सांख्यिकी क्षमता की गणितीय कसौटी के आधार पर यही कहाँ जा सकता है कि अप्राचल सांख्यिकी की पूर्वकल्पनाएँ भी संतुश्टि होने पर यह प्राचल सांख्यिकी की पूर्वकल्पानएँ की संतश्टि होने पर यह प्राचल सांख्यिकी की पूर्वकल्पनाएँ की संतुश्टि होने पर यह प्राचल सांख्यिकी से श्रेण्ठ होता है और ऐसी पस्थिति में यदि अप्राचल सांख्यिकी तथा प्राचल सांख्यिकी दोनो का प्रयोग किया जाता है तो अप्राचल सांख्यिकी की सांख्यिकी दोनो का प्रयोग किया जाता है तो अप्राचल की क्षमता से कही अधिक होता है परन्तु जब प्रतिद ा की सख्या बड़ा होता है तब ऐसी परिस्थिति में प्राचल सांख्यिकी की सांख्यिकी क्षमता अप्राचल सांख्यिकी से हमे ा अधिक होती है।

12.6 टी–परीक्षण

टी–अनुपात की व्याख्या सबसे पहले डब्लू0एम0 गैसेट (W.M. Gosset) ने 'स्टूडेन्ट' (Student) नामक उपनाम (Pen name) के साथ सन् 1908 में किया। इसी कारण से टी–परीक्षण को 'स्टूडेन्ट टी' नामक उपनाम के नाम से जाना जाता है। इस प्रकार के परीक्षण का उपयोग छोटे आकड़ो के लिए ही उपयुर्कत रहता है। प्रायः विद्यार्थी ही अपने प्रतिदिन के प्रयोगो और परीक्षणों में ऐसे छोटे आकड़ो का प्रयोग करते है, और प्रायः ऐसे परीक्षण का सम्बन्ध विद्यार्थी (student) से ही रहता है, इसी कारण से इसे विद्यार्थी का परीक्षण भी कहाँ जाता है।

सामान्यतः 't' परीक्षण दो माध्यों के बीच के अन्तर की सार्थकता की जाँच करने का एक महत्तवपूर्ण प्राचलिक सांख्यिकी है लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि इसका प्रयोग सिर्फ माध्यों के अन्तर की सार्थकता की जाँच करने में किया जाता है। वास्तविकता तो यह है कि इसका प्रयोग अन्य सांख्यिकीय विधियों जैसे– पियरसन आर (Peroson r), Point-biserial r, कोटि अन्तर सह संबन्ध (rank-difference method) आदि की सार्थकता की जाँच करने में भी किया जाता है।

क्रान्तिक अनुपात परीक्षण तथा टी–परीक्षण में अन्तर–

- क्रान्तिक अनुपात परीक्षण का उपयोग प्रायः दो बड़े समूहो के मध्यमानों के अन्तर की सार्थकता की जाँच के लिए किया जाता है, जब कि टी–परीक्षण का उपयोग दो छोटे समूहों के मध्यमानों के अन्तर को सार्थकता की जाँच के लिए किया जाता है।
- क्रान्तिक अनुपात के मूल्य की सार्थकता की जाँच स्वतन्त्रता के अंशों पर ज्ञात करना प्रायः इतना आवश्यक नहीं होता, परन्तु टी–परीक्षण के मान (Value) की सार्थकता की जाँच सम्बन्धित स्वतन्त्रा के अंशों पर ही किया जाता है। जब स्वतन्त्रता के अंशों की संख्या 30 से कम होती है,

तब ऐसी स्थिति में ऐसा करना आवश्यक होता है, परन्तु जब यह संख्या 10 या 10 से भी कम होती है, तब ऐसा करना और भी आवश्यक होता है। लेकिन क्रान्तिक अनुपात की विवेचना के लिए ऐसा करना आवश्यक नहीं होताहै, क्योंकि क्रान्तिक अनुपात के मूल्य की गणना प्रायः बड़े समूहो में ही की जाती है, जिनकी संख्या (N) अधिक होने के कारण विभिन्न स्वतन्त्रा के अंशों के लिए क्रान्तिक अनुपात के मान प्रायः एक से ही रहते है, परन्तु छोटे प्रतिदर्शो में विभिन्न स्वतन्त्रता के अंशों पर सार्थकता के लिए टी–मान (t-value) अलग–अलग होते है।

- क्रान्तिक अनुपात मान [C.R. Value] के लिए या फिर SEm की गणना में सम्बन्धित प्रतिदर्शो की संख्या में से एक–एक की संख्या घटाना इतना आवश्यक नहीं होता है, परन्तु टी–मान की गणना में ऐसा करना बहुत आवश्यक होता है। इसका मुख्य कारण यह है कि क्रान्तिक अनुपात की गणना बड़े प्रतिदर्शो में की जाती है, और वहाँ पर S.D. या SEm की गणना में 1 की संख्या घटाने से S.D. या SEm को मान पर प्रायः कोई प्रभाव नहीं पड़ता है जबकि छोटे प्रतिदर्शो में संख्या कम होती है इस कारण से 1 की संख्या घटाने या न घटाने पर इसका S.D. के मान पर प्रभाव पड़ता है।
- टी–परीक्षण द्वारा t-value की गणना C-R की गणना से आपेक्षाकृत बहुत सरल होता है।
- विभिन्न स्वतन्त्रा के अंशों पर टी के मान भिन्न–भिन्न होते है लेकिन क्रान्तिक अनुपात के मान विभिनन d.f. पर प्रायः स्थायी से ही रहता है।

टी–परीक्षण की गणना–

टी–मान (t-value) ज्ञात करने के लिए निम्न सूत्रों का उपयोग करते है–

टी–मान ज्ञात करने में उपरोक्त तीनों प्रकार के सूत्रों का प्रयोग किया जाता है, परन्तु उपरोक्त तीनों सूत्रों में से तीसरा सूत्र सबसे अधिक सरल और सुविधाजनक होता है।

- $$t = \frac{Md}{\sqrt{\left(\frac{\Sigma d_1^2 + \Sigma d_2^2}{N_1 + N_2 - 2}\right)\left(\frac{N_1 + N_2}{N_1 N_2}\right)}}$$
- $$t = \frac{Md}{\sqrt{\left(\frac{SS_1 + SS_2}{N_1 + N_2 - 2}\right)\left(\frac{N_1 + N_2}{N_1 N_2}\right)}}$$
- $$t = \frac{Md}{\sqrt{\frac{\Sigma X_1^2 / N_1 - (M_2)^2}{N_1 - 1} + \frac{(\Sigma X_2^2 / N_2) - (M_2)^2}{N_2 - 1}}}$$

t-मान (t-Value) की गणना के पहले सूत्र की व्याख्याः

$$t = \frac{M_1 - M_2}{\sqrt{\left(\frac{\Sigma d_1^2 + \Sigma d_2^2}{N_1 + N_2 - 2}\right)\left(\frac{N_1 + N_2}{N_1 N_2}\right)}}$$

जबकि:

M_1 = पहले प्रतिदर्श का माध्य

M_2 = दूसरे प्रतिदर्श का माध्य

Σd_1^2 = पहले प्रतिदर्श के प्राप्तांकों के अपने मध्यमान से विचलनों के वर्गो (Squares) का योग।

M_d = M_1 तथा M_2 का अन्तर

Σd_2^2 = दूसरे प्रतिदर्श के प्राप्तांकों के अपने मध्यमान से विचलनों के वर्गो (Squares) का योग

N_1 = पहले प्रतिदर्श की संख्या

N_1 = दूसरे प्रतिदर्श की संख्या

यहाँ $\sqrt{\Sigma d_2^2 + \Sigma d_2^2 / N_1+N_2-2}$ सूत्र द्वारा दोनों प्रतिदर्शो (समूहों) का संयुक्त मानक विचलन (Combined S.D.) ज्ञात किया गया है, तथा यहाँ SE_d का सूत्र है:

$\sigma_{d = S.D.\ comb.} \sqrt{N_1+N_2 / N_1N_2}$

उदाहरण 4–

तात्कालिक स्मृति (Immediate Memory) का एक परीक्षण एक कक्षा के 10 लड़कों व 10 लड़कियों को दिया गया। उनके परिणाम नीचे दिये गये है।

लड़कों की तात्कालिक स्मृति का विस्तार	7	5	6	5	6	6	7	9	8	6
लड़कियों की तात्कालिक स्मृति का विस्तार	7	6	5	8	9	8	8	9	6	9

यहाँ अध्ययनकर्त्ता ने निराकरणीय परिकल्पना (Null Hypothesis) की रचना की है। बताइये क्या अध्ययनकर्त्ता की परिकल्पना यहाँ सत्य है?

हल–

